## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़

### शुद्धि पत्र

नगर परिषद्, रामगढ़ कार्यालय द्वारा निकाले गए निविदा संख्या NIT/RGH/NP/07/2022-23 (Urgent-Re-Tender) Date 19-01-2023 जिसका PR No. 287782 District(22-23) D Ramgarh का ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की गई है। अपरिहार्य कारणों से वेबसाईट पर आपलोड किया गया दस्तावेज की मुल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि 11.03.2023 अपराह्न 04:00 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 13.03.2023, को 12:00 बजे से निर्धारित किया जाता है ।

नोट :– पूर्व में निकाले गए निविदा के नियम एवं शर्तें यथावत् रहेगी।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 288193 District(22-23)#D



## Jharkhand Rail Infrastructure Development Corporation Limited
(A JV of Government of Jharkhand & Ministry of Railways)

### NOTICE INVITING TENDERS

NIT No.: JRIDCL/Hazaribagh-Chatra/2023/01 Date :24.01.2023

| | |
|---|---|
| Name of Work | Consultancy Services for Traffic, Route and Financial Feasibility Study for Rail connectivity of the District Headquarter of Chatra from Hazaribagh Road in the State of Jharkhand. |
| Completion Period | 16 weeks |
| Bid Processing Fee | ₹ 10,000/- (Non refundable) |
| Bid Security | ₹ 50,000/- |
| Bid submission date | 13th March 2023 up to 12:00 Hrs. |
| Bid opening date | 13th March 2023 at 15:00 Hrs. |
| Bid Document will be available for download at www.jridcl.org.in from date | 13th February 2023 |
| Tendering System | Single stage Two packets system |

Note : For further details please visit the website www.jridcl.org.in

Sd/-
Director (P&P) JRIDCL

PR 288267 Transport(22-23)#D



Tender ref. No,: Dated:- __/__/2023

## District Collectorate
## District Supply Office, Kodarma, Jharkhand

INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING ) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF KODARMA DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 27.01.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Kodarma, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Kodarma Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Kodarma,Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 27.01.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 20.02.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 21.02.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | 02.02.2023 (https://meet.google.com/pix-qfhe-ant) 1:30 to 2:30 |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://koderma.nic.in&https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://koderma.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

District Supply Officer
Kodarma

PR.NO.288262 Food Public Distribution and Consumer Affairs(22-23):D


### सरकार की योजनाओं से जुड़कर सशक्त और स्वावलंबी बनने का आह्वान

# राज्य वासियों की मदद से झारखंड को विकसित प्रदेश बनायेंगे : हेमंत सोरेन

### झारखंड के नवनिर्माण में पूरी ताकत के साथ लगी है सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची/चाईबासा।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड वीरों, शहीदों और आंदोलनकारियों की धरती रही है। श्री सोरेन चाइबासा में मंगलवार को कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उलगुलान से लेकर झारखंड अलग राज्य के संघर्ष में यहां के अनेकों लोगों ने अपनी कुबार्नी दी। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहां सभी को पूरे मानं सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दे सकें। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायतों में शिविर लगाकर आपको विभिन्न योजनाओं का लाभ देने का काम किया जा रहा है। यह सिलसिला आगे भी लगातार जारी रहेगा। हमारा प्रयास हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि राज्य वासियों की जरूरतों और उम्मीदों के अनुरूप सरकारी योजनाएं बनाकर उसे लागू कर रहे हैं। सरकार की हर योजना अपने आप में खास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत कई योजनाएं हैं।

**बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने का प्रयास :** सीएम ने कहा कि राज्य के बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने पर सरकार का विशेष जोर है। इस सिलसिले में एक ओर स्कूली बच्चों की छात्रवृत्ति राशि में बढ़ोतरी की गई है तो दूसरी तरफ विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार विद्यार्थियों को शत प्रतिशत आर्थिक सहयोग कर रही है। इतना ही नहीं, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी और इंजीनियरिंग मेडिकलए लॉ आदि की पढ़ाई के लिए भी विद्यार्थियों को सरकार की ओर से आर्थिक मदद की जा रही है। राज्य में मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं। जहां बच्चों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर शिक्षा दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य वासियों और पदाधिकारियों के सहयोग से झारखंड को विकसित राज्य बनायेंगे। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि वे यहां के लोगों की भावनाओं के अनुकूल कार्य करें और विकास की गति तेज करने में जिम्मेदारी निभाएं।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल, मंत्री जोबा मांझी, विधायक दीपक बिरुआ, विधायक निरल पूर्ति,विधायक सुखराम उरांव, विधायक दशरथ गहराई, उपायुकत अनन्य मित्तल, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## आजसू जीतेगा रामगढ़ उपचुनाव : देव शरण

**रांची।** आजसू के प्रदेश कार्यालय में नव निर्मित महिला कमेटी का गठन किया गया। मौके पर आजसू महिला विंग की नव नियुक्त महिला पदाधिकारी को देव शरण भगत ने शपथ दिलायी। देव शरण भगत ने कहा कि महिलाओं को मजबूती के साथ संगठन में जोड़ने की कोशिश आजसू कर रहा है। इस दौरान नव नियुक्त महिलाओं को संगठन मजबूती के गुण भी बताया गया। देव शरण भगत ने कहा कि आजसू शुरू से झारखंड के मुद्दों को लेकर मुखर रहता है। आजसू शुरू से महिलाओं को साथ लेकर चलती है। बिना महिलाओं की भागीदारी के विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। हर दिन कई घटनाएं बढ़ रही है। हम जब सरकार में थे तब महिला निडर हो कर निकल रही थी। वहीं रामगढ़ में हो रहे उपचुनाव पर कहा कि रामगढ़ में तीन सालों में विकास की गति रुक गयी है। अब रामगढ़ के लोग बदलाव की मांग कर रहे है। उपचुनाव लूट खसोट से छुटकारा मिलेगा। रामगढ़ में रिकॉर्ड वोट से आजसू जीत रही है। ऐसा ही 2024 के चुनाव में भी दिखेगा।

### झारखंड बचाओ संकल्प के साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# राज्य की सभी 14 लोस सीट जीत कर पीएम की झोली में दें : दीपक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और प्रयास से गांव की सरकार बनाने में सफलता मिली है। श्री प्रकाश मंगलवार को देवघर में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश कार्य समिति की बैठक के समापन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 14 महीने बचे हैं। हमें 14 लोकसभा सीट जीत कर पीएम की झोली में देना है। उन्होंने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से भारत की ओर कोई टेढ़ी आंख नहीं कर पाता है।

उन्होंने राज्य सरकार पर हमला करते गए कहा कि भ्रष्टाचार से मुक्ति अगर कोई दल दिला सकती है, तो है भाजपा। उन्होंने कहा कि राज्य के गरीबों तक अंत्योदय की योजना को पहुंचायें। लोगों को जहां कहीं भी कोई समस्या हो वहां पर भाजपा के कार्यकर्ता उनके साथ खड़े रहें।

कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार की नाकामियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार बनाने के पहले एवं बाद में भी अपने द्वारा किये गये वादों को पूरा नहीं कर पायी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार ने सदन में घोषणा की थी कि युवाओं को 5 लाख नौकरी देने, बेरोजगारों को 5 हजार और 7 हजार बेरोजगारी भत्ता देने, 2 लाख किसानों की लोन माफ, मुफ्त में बिजली, प्रधानमंत्री आवास के निर्माण में अलग से एक कमरा देने का वादा, 25 करोड़ तक का टेंडर स्थानीय लोगों को देने का वादा, गरीबों को पेट्रोल में 250 रुपये तक कि अनुदान, धान की क्रय समर्थन मूल्य 2300 से लेकर 2700 तक करने का वादा किया था, उसे पूरा करने में फेल साबित हुई है। उन्होंने 1932 और ओबोसी का आरक्षण की बात करते हुए कहा कि इसे लागू करना राज्य सरकार की अधिकार क्षेत्र में था लेकिन राज्य सरकार अपनी अकर्मण्यता के कारण इसे केंद्र सरकार के पाले में गेंद को डाल दी। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार इसे लागू ही नहीं करना चाहती है।

भाजपा की दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक आठ सत्र में सम्पन्न हुई। दो दिनों तक चली इस कार्यसमिति की बैठक के पहला सत्र उदघाटन सत्र रहा। द्वितीय सत्र में राजनीतिक प्रस्ताव रखा गया। तृतीय सत्र में कई विषय पर चर्चा की गई। डाटा प्रबंधन विषय पर जीतू चरण राम ने विस्तार पूर्वक डाटा प्रबंधन एवं उपयोग के बारे में बताया। सोशल मीडिया का राजनीति के क्षेत्र में प्रभाव विषय पर प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने अपनी बात रखते हुए कहा कि भारत मे सोशल मीडिया अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लोक सभा प्रवास योजना के विषय पर पार्टी के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने अपनी बातें रखी।

## मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता की ओर भारत अग्रसर : अन्नपूर्णा देवी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत बदल रहा है। वह मंगलवार को देवघर में आयोजित प्रदेश कार्य समिति के समापन पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। भारत नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने संगठनात्मक विस्तार विषय पर बोलते हुए संगठन को कैसे मजबूत और विस्तार करे इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने बूथ कमिटी, पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति का गठन समय पर करने का निर्देश दिया।

प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष किसलय तिवारी ने प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर बॉर्डर विलेज प्रवास कार्यक्रम किया गया। किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि संगठन को गांव तक ले जाने के लिए जैविक कृषि के लिए 2600 गांव का चयन किसान मोर्चा करेगी। ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरजीत यादव ने कहा बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन कर समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को पार्टी के साथ जोड़ेगी। ओबीसी आरक्षण को लेकर मोर्चा समाजिक सम्मेलन का आयोजन करेगी।

जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि आने वाले समय में माटी, बेटी और रोटी बचाओ को लेकर अभियान चलाया जायेगा। अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मोर्चा बस्ती सम्पर्क योजना को आगे भी जारी रखेगी।

महिला मोर्चा की अध्यक्षा आरती कुजूर ने कहा कि आज झारखंड के एक आदिवासी मुख्यमंत्री के सरकार में सबसे ज्यादा अत्याचार, शोषण और दुष्कर्म आदिवासी महिलाओं के साथ हो रहा है। अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनवर हयात ने कहा कि मोदी जी के द्वारा दी जा रही पसमांदा मुसलमानों की योजना के बारे में जानकारी देने के लिए चार दिवसीय संथाल परगना प्रवास करेगा।


## कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
## झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा

Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

ज्ञापांक ............... दिनांक ......................

### अति-अल्पकालीन बन्दोबस्ती आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 05.02.2023 से 04.02.2024 तक के लिए झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित सैरात की बन्दोबस्ती हेतु आम डाक की तिथि निम्नवत् निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 | सैरात का नाम | डाक का स्थान | डाक की तिथि एवं समय | सुरक्षित जमा राशि (रू0 में) | सुरक्षित जमानत राशि का 10 प्रतिशत् | आवेदन प्रपत्र का शुल्क (रू0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वीर कुंवर सिंह चौक की ओर फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग की बन्दोबस्ती | कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद | 01.02.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से (अपरिहार्य कारणवश स्थगित होने पर अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर) | 514650.00 | 51465.00 | 1000.00 | – |

निविदा की शर्त विभागीय वेबसाईट www.udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

आवेदन प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक– 30.01.2023 तक (अपराह्न 12:15 बजे तक) कार्यालय अवधि में निर्धारित आवेदन प्रपत्र शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र (सुरक्षित जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, जो कार्यपालक पदाधिकारी झुमरी तिलैया नगर परिषद के नाम से देय होगा, के साथ) भरकर एक बंद लिफाफे में दिनांक 31.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा किया जायेगा। तय समयावधि के उपरांत समर्पित किये जा रहे आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। बिना कारण बताये डाक को स्थगित/रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को रहेगा।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 288298 (Urban Development) 22-23 (D)



## झारखण्ड सरकार
## लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, दूरभाष सं.. 06546–298028, 263408, e-mail- prisonhzb@gmail.com, cj-hzbag@jharkhandmail.gov.in

### ई0-निविदा सूचना

1. कारा का नाम– **लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग**
2. विषय– **वित्तीय वर्ष 2023–24 में कारा में आपूर्ति हेतु प्रमुख खाद्यान्नों, मसालों एवं अन्य विविध सामग्रियों (निर्माणशाला सहित) के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण।**
   (वार्षिक निविदा दिनांक– 01.04.2023 से 31.03.2024 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non-refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **अधीक्षक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है–
   (i) 10.00 लाख रूपये तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ) रूपये मात्र।
   (ii) 10.00 से 50.00 लाख रूपये तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – 5,000.00 (पाँच हजार) रूपये मात्र।
   (iii) 50.00 लाख रूपये से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–10,000.00 (दस हजार) रूपये मात्र।

4- **Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि**– 06.02.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 13.02.2023 के अपराह्न 4:00 बजे तक।

5- **Website पर निविदा upload करने की तिथि**– 06.02.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 13.02.2023 के अपराह्न 4:00 बजे तक।

6- **Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample)** दिनांक– 14.02.2023 एवं 15.02.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यावधि में कार्यालय में जमा करना होगा।

7. **निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान**– 16.02.2023 को पूर्वाह्न 12:00 बजे अधीक्षक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग के कार्यालय में।

8. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/ स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।

9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752, 9546188599 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
लोकनायक जयप्रकाश नारायण
केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग।

PR 288219 (Prison) 22-23 (D)



Affiliated to NCTE & JAC Under Nilamber Pitamber University

## Jyoti Prakash Mahila B.Ed College

Chianki Medininagar, Palamau, Jharkhand
Website :- www.jpmbedcollegedaltonganj.com
Email ID :- jyotiprakashmahilabedcollege@gmail.com

### RECRUITMENT

Application are invited from eligible candidates for the appointment against the following post for B.Ed .

1. **Perspective in Education in Foundation or Course (Post-2)**
   **Qulification**
   (i) Postgraduate degree in Social Science with minimum 55% marks; and
   (II) M.Ed degree from a recognized university with minimum 55% marks
   OR
   (I) Postgraduate (M.A) degree in Education with minimum 55 % marks; and
   (ii) B.Ed / B.El.Ed degree with minimum 55% marks
   (iv) NET or Ph.D Degree in education with subject specialization
2. **Curriculum& Pedagogic (Post-4)**
   Subject:- Science , Mathematics , Language
   **Qualification**
   (i) M.Sc in Science with 55 % marks
   (ii) M.Sc in Mathematics With 55 % marks
   (iii) M.A in Language With 55 % marks
   (iv) M.Ed with 55 % marks.
   (v) NET or Ph.D Degree in education with subject specialization
3. **Performing art (Post-01)**
   **Qualification**
   Poat graduate Degree in Music/Dance/Theater art with minimum 55% marks.

**Administrative & Professional**

4. **Lab Assistant**
   **(BCA with 55% marks) Post - 01**

Terms & Conditions:-
(i) The appointment shall be made on basics of recommendation of selection committee constituted as per the guideline of the affiliating University
(ii) Reservation for ST/SC/OBC as per norms will be maintained.
(iii) No Separate T.A/D.A will be admissible.
(iv) Salary as per State Government Norms.

**Eligible candidates may submit their resume with self attested photocopies of certificates to the college address or mail in favour of principal.**
**Address :- Jyoti prakash mahila B.Ed college**
**Near homegaurd training center, Chianki 822102, Medininagar, Palamu, Jharkhand .**
**Last date :- 4/02/2023**


### खबर एक नजर में

## बरहरवा टोल प्लाजा टेंडर मामले में हाइकोर्ट में अब सुनवाई 4 सप्ताह बाद

**रांची।** साहिबगंज के बरहरवा टोल प्लाजा टेंडर मामले में बरहरवा थाने में दर्ज मामले की 24 घंटे में क्लीन चिट देने के मामले की सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली याचिका पर सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले की सुनवाई 4 सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से ईडी को प्रतिवादी बनाने के हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक लगाने संबंधित आदेश के प्रति को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। इस पर प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई पर रोक नहीं लगाई है। वहीं राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में सुनवाई स्थगित करने का आग्रह किया गया।

## निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी, अब 15 फरवरी को सुनवाई



**रांची।** मधुपुर उपचुनाव वर्ष 2021 के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज 5 प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। कोर्ट ने इन सभी मामलों में निशिकांत के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के समय लिया गया था, लेकिन मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए 15 फरवरी की तिथि सुनवाई के लिए निर्धारित की।

## पूर्व भूमि सुधार उप समाहर्ता गोड्डा लखी राम बास्को दोबारा निलंबित, अधिसूचना जारी

**रांची।** राज्य सरकार ने गोड्डा के तत्कालीन भूमि सुधार उप समाहर्ता व झाप्रसे कैडर के अधिकारी लखी राम बास्को को दोबारा निलंबित कर दिया है। उनके उपर गोड्डा के सुंदरनगर थाना में फजीर्वाड़ा और गड़बड़ियों को लेकर 2017 में ही प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद उन्हें न्यायकि हिरासत में भेजा गया था। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर उन्हें घाधीडीह केंद्रीय कारागार में रखा गया था। पूरे मामले की रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार ने 18 जुलाई 2022 के प्रभाव से उन्हें निलंबित किया था। निलंबन अवधि समाप्त होने और जेल से बाहर निकलने के बाद उन्होंने कार्मिक विभाग में 12 दिसंबर 2022 को योगदान दिया था। पूरे मामले की समीक्षा के बाद राज्य सरकार ने जांच प्रकिया पूरी होने तक पुनः उन्हें 12 दिसंबर 2022 की तिथि से ही निलंबित करने का फैसला लिया है। निलंबन अवधि में बास्के का मुख्यालय प्रमंडलीय आयुक्त रांची कार्यालय रखा गया है वहां हाजिरी देंगे। इस दौरान जीवन निर्वाह भत्ता उन्हें दिया जायेगा। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है।

सुप्रभात

रांची, बुधवार

25.01.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 193



12 न्यूज़ीलैंड को क्लीन स्वीप कर वनडे में नंबर वन बना भारत




## न्यूज डायरी

### चाईबासा में ब्लास्ट एक ग्रामीण घायल

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान एक बार फिर से आईईडी ब्लास्ट हुआ है। इस ब्लास्ट में एक 18 साल का ग्रामीण घायल हो गया है जिसका नाम माटा अंगड़िया बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सुबह से ही पुलिस जवान कटम्बा और आराहसा में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं. इसी दौरान पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश से नक्सलियों के द्वारा बिछाए गए आईईडी विस्फोट हो गया, जिसमे एक ग्रामीण घायल हो गया।

### सेना पर हमें पूरा भरोसा है : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की ओर से दिए गए बयान से किनारा करते हुए मंगलवार को कहा कि यह उनका (दिग्विजय सिंह) का निजी बयान है और ह्यहमें सेना पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि वह दिग्विजय सिंह के बयान से सहमत नहीं हैं। सेना को लेकर दिया गया बयान उनकी निजी राय है। सेना के शौर्य पर कोई प्रश्नचिह्न नहीं है। भारतीय सेना पर हमें पूरा भरोसा है।

### देवघर में भाजपा नें बनायी भविष्य की रणनीति

**देवघर।** यहां आयोजित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक खत्म हो गयी। इसमें आगामी रणनीति पर मंथन हुआ। बैठक के बाद दीपक प्रकाश ने कहा कि पार्टी नेताओं को कई टास्क दिये गये हैं। सभी नेता और कार्यकर्ताओं को 2024 के चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया गया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

काम को चुनौती मानें, तभी बेहतर नतीजे मिलेंगे : सीएम

# युवाओं को रोजगार से जोड़ें ताकि वे भटकें नहीं

- ग्रामीणों के साथ मिल कर कार्य करें अधिकारी
- जरूरतमंदों को आगे बढ़ाने में लगी है सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाइबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि नौजवानों को रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ने में वे अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से निभायें, ताकि झारखंड के युवा भटकाव रास्ते पर ना जायें। इसके साथ ही इन इलाकों में बेहतर पुलिसिंग और स्वास्थ सुविधाओं को मजबूत करें। मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर लगाम लगायें और ऐसे मामलों में लिप्त तस्करों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। खतियानी जोहार यात्रा के क्रम में चाईबासा पहुंचे सीएम मंगलवार को चाईबासा में पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिले में संचालित विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। सीएम ने कहा कि राज्य के हर जिले में कम से कम 10 से 15 हजार कर्मी हैं। आप में दक्षता की कोई कमी नहीं है। झारखंड के भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति से भी भलीभांति वाकिफ हैं। अगर आप अपनी जिम्मेदारियों को चुनौती के रूप में स्वीकार कर कार्य करेंगे तो निश्चित तौर पर बेहतर नतीजे आयेंगे। सरकार का लक्ष्य समाज के कमजोर, वंचित, गरीब और जरूरतमंद को आगे बढ़ाना है।

(शेष पेज 11 पर)



**फरियादियों से मिले मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को चाईबासा परिसदन में फरियादियों से मुलाकात की। सीएम ने उनकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता से सुना और समझा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को फरियादियों की समस्यों के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिये।

### रच दिया इतिहास! 'नाटू नाटू' की ऑस्कर में इंट्री

**नयी दिल्ली।** फिल्मकार राजामौली की आरआरआर ने मंगलवार को फिल्म के गाने नाटू नाटू' के साथ सर्वश्रेष्ठ मूल गीत श्रेणी में ऑस्कर नामांकन हासिल करके इतिहास रच दिया। इस श्रेणी में फिल्म को टेल इट लाइक अ वुमन'' से अपलॉज', टॉप गनः मेवरिक' से होल्ड माई हैंड', ह्यब्लैक पैंथरः वाकांडा फॉरएवर'' से लिफ्ट मी अप'' और एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स'' से दिस इज ए लाइफ' के साथ नामांकित किया गया है। फिल्म की आधिकारिक वेबसाइट के ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, हमने इतिहास रचा है। गर्व और खुशी हो रही है कि नाटू नाटू को एकेडमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत के लिए नामांकित किया गया है।

# भूकंप से दहला उत्तर भारत

## लखनऊ में ढही इमारत, पांच की मौत, उत्तराखंड में सर्वाधिक असर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भूकंप के तेज झटके से मंगलवार को पूरा उत्तर भारत दहल गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.8 मापी गयी है। नेपाल और उत्तराखंड में इस भूकंप के सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। वहीं लखनऊ से मिल रही खबरों के अनुसार वजीर हसनगंज रोड पर चार मंजिला एक इमारत ढह कई लोगों की मौत की खबर है। अबतक पांच शव निकाले जा चुके हैं। कम से कम 30-40 लोगों के अब भी दबे होने की आशंका है। इस हादसे के पीछे भूकंप के



झटकों को वजह माना जा रहा है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप दोपहर 2:28 बजे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से 148 किमी पूर्व में नेपाल के बाजुरा और हुमला के ताजकोट के हिमाली ग्राम परिषद की सीमा में भूकंप आया है, जिसका असर भारत के कई हिस्सों में देखा गया।

**लखनऊ : मलबे में 30-40 लोग दबे :** लखनऊ में मंगलवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहां वजीर हसनगंज रोड पर चार मंजिला एक इमारत ढह गयी। इस इमारत में 9 परिवार रहा करते थे। इस हादसे के बाद मलबे से अबतक पांच शव निकाले जा चुके हैं। कम से कम 30-40 लोगों के अब भी दबे होने की आशंका है। इस हादसे के पीछे भूकंप के झटकों को वजह माना जा रहा है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा और डीजीपी डीएस चौहान भूकंप के चलते बिल्डिंग गिरने की आशंका जतायी है। (शेष पेज 11 पर)

### हाइकोर्ट से बाबूलाल को झटका, याचिका खारिज

**रांची।** दल-बदल मामले में झारखंड हाईकोर्ट से भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी को झटका लगा है। मंगलवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए बाबूलाल मरांडी की याचिका को खारिज कर दिया है। पहले इस मामले की सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि बाबूलाल की याचिका सुनने योग्य नहीं है। अदालत ने कहा कि विधानसभा न्यायाधिकरण में हो रही सुनवाई के बीच में मामले को नहीं सुना जा सकता है। बाबूलाल मरांडी की ओर से वरीय अधिवक्ता बीपी सिंह, अभय मिश्रा और विनोद साहू ने पक्ष रखा। विधानसभा की तरफ से अधिवक्ता अनिल कुमार और दीपिका पांडे की तरफ से अधिवक्ता सुमित गड़ोडिया ने बहस की है।

### मुख्य अतिथि मिस्र के राष्ट्रपति दिल्ली पहुंचे

**नयी दिल्ली।** भारत के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह एल सिसी मंगलवार को यहां पहुंच गये। कर्त्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। पालम वायुसैनिक हवाईअड्डे पर मिस्र के राष्ट्रपति अपने विशेष विमान से करीब छह बजे उतरे। विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने उनकी अगवानी की। श्री एल सिसी की यह तीसरी भारत यात्रा है। वह पहली बार 2015 में भारत अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन में भाग लेने आये थे और इसके बाद सितंबर 2016 में वह द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर आये थे। श्री मोदी से उनकी यह तीसरी मुलाकात होगी। कल सुबह दस बजे राष्ट्रपति भवन में रस्मी स्वागत किया जायेगा।

गणतंत्र दिवस

# तैयारियां पूरी, झारखंड में हाइअलर्ट

## सीएम हेमंत दुमका और राज्यपाल मोराबादी में फहरायेंगे तिरंगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह को ले कर राजधानी रांची और उप राजधानी दुमका में सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। समारोह को ले कर पर सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट है। रांची के एतिहासक मोराबादी मैदान में मुख्य राजकीय समारोह में राज्यपाल रमेश बैस सुबह साढ़े आठ बजे तिरंगा फहरायेंगे और सलामी लेंगे। उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। दोनों स्थानों को



आकर्षक ढंग से सजाया संवारा गया है। समारोह को ले कर सोमवार को रांची और दुमका में डीसी और एसएसपी के नेतृत्व में फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया



है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। राज्य की सीमाओं को सील किया गया है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान में कोबरा, सीआरपीएफ, जगुआर, जैप, आईआरबी और जिला बल के जवानों को लगाया गया है। फुल ड्रेस रिर्हसल के दौरान गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को रियल टाइम बेसिस पर दुहराया गया। उपायुक्त ने एसएसपी परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट सलामी ली। कार्यक्रम स्थल का मुआयना कर तैयारियों का जायजा भी लिया गया। बेहतर व्यवस्था के लिए उचित और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। (शेष पेज 11 पर)



## आज का राशिफल 25-01-2023

मेष : आय भाव मे चंद्र शुक्र है। आय के कई द्वार खुलेंगे। पर गलत आय और शुख पर काबू रखें। नौकरी में पदोन्नति होगी। बेरोजगारी दूर होकर प्रसन्नता बनी रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। बाहरी सहयोग से कार्य होगा। नए कार्य की शुरुआत हो सकती है।

वृष : पिता से लाभ होगा। पर स्वयम के क्रोध और जुवान पर नियंत्रण रखें। शुभ ज्ञान प्राप्त होगा। पुराने भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। आत्मविश्वास बढ़ता है। व्यवसाय ठीक है। चिंता और तनाव रहेगा।

मिथुन : भाग्य का साथ मिलेगा। धर्म मे मन लगेगा। साथ ही लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अप्रत्याशित लाभ होगा बेरोजगारी दूर होगी। सक्रिय रहना होगा। परिवार की चिंता रहेगी।

कर्क : दिन की शुरुआत में रूखापन रहेगा। पर नया कार्य बनेगा और आय होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कार्य में बाधा होगी। धन और कीर्ति की हानि हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

सिंह : जीवनसाथी से विवाद हो सकता है। ब्यापर मे लाभ होगा। साथ ही जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। साथ ही पुरानी लेनदारी वसूल होगी। काम में मन लगेगा। वरिष्ठजनों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकुल रहेगी। फालतू बातों पर ध्यान न दें।

कन्या : उदर रोग और मानसिक तनाव से बचें। कार्य में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। बेरोजगारी दूर होगी। नेत्र व मस्तिष्क दर्द हो सकता है। व्यावसायिक कठिनाई दूर होगी। चिंता कम रहेगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

तुला : संतान के लिए समय शुभ नही है। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद को तूल न दें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। अपनों से सहयोग नहीं मिलेगा। चिंता रहेगी। विस्तार कार्यो में देरी हो सकती है। हिम्मत रखो। नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक है।

वृश्चिक : माता के स्वास्थय पर ध्यान दे। खुशी व सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट वछारी में सफलता हासिल होगी। परिवार में आनंदोत्सव हो सकता है। कुछ दिक्कतों के साथ लाभ में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा।

धनु : पराक्रम का लाभ मिलेगा। पर कोई चिंता रहेगी। उन्नति के प्रयास कोमल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। भूमि और भवन संबंधी बाधा दूर होगी। यात्रा, निवेश और नौकरी मनोनुकुल लाभ होगा।

मकर : पैतृक संपत्ति का बंटवारा हो तो टाल दें। अपने संबंधियों से लाभ होगा। कोर्ट वखरी के काम निबट करेंगे। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा से लाभ होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है।

कुंभ : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा अनुकाल रहेगी। बेचैनी रहेगी। अपनों से संबंध बिगड़ सकते हैं। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मीन : खर्च से मन खिन्न होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। नौकरी में काम का दबाव अधिक हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। परहित के काम करने का मौका मिल सकता है।

# रोजगार से जुड़े पाठ्यक्रम भी शामिल करें शिक्षण संस्थान : रमेश बैस

## साईंनाथ विवि के 8वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने 25 विद्यार्थियों को सौंपा मेडल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** साईंनाथ विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में मंगलवार को विभिन्न विषयों के 180 विद्यार्थियों को मेडल दिए गये। इनमें 60 गोल्ड, 60 रजत और 60 कांस्य पदक शामिल हैं। वहीं विश्वविद्यालय में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 25 विद्यार्थियों को राज्यपाल ने मेडल सौंपा। समारोह में विभिन्न विषयों के तीन बैच के 1200 विद्यार्थियों को डिग्री सौंपी गयी।

मौके पर चांसलर सह राज्यपाल रमेश बैस कहा कि शिक्षण संस्थान रोजगार से संबंधित पाठ्यक्रम भी शामिल करें और समय-समय पर औद्योगिक संस्थानों से सलाह लेते रहें। स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि हर आदमी का एक लक्ष्य होना बहुत जरूरी है। हर व्यक्ति को शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षा से ही मनुष्य का विकास होता है। जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षण संस्थानों को विद्यार्थियों के विकास की दिशा में ध्यान देना आवश्यक है। विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास होना चाहिए। इसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय और शिक्षकों का है। नई शिक्षा नीति को लागू करें। उन्होंने कहा यहां से डिग्री पाकर जा रहे विद्यार्थियों को ढेर सारी शुभकामनाएं। मुझे बताया गया कि इस विश्वविद्यालय से दो बच्चियों ने न्यायिक सेवा में क्वालिफाई किया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने कृषि के क्षेत्र में भी अपना योगदान दिया है।

**अवसर को उपलब्धियों में बदला जाये :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि उच्च शिक्षा के माध्यम से उच्च कोटि का व्यक्तित्व निर्माण करने में साईंनाथ विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रतिभा, संकल्प और परिश्रम का बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि तकनीक के बल पर लोगों की तरक्की का रास्ता खोजें। रोजगार व पलायन की समस्या को यहां उपलब्ध अपार संसाधनों के जरिए अवसर को उपलब्धियों में बदला जाए।

**विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए सदैव तत्पर :** साईंनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति सीपी अग्रवाल ने कहा कि हम विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए सदैव तत्पर हैं। हमारा प्रयास है कि हमारे विद्यार्थी समाज की समृद्धि और देश के विकास में योगदान कर सकें। विश्वविद्यालय की पूरी टीम की कोशिश है कि हमारे विद्यार्थी देश और दुनिया के जिस भी जगह रहें, अपने विवेक, ज्ञान, कौशल और शिक्षा से विश्वविद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रौशन करें। शिक्षा की यात्रा कभी समाप्त नहीं होती। मौके पर मुख्य रूप से डीएसपीएमयू के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य, झारखंड ओपन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ टीएन साहु, बीबीएमकेयू धनबाद के पूर्व कुलपति डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव और जैक अध्यक्ष डॉ एके महतो उपस्थित थे।

**...जब ठहाके से गूंज उठा हॉल :** राज्यपाल रमेश बैस ने अपने संबोधन में जब कहा कि- मंच पर उपस्थित बिना डिग्री के डॉक्टर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, तो कार्यक्रम स्थल ठहाके से गुंज उठा।

बताते चलें कि राज्यपाल के भाषण से पहले बन्ना गुप्ता ने अपने भाषण में कहा था कि विधानसभा अध्यक्ष बीएड किए हैं, शिक्षक बनने के लिए बीएड चाहिए, प्रोफेसर बनने के लिए एमएड चाहिए, लेकिन शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के लिए पढ़ा- लिखा होना जरूरी नहीं है।

### विद्यार्थियों में हमेशा सीखने की लालसा होनी चाहिए : विस अध्यक्ष

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि साईंनाथ विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के अंदर की क्षमता और उनके व्यक्तित्व विकास के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। ये उपलब्धियां कुशल नेतृत्व और शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मियों के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि आपके अंदर हमेशा सीखने की इच्छा और लालसा होनी चाहिए। अपने ज्ञान का उपयोग करते हुए अपने कर्मों से स्वयं के साथ-साथ समाज का भी नाम रौशन करें, क्योंकि यह आपका एक सामाजिक दायित्व है।

## ऊर्जा उत्पादन निगम ऑनलाइन ले रहा जीवन प्रमाण पत्र

**रांची।** ऊर्जा उत्पादन निगम ने रिटायर कर्मचारियों के लिए अधिसूचना जारी की है, जिसमें बताया गया है कि रिटायर कर्मचारियों की सारी सुविधाएं ऑनलाइन है। वहीं, पेंशनधारी अपनी सुविधा के अनुसार जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करने के लिए मोबाइल पर जीवन प्रमाण पत्र ऐप के माध्यम से या निकटतम प्रज्ञा केन्द्र से सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। पेंशनधारी अपने बैंकर से सम्पर्क कर ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र समर्पित कर सकते हैं। जीवन प्रमाण पत्र ऐप के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करने की अपील निगम की ओर से की गयी है। निगम ने बताया है कि एप के जरिये प्रमाण पत्र देने से पेंशनधारियों को सहूलियत होगी।

# कस्तूरबा विद्यालय कांके में लगाया गया लीगल लिट्रेसी क्लास

## कस्तूरबा विद्यालय ओरमांझी में भी हुआ आयोजन, पीएलवी ने बच्चियों को दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कांके एवं ओरमांझी में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के निर्देशानुसार पीएलवी द्वारा लीगल लिट्रेसी क्लास लिया गया। कक्षा में पीएलवी ने बच्चों को संविधान में वर्णित मूल अधिकार तथा मूल कर्त्तव्य के बारे में बताया। इस अवसर पर पीएलवी किरण कुमारी एवं शिला तिग्गा, राजेंद्र महतो, बबिता कुमारी, शारदा देवी, फुलेश्वरी देवी, संगीता देवी तथा स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थे।

संबोधित करते हुए डालसा पीएलवी ने बच्चों को मूल अधिकार व मूल कर्त्तव्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के खिलाफ अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार के बारे में विस्तार से चर्चा की। ज्ञात हो कि कांके प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कांके में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस मनाया गया। इस अवसर पीएलवी राजेंद्र महतो ने बच्चों को नेताजी की जीवनी और आजाद हिंद फौज की स्थापना कर आजादी की लड़ाई में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पीएलवी शारदा देवी, बबिता कुमारी, फुलेश्वरी देवी,मालती देवी और संगीता देवी ने भी बच्चों के अधिकार,बाल विवाह अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

इसके अलावा बच्चों को भारतीय संविधान का पालन करने उसकी आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान, भारत की एकता, प्रभुता और अखंडता की रक्षा करने व उसे बनाए रखने, देश की रक्षा और जरूरत पड़ने पर राष्ट्र की सेवा करने, भारत की सभी लोगों में समानता और बंधुत्व की भावना का निर्माण करने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण मानववाद, ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करने पर जोर दिया गया।

डालसा के पीएलवी किरण कुमारी एवं शिला तिग्गा के द्वारा कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, ओरमांझी में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, छात्रों ने पूरे जोश से रुचि दिखाई और प्रतियोगिता में भाग लिया। सरकार द्वारा चलायी जा रही लाभकारी योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने के तरीके, वृद्धा पेंशन, बाल विवाह, बाल श्रम, विधवा पेंशन के बारे बताते हुऐ बच्चों के बीच संबंधित पम्पलेट व लिफलेट का वितरण भी किया।

## खबर एक नजर में

### चार बच्चियों को फ्री कोचिंग देगा क्रॉस कोर्ट स्क्वैश



**रांची।** राजधानी रांची के फिरायालाल स्थित क्रॉस कोर्ट स्क्वैश में लीड्स रांची संस्था की बच्चियों के लिए स्क्वैश कैंप लगाया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर लगाये गये इस कैंप में कोच पुनित पारिक और कोच नीलेश पाल ने बच्चों को ट्रेनिंग दी। साथ ही, उन्हें फिटनेस को लेकर भी ट्रेनिंग दी गयी। इस दौरान क्रॉस कोर्ट की संचालिका श्वेता बुधिया ने कहा कि कैंप में सेलेक्टेड चार बच्चियों को फ्री में स्क्वैश की ट्रेनिंग दी जायेगी।

### कैपिटल डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन



**रांची।** वार्ड 49 स्थित डोरंडा के नीम चौक मणिटोला में मंगलवार को कैपिटल डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन वार्ड पार्षद श्रीमती जमीला खातून ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी रिजवान खान और सेंटर के ओनर तारीख खान भी उपस्थित थे। मौके पर पार्षद श्रीमती जमीला खातून ने बताया कि इस क्षेत्र में सेंटर खुलने से वार्ड 49 एवं आसपास के लोगों को जांच में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने सेंटर के ओनर को शुभकमनाएं भी दी। मौके पर रईस खान, नदीम अहमद, तौसीफ, जिया, शाहिद अख्तर, तारीक खान, मोहम्मद मुस्ताक, मुर्शीद आलम, मंजर हसन, शाहनवाज टेक्नीशियन भी उपस्थित थे।

### इनर व्हील क्लब ने बच्चों को दिये उपहार



**रांची।** बालिका बाल दिवस के अवसर पर मंगलवार को इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज की ओर से मिसिरगोंदा स्थित आंगनवाड़ी में छोटे छोटे बच्चों के बीच उपहार बांटे। इसमें कुछ खाने-पीने के सामान भी थे। बच्चों को क्लब की ओर से मौजे और पेंसिल आदि भी दिये गये। सदस्यों ने बच्चों के साथ आनंद में समय भी बिताये। इस दौरान आंगनवाड़ी की सेविकाओं और सहायिकाओ को भी सम्मानित किया गया। सभी कार्यक्रम क्लब की अध्यक्षता डॉ कविता तिवारी के नेतृत्व में किया गया। मौके पर क्लव की सचिव पिंकी पॉल, सविता सिंह, रानी सिंह, वीणा अग्रवाल, रश्मि खेतान, सुनीता सिंह आदि उपस्थिति थीं।

### डीएवी बरियातू में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु रांची में 74वें गणतंत्र दिवस के उत्सव में कक्षा एलकेजी से दो तक के लिए फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। इसमें छात्र - छात्राओं ने सैनिक, रानी लक्ष्मीबाई, मदर टेरेसा, वकील, खिलाड़ी, वैज्ञानिक आदि की वेशभूषा में स्वयं को प्रस्तुत किया। नर्सरी सेक्शन की शिक्षिकाओं ने इन विद्यार्थियों को उन चरित्रों के बारे में बोलने को प्रोत्साहित किया जिन परिधानों में वे तैयार हो कर आए थे। शिक्षिकाओं ने उन चरित्रों के बारे और राष्ट्र की गरिमा में उनके योगदान को बच्चों को प्रातः सभा में बताया। प्राचार्य विनय कुमार पांडेय ने कहा कि यह जो विद्यार्थी जिन परिधानों में आए, यह दशार्ता है कि वे उस चरित्र को पसंद करते हैं और उनके जैसा बनना चाहते हैं। चंद्रशेखर की वेशभूषा में स्वयं को सिर्फ धोती में स्टेज पर आना स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान है।

### सेल की रांची इकाइयों ने मनाया सेल दिवस



**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांची इकाइयों ने मंगलवार को इस्पात भवन, डोरंडा में सेल दिवस बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। कर्मचारियों और उनके परिवारों और पूर्व कर्मचारियों की भागीदारी विशेष रूप से रही, क्योंकि यह वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद का पहला उत्सव था। मौके पर जगदीश अरोड़ा, इडी (सीइटी), निर्विक बनर्जी, इडी (आरडीसीआइएस), संजीव कुमार, इडी (एचआरडी) और आशीष चक्रवर्ती, इडी (एसएसओ) भी उपस्थित थे।

### संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री अब्दुर्र रज्जाक अंसारी की जयंती मनायी गयी




**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बिहार सरकार में रहे पूर्व मंत्री अब्दुर्र रज्जाक अंसारी की 106वीं जयन्ती मंगलवार को कांग्रेस भवन, रांची में मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर व अन्य कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्व. अब्दुर्र रज्जाक अंसारी के व्यक्तित्व एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सरल एवं सादगी का प्रतीक बताया।

### प्रणामी ट्रस्ट ने जरूरतमंदों में अल्पाहार पैकेट बांटा



रांची। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सदस्यों ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मंगलवार के दिन हेहल के पहाड़ टोली के स्कूल में 250 से अधिक बच्चों, अभावग्रस्त, नि:शक्त महिला पुरुषों के बीच अल्पाहर के पैकेट वितरित किए गए। अल्पाहर के पैकेट में मिक्सचरपैकेट, बिस्किट, तिलकुट एवं क्रीम बन तथा भोजन सामग्री शामिल थे। अल्पाहार पैकेट वितरण का यह कार्य स्वामी सदानंद जी महाराज के कथन तुम सेवा से पाओगे पार, मानव जीवन का ये है सार के तहत किया गया।

### गोस्सनर कॉलेज में स्लोग्न लेखन प्रतियोगिता



**रांची।** गोस्सनर कॉलेज में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत हिंदी व अंग्रेजी भाषा में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारत, संविधान, देश प्रेम से संबंधित स्लोगन लेखन किया। निर्णायक मंडली के सदस्यों में हिन्दी भाषा में डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता, डॉ प्रशांत गौरव, प्रो महिमा गोल्डेन बिलुंग तथा अंग्रेजी भाषा में डॉ सुब्रतो कुमार सिन्हा, डॉ आरती शर्मा, प्रो मीना झा शामिल थे।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में बसंत उत्सव कल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर सहित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को कलियुग के देव खाटू नरेश का बसंत पंचमी पर विशेष पूजन व अनुष्ठान श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भव्य रूप से किया जायेगा। इस उत्सव को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी प्रतिदिन तैयारी को लेकर बैठक कर रहे हैं। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने मंगलवार को बताया कि श्री खाटू धाम स्थित श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार बसंत पंचमी उत्सव मनाया जायेगा। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खोले जायेंगे। प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती के बाद बाल भोग अर्पित करके मंदिर के गर्भ गृह के बंद कर दिये जायेंगे। इसके साथ ही बसंत पंचमी विशेष पूजन अनुष्ठान प्रारंभ हो जायेगा। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी के दिन मंदिर में सभी सेवाएं बसंती रंग में रंगी रहेगी। खाटू नरेश मंदिर में सभी देवी-देवताओं को स्नान कराकर बसंती नवीन पोशाक पहनाया जायेगा। इधर, श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष पर श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 34वां सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ हुआ।

### श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ का स्थापना दिवस 29 को

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर का 18 वा स्थापना दिवस रविवार 29 जनवरी धूमधाम से मनाया जायेगा। श्री श्याम मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में रविवार को प्रातः हरमू स्थित रांची गोशाला परिसर में श्री श्याम मंडल एवं श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा गोसेवा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

## पिछड़े वर्ग के मसीहा थे जननायक कर्पूरी ठाकुर : राजेश गुप्ता

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के पर उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के प>ात प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर देश के वैसे महान नेता थे, जो सादगी ईमानदारी के प्रतिमूर्ति थे। उनका अनुसरण करके ही हम देश और राज्य का कल्याण कर सकते हैं। जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों को योजना बद्ध तरीके से लागू करने से ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग करता है।

## मौलाना सैयद मूसवी रजा शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के महासचिव मनोनीत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के इस्लामिक स्कॉलर हजरत मौलाना सैयद मूसवी रजा को ऑल इंडिया शिया पर्सनल बोर्ड के केंद्रीय अध्यक्ष हजरत मौलाना सैयद साइम मेहदी और बोर्ड के केंद्रीय महासचिव हजरत मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास ने शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड राज्य का महासचिव मनोनित किया है। शिया पर्सनल लॉ बोर्ड हिंदुस्तान के 8 करोड़ शिया मुसलमानों की आवाज है। मौलाना सैयद मूसवी रजा ने कहा की बोर्ड ने जिस उम्मीद पर मुझे झारखंड राज्य का महासचिव बनाया है, उस पर पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करूंगा साथ ही पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करूंगा। मौलाना मूसवी ने आपसी एकता को वक्त की जरूरत बताते हुए कहा के शिया पर्सनल लॉ बोर्ड किसी एक इंसान की आवाज नहीं बल्कि भारत में बसने वाले 8 करोड़ शिया मुसलमानों की आवाज का नाम है। हम भारत सरकार और राज्य सरकार से यह अपील करते हैं कि हमारी आबादी के हिसाब से हर बोर्ड निगमों में हमारी हिस्सेदारी दी जाए।

## कैंब्रिज पॉलीटेक्निक के छह विद्यार्थियों का हुआ कैंपस सेलेक्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक अनगड़ा के 6 विद्यार्थियों का कैंपस आनंद ग्रुप ने किया है। इनका चयन वर्चुअल मोड में परीक्षा व साक्षात्कार के बाद हुआ। सभी चयनित विद्यार्थी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के हैं। संस्थान के मीडिया सेल प्रभारी प्रो.ऋतु सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों का जॉब लोकेशन पुणे में होगा । तथा इन्हें लगभग 1.80 लाख का सालाना पैकेज मिलेगा। बता दें की कंपनी इलेक्ट्रिक उपकरण के निर्माण से जुड़ी है। सफल विद्यार्थियों में मोस्शदिक अहमद, शिवम कुमार, कुंदन प्रसाद, शैलेश मेहरा, इंद्रजीत ठाकुर एवं विकास कुमार का नाम शामिल है। विद्यार्थियों को कंपनी के एच आर प्रमुख स्मिता दहीवाले व कंपनी के ही जयंती चौधरी ने नियुक्ति पत्र दिया। चयनितों की ज्वाइनिंग फरवरी के पहले सप्ताह में होगी। सभी विद्यार्थी 2020 -23 बैच के हैं। संस्थान के प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा व टीनपी के प्रो इंचार्ज त्रिषिता घोष ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की है। संस्थान के सचिव नवनीत सिंह ने शिक्षकों की भी सराहना की।

## राज्य सरकार जल्द बनाये अल्बर्ट एक्का का समाधि स्थल : रतन तिर्की

**रांची।** परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी रतन तिर्की ने मंगलवार को कहा कि अल्बर्ट एक्का के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी ने अंडमान द्वीप समूह में एक द्वीप का नामकरण किया। द्वीप नामाकरण अल्बर्ट एक्का के नाम पर करके प्रधानमंत्री ने झारखंड और बिहार को सम्मानित किया। ऐसा निर्णय लेने में किसी वजह से देर हुई। लेकिन यह झारखंडवासियों के लिए गौरव की बात है। श्री तिर्की ने सीएम हेमंत सोरेन से भी आग्रह किया कि मेरे द्वारा परमवीर की अस्थि अवशेष लाये आठ साल हो गए हैं। अल्बर्ट एक्का की पत्नी बलमदीना एक्का भी समाधिस्थल बनाने की मांग करते-करते चल बसीं। इसलिये अब भव्य समाधिस्थल जल्द से जल्द बनाया जाये।

# संत पॉल्स कैथेड्रल में जागरण आराधना संपन्न

## संत पॉल्स दिवस की पूर्व संध्या पर सीएनआइ के मसीही विश्वासियों ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** संत पॉल दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बहूबाजार स्थित चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई) रांची के मसीही विश्वासियों के आराधनालय संत पॉल्स कैथेड्रल में जागरण आराधना विधि संपन्न हुई। जागरण आराधना की अगुवाई रेव्ह जे डब्ल्यू तिलमिंग ने किया। इस मौके पर गीतों एवं बाईबल पाठ पढ़ने में सीएनआई द्वारा संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थान एवं अन्य संगठनों के शिक्षक एवं व्याख्याता प्रो अंजलि देमता और अमित भेंगरा ने सहयोग किया। बताते चलें कि संत पॉल दिवस समारोह 25 जनवरी बुधवार को है। इस अवसर पर बुधवार को प्रातः 6:00 बजे संत पॉल दिवस की प्रभु भोज आराधना संत पॉल्स कैथेड्रल में होगी। उसी क्रम में संत पॉल दिवस की पूर्व संध्या पर संपन्न जागरण विधि की इस आराधना में उपस्थित पुरोहितों में रेव्ह जोलजस कुजूर, रेव्ह पीटर बारला, रेव्ह डेविड, रेव्ह शामुएल भुईंया, रेव्ह अविनाश बारला, रेव्ह जोसेफ कुजूर, रेव्ह ग्लोरिया डाहंगा, प्राचार्य डॉ अनुज तिग्गा निकोलस मरांडी सहित संत पॉल्स स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण , कर्मचारीगण और छात्र -छात्राएं मौजूद थे।

संत पॉल्स दिवस बुधवार को है। इस अवसर पर संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च रोड में प्रातः 6:00 बजे समारोही प्रभुभोज आराधना होगी। इस प्रभुभोज के मुख्य अनुष्ठक रेव्ह डेविड होंगे। निर्धारित तिथि के अनुसार इस मौके पर बाइबल पाठ अंशु समद, जुनुल नाग और अनुशील किस्पोट्टा के द्वारा पढ़ा जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इसके पश्चात सुबाह आठ बजे संत पॉल्स उच्च विद्यालय से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा यहां के बाद संत पॉल्स मध्य विद्यालय,संत पॉल्स प्राथमिक विद्यालय और संत पॉल्स महाविद्यालय होते हुए संत पॉल्स महोपासनालय में जाकर संपन्न होगी।

भारत-न्यूज़ीलैंड टी-20



27 जनवरी को होने वाले मैच के लिए टिकटों की बिक्री शुरू हो गयी, 26 जनवरी तक मिलेंगे टिकट।

## एसएसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को दिया निर्देश, एयरपोर्ट पर जांच बढ़ी

# 26 जनवरी, सरस्वती पूजा और टी-20 मैच को लेकर राजधानी की सुरक्षा कड़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा को लेकर भी राजधानी रांची की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। एसएसपी किशोर कौशल ने जिले के डीएसपी और थानेदारों के साथ क्राइम मीटिंग कर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने का निर्देश दिया है। एसएसपी ने थानेदारों से कहा है कि शहर के संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाके में पेट्रोलिंग बढ़ाएं, जितने भी आसामाजिक तत्व हैं उनकी सूची बनाएं और उन्हें धारा 107 के तहत नोटिस दें।

एसएसपी ने मीटिंग में थानेदारों को यह भी कहा है कि सरस्वती पूजा के दौरान संगठन के लोगों द्वारा भड़काऊ गाना बजाये जाने पर रोक लगाएं। एसएसपी ने कहा है कि गणतंत्र दिवस को लेकर जिलेभर में एक हजार से अधिक फोर्स की तैनाती की जाएगी। इसमें झारखंड जगुआर, रैफ, सैफ और झारखंड पुलिस के जवान शामिल हैं।

**चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर :** एसएसपी ने रात के समय में मुख्य मार्ग के अलावा गली-मुहल्लों में भी नियमित अंतराल पर गश्त सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस को देखते हुए थानेदारों को अपने-अपने इलाके के होटलों व लॉज में चेकिंग करने को कहा है। आने जाने वाले मेहमानों का सत्यापन का निर्देश दिया गया। साथ ही, एंटी क्राइम चेकिंग चलाकर शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों की कड़ाई से जांच-पड़ताल करने को कहा है।

**अपराधियों पर सीसीए लगाने का भेजें प्रस्ताव :** एसएसपी ने जेल से बाहर आये अपराधियों पर विशेष नजर रखने को कहा है। शातिर अपराधियों को थाने में हाजिरी लगाने के साथ उसकी गतिविधियों पर ध्यान रखने को कहा गया है। यह भी कहा कि जो अपराधी जेल से बाहर आने के बाद फिर से आपराधिक कार्य में जुट गया है, उसकी सूची तैयार की जाए। ऐसे अपराधियों के खिलाफ सीसीए लगाने का प्रस्ताव भेजने का काम करें। उन्होंने कहा है कि लंबित वारंट, कुर्की जब्ती में लेटलतीफी करने वालों पर कार्रवाई होगी। इसके अलावा भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले इंटरनेशनल मैच के बारे में भी किस तरह सुरक्षा व्यवस्था रखनी है, एसएसपी ने दिशा निर्देश दिये हैं।

## एयरपोर्ट प्रशासन भी सुरक्षा के मद्देनजर अलर्ट मोड पर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गणतंत्र दिवस एवं टी-20 मैच को लेकर एयरपोर्ट प्रशासन भी सुरक्षा के मद्देनजर अलर्ट मोड पर है। एयरपोर्ट प्रबंधन के साथ-साथ सीआईएसएफ के जवान और जिला बल के जवान प्रतिदिन आने जाने वाले यात्रियों की गहन जांच कर रहे हैं। सीआईएसएफ और जिला बल के जवान विशेष निगरानी कर रहे हैं। सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट मनीष कुमार ने बताया कि 26 जनवरी और 15 अगस्त पर हमारे जवान सिक्योरिटी की प्रक्रिया को और भी सख्त कर देते हैं। वहीं एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि 26 जनवरी और 15 अगस्त से मौके पर यात्रियों को डबल सिक्योरिटी चेक करनी पड़ती है।



**मॉक ड्रिल का आयोजन :** 26 जनवरी के मौके पर एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा को और भी ज्यादा मजबूत करने के लिए मंगलवार को सीआईएसएफ और जिला बल के जवानों के द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। मोबाइल में बम निरोधक दस्ता रियल टाइमिंग यूजिंग मशीन डॉग स्क्वायड की टीम तैनात रही। एयरपोर्ट थाना के एएसआई सुधांशु कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट प्रशासन और जिला प्रशासन एयरपोर्ट पर आने जाने वाले लोगों पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए हैं।

**सामानों की हो रही सघन जांच :** एयरपोर्ट पर यात्रियों के साथ उनके सामानों की सघन जांच की जा रही है। एयरपोर्ट परिसर में घुसने वाली गाड़ियों की भी तीन से चार बार चेकिंग की जा रही है। सुरक्षा में तैनात पदाधिकारियों ने बताया कि 26 जनवरी के साथ-साथ 27 जनवरी को होने वाले भारत और न्यूजीलैंड अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर भी जवान मुस्तैद हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय मैच रांची में हो रहा है।

# मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होनेवाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का मंगलवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल की देखरेख में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। रिर्हसल के दौरान गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को रियल टाइम बेसिस पर दुहराया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट सलामी ली। आला अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना कर तैयारियों का जायजा भी लिया एवं बेहतर व्यवस्था के लिए दिशा-निर्देश दिया।



**प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की हुई ज्वायंट ब्रीफिंग :** फुल ड्रेस रिहर्सल के बाद प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की ज्वायंट ब्रीफिंग की हुई। इस दौरान जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारी थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभायें, ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य का निर्वहन करें। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों को निर्देश दिया।

# महानगर यूथ कांग्रेस ने यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम किया




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश यूथ कांग्रेस के महासचिव सह जिला प्रभारी सत्यम सिंह के निर्देश पर मंगलवार को रांची महानगर युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष कुमार विक्की के नेतृत्व में यूथ जोड़ों-बूथ जोड़ो कार्यक्रम कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में कुमार विक्की के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने युवा कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर सत्यम सिंह ने युवा कांग्रेस द्वारा किये जा रहे कार्य की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को युवा कांग्रेस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया एवं कहा कि अपने हक के लिए खुद लड़ना होगा। कुमार विक्की ने कहा कि युवाओं को हर प्रखंड एवं पंचायत के बूथ को मजबूत करेंगे। बूथ को मजबूत करने के लिए हर प्रखंड में युवाओं की भागीदारी जरूरी है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विनय सिन्हा दीपू, जितेन्द्र त्रिवेदी, निशा भगत, प्रिंस भट्ट, इमरान खान, मेहुल प्रसाद, पिया बर्मन, शादाब खान, लक्ष्मीकांत, पंचम सिंह, गौरव सिंह, खालिद सैफुल्लाह, रवि शंकर सिंह आदि पदाधिकारी थे।

## अपने विभागों के लिए अगले पांच साल का विजन बनायें : वीसी

**रांची।** रांची वीमेंस कालेज में कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने प्रध्यापकों, वोकेशनल विभागों के समन्वयकों के साथ एक इंटरेक्टिव सत्र आयोजित किया। कुलपति ने कहा कि आप सभी समन्वयक अपने विभाग की तरक्की के लिए अगले पांच साल का विजन बनायें।

**रिटायर शिक्षकों को भी अध्यापन के लिए बुलायेंगे :** कई विभागों के निदेशकों एवं हेड ने शिक्षकों की कमी बताई। इस पर कुलपति ने कहा कि लिखित में हमें विषयवार शिक्षकों की कमी की सूची उपलब्ध करायें। हम उस विषय के एक्सपर्ट सेवानिवृत्त शिक्षकों को अध्यापन के लिये बुलायेंगे। कुलपति डॉ. सिन्हा ने कहा कि सभी विभागों के लैब को दुरूस्त करें। यहां लैब तकनीशियों की हम नियुक्ति करेंगे। भवन की कमी के बजाय शिक्षकों की कमी को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है।

# आमरण अनशन पर बैठे कंट्रैक्ट स्वास्थ्य कर्मियों ने राज्य सरकार से मांगा अधिकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मांगों के समर्थन में कंट्रैक्ट स्वास्थ्य कर्मियों ने मंगलवार को आमरण अनशन कर सरकार से अपना अधिकार मांगा। कहा कि सरकार उनसे काम तो ले रही है, लेकिन जब वेतन देने की बात आती है तो एजेंसी का चयन कर लिया जाता है। बताते चलें कि झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ और झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम संघ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को हड़ताल का आठवां दिन है। चरणबद्ध आंदोलन के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने हवन, रक्तदान, मानव शृंखला और कैंडल मार्च भी निकाला लेकिन जब राज्य सरकार की नींद नहीं खुली, तब मंगलवार से राज्य के कर्मचारी आमरण अनशन पर बैठ गए हैं।



आमरण अनशन पर बैठे कर्मचारियों की हौसला अफजाई और संघ की एकजुटता के लिए सदस्यों ने अनशनकारियों को माला पहनाया।

**16 साल से अनुबंध पर कर रहे है काम :** अनशन पर बैठी वीणा सिंह ने कहा कि बीते 16 वर्षों से अनुबंध पर काम कर रहे हैं लेकिन बढ़ती महंगाई में सरकार अल्प मानदेय में काम करा रही है। अपने जीवन का स्वर्णिम समय स्वास्थ्य विभाग और राज्य के लोगों की सेवा करते हुए बिता दिए लेकिन अब तक हम लोगों को स्थाई नहीं किया गया।

**पहले दिन आमरण अनशन पर पर इन्होंने जताया विरोध :** आमरण अनशन में वीणा कुमारी, बिनय कुमार, धरनी कुमारी, सूर्यकांति कुमारी, ममता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, शिवरानी कुमारी, अंजलिना खाखा, पूनम कुमारी, नंदनी, ललिता कुमारी, अनिता कुमारी, बबिता कुमारी, टेरेसा मिंज, अरुणा टोप्पो, सुनीता कुमारी, सत्येंद्र कुमार, नवीन कुमार रंजन, सुशांत दास, रंजीत सुरीन और प्रदीप कुमार ने विरोध जताया।

## खबर एक नजर में

### अशोका होटल पार्किंग विवाद पर सुनवाई आज

रांची। अशोका होटल में वकीलों के लिए पार्किंग का विवाद झारखंड हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है। झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने पार्किंग की समस्या को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की खंडपीठ इस मामले पर बुधवार को सुनवाई करेगी। यह मामला डोरंडा स्थित बंद पड़े अशोका होटल परिसर में हाईकोर्ट के वकीलों को पार्किंग की टेंपररी व्यवस्था करने से जुड़ा है। जिसे लेकर आइटीडीसी ने आपत्ति जताई है। याचिका में एडवोकेट एसोसिएशन ने आइटीडीसी और राज्य सरकार को प्रतिवादी बनाया है।

### दो अपराधी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**रांची।** राजधानी पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम आर्यन सोनी और अमित कुमार है। गिरफ्तार अपराधी के पास एक लोडेड पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार दोनों आरोपी रांची के रहनेवाले हैं। सोमवार शाम को पुलिस को जानकारी मिली थी कि केतारी बागान के सुरेश्वर मंदिर के नजदीक दो संदिग्ध युवक किसी आपराधिक वारदात अंजाम देने की फिराक में है।

### नगर निगम निर्धारित समय पर फहरायेगा तिरंगा

**रांची।** रांची नगर निगम गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाएगा। रांची नगर निगम कार्यालय में प्रात: 8:00 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। मौके पर महापौर रांची के हाथों राष्ट्रीय तिरंगा फहराया जायेगा। वहीं डोरंडा अंचल कार्यालय में 9:30 बजे उप महापौर राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। स्टोर कार्यालय (डोरंडा अंचल) में 9:45 बजे सहायक नगर आयुक्त-1 और 10:15 बजे सहायक नगर आयुक्त रांची नगर निगम -2 तिरंगा फहरायेंगे।

### सीसीएल में नराकास प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**रांची।** नराकास (उपक्रम), रांची के तत्वावधान में सीसीएल द्वारा आयोजित प्रश्नेत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन मानव संसाधन विकास विभाग के प्रकाश हॉल में संजय कुमार, विभागाध्यक्ष (राजभाषा), सीसीएल की अध्यक्षता में हुई। इस प्रतियोगिता में रांची स्थित 16 उपक्रमों के कार्यालयों से दो-दो प्रतिनिधियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान-एनटीपीसी, द्वितीय स्थान- सीएमपीडीआई, तृतीय स्थान-कर्मचारी राज्य बीमा निगम, चर्तुथ स्थान-इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड एवं पंचम स्थान- नेशनल फटीर्लाजर को मिला। नराकास के सचिव रास बिहारी एवं अभय मिश्रा, सीएमपीडीआई तथा निर्णायक के रूप में अविनाश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) एवं स्वयं प्रकाश, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल ने अहम भूमिका निभाई।

### हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन 31 मार्च तक चलेगी

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08185/08186 हटिया-दुर्ग-हटिया के बीच द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि में एक्सटेंशन गया है। अब यह ट्रेन 31 मार्च तक चलेगी, जिससे कि इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

### जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनी



**रांची।** मोरहाबादी मंडल तथा करम टोली बर्दवान कंपाउंड मंडल ने मिलकर जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनायी। चिरौंदी स्थित गीतांजलि बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी जीतवाहन उरांव थे। इनके अलावा भाजपा युवा मोर्चा रांची ग्रामीण के उपाध्यक्ष रंजन कुमार के अलावा राजू ठाकुर, रामू ठाकुर, निर्मल ठाकुर, मंटू ठाकुर, जय शंकर ठाकुर, दिलीप ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, शंकर शर्मा, राजेश ठाकुर, विजय ठाकुर, नरेश ठाकुर, कमल ठाकुर, उमेश ठाकुर, रंजन ठाकुर, सुनील शर्मा, राहुल शर्मा, राजा शर्मा, अमित शर्मा, अंकित शर्मा, शिव शर्मा, विकास शर्मा, भीम ठाकुर, विनोद ठाकुर समेत अन्य उपस्थित थे।

### रिंग रोड में ट्रक चालक को गोली मारने वाले चार अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** सीठियो रिंग रोड में बीते दिनों ट्रक चालक से लूटपाट और गोली मारने की घटना में शामिल चार अपराधियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए मनीष, दुलाल, राजू और जीतू को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी रांची के ही रहने वाले हैं। रांची पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक बाइक और चार मोबाइल जब्त किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों ने अपनी संलिप्तता को पूछताछ के दौरान स्वीकार कर ली है।

# गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई और कोर्स पूरा करने पर ध्यान दें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को शिक्षा विभाग की योजनओं की समीक्षा की। बैठक में छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने, बैंक खाता खोलने की स्थिति, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, ई-विद्यावाहिनी में शिक्षक-छात्र उपस्थिति, विद्यालय विकास अनुदान के उपयोग एवं विद्यालय का रंग रोगन की जानकारी ली।

बैठक में उपविकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव, डीइओ आकाश कुमार, एडीपीओ झारखंड शिक्षा परियोजना, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने प्रखंडवार स्कूलों में नामांकित बच्चे और जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए प्राप्त आवेदन और निष्पादन की समीक्षा की। वैसे प्रखंड जहां ज्यादा संख्या में आवेदन लंबित हैं, उपायुक्त द्वारा उनका जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीएससी में बनाये जा चुके प्रमाण पत्र लाकर बच्चों के बीच वितरित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेज की जो भी छात्राएं योजना से आच्छादित नहीं हैं, उन्हें योजना से आच्छादित करें। उपायुक्त द्वारा बच्चों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई और कोर्स पूरा करने पर ध्यान देने का विशेष निर्देश दिया गया।

# राज्य के 150 पंचायत सचिवालयों में खुलेगा कॉमन सर्विस सेंटर, सभी की होगी सीसीटीवी से निगरानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अब पंचायत सचिवालयों में ही प्रज्ञा केंद्र को स्थापित किये जाने की तैयारी है। राज्य सरकार ने पिछले वर्ष ही इस संबंध में फैसला ले लिया था। इसके बाद से अब विभिन्न जिलों में चयनित पंचायत भवनों में सीएससी को शिफ्ट किये जाने की दिशा में काम शुरू है। हजारीबाग, पलामू सहित कई जिलों ने इसके लिए पहल कर दी है। पंचायत भवनों में सीएससी स्थापित किये जाने को विभिन्न तरह के सामग्रियों की आपूर्ति के लिए टेंडर भी जारी कर दिया है। अब पंचायत भवनों में ही प्रज्ञा केंद्र की सुविधा मिलने से ग्रामीणों के लिए कई स्तरों पर राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र समेत विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए जरूरी कागजात उन्हें अपने पंचायत मे ही मिल सकेंगे। समय और पैसे की बचत भी होगी। सीसीटीवी की निगरानी में रहने से पंचायत भवनों की सुरक्षा में भी मदद मिलेगी।

पंचायती राज विभाग, राज्यभर के 24 जिलों में कुल 150 पंचायत सचिवालयों में सीएससी सेवा उपलब्ध कराने की तैयारी की है। इनमें सबसे अधिक गिरिडीह की 15 पंचायत, कोडरमा की 12, सरायकेला खरसावां की 8 पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके अलावे पलामू, लातेहार, धनबाद और गोड्डा की 7-7, सिमडेगा, साहेबगंज, पाकुड़, खूंटी, जामताड़ा, हजारीबाग, गुमला, पूर्वी सिंहभूम और चतरा की 6-6, गढ़वा, दुमका की 5-5, पश्चिमी सिंहभूम, रांची, रामगढ़, देवघर और बोकारो में 4-4 तथा लोहरदगा में 3 पंचायत भवनों में प्रज्ञा केंद्र की सेवाएं मिल सकेंगी।

**सीएससी की स्थापना में इन सामग्रियों की जरूरत :** पंचायती राज विभाग ने संबधित जिलों को निर्देश दिए हैं कि चयनित पंचायत भवनों में सीएससी स्थापित करते समय जरूरी सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। इनमें बायोमीट्रिक डिवाइस (3), फर्नीचर (अलमीरा, टेबल, रिवॉल्विंग चेयर, प्लास्टिक चेयर), पोर्टेबल डीजी (1 केवीए), रिनोवेशन (आवश्यकतानुसार), पोर्टेबल प्रोजेक्टर, सीसीटीवी कैमरा जैसी अहम सामग्रियां शामिल हैं। प्रति ग्राम पंचायत 2.40 लाख रुपये की दर से राशि जिलों को उपलब्ध करायी जायेगी। कुल 3 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से 150 पंचायत भवनों में सीएससी स्थापित किये जाएंगे।

## भाजपा ने देवघर में दो दिनों तक भविष्य की बनायी रणनीति

# 14 माह में 14 लोकसभा सीटों का जीतने का रखा लक्ष्य

**राज्य में गिरती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और अपराध को लेकर राज्य सरकार की कार्यशैली पर जमकर हुई चर्चा**



उदय चौहान

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने देवघर में दो दिनों तक भविष्य की रणनीतियों को लेकर मंथन किया। इसमें आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया। बैठक के दूसरे दिन मंगलवार को उपस्थित सभी नेता और कार्यकताओं को 2024 के चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा गया। इसको लेकर बूथ स्तर तक की तैयारी को लेकर टास्क दिया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आठ सत्र आहूत किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने बैठक में उठे मुद्दों और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को भी ज्यादा से ज्यादा लोग सुनें, इस कार्यक्रम को सफल बनाना है। वहीं संगठन के सदस्यों को बूथ स्तर तक पहुंचकर कार्य करनें का निर्देश दिया गया है। आगामी मार्च माह में होने वाले मुख्यमंत्री घेराव कार्यक्रम में पार्टी से इतर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुटाने की भी तैयारी है। दीपक प्रकाश ने कहा कि जिन वादों के साथ झामुमो सरकार में पहुंची है। उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा था वर्ष में पांच लाख लोगों को नोकरी देंगे नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे, पर आज तक राज्य के युवाओं को कुछ भी नहीं मिला है। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा था अगर वादा पूरा नहीं किया तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा।

प्रदेश कार्य समिति की बैठक में कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। घूसखोरी चरम पर है। जो सरकार जल जंगल और जमीन बचाने के नारे की राजनीति करती है। उन्हीं के शासनकाल में इन सभी चीजों की लूट मची है। राज्य में थानों की नीलामी हो रही है। राज्य के अधिकारी हर महीने ऊपर माल पहुंचा रहे हैं। जिस प्रकार मोबाइल में रिचार्ज किया जाता है, ठीक उसी प्रकार अधिकारियों को भी रीचार्ज करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। वहीं उन्होंने कहा कि जी 20 की बैठक हम सबों के लिए गर्व की बात है। झारखंड बचाव का नारा भी दिया गया। बहरहाल इस बैठक के दौरान केंद्र सरकार की योजना जो प्रधानमंत्री के द्वारा लोगों के लिए है, उसे जन जन तक पहुंचाने का फैसला लिया गया है। बहरहाल, भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं में धार देने की कोशिश की है। साथ ही, राज्य के सभी 14 लोकसभा सीट जीत कर पीएम की झोली में डालने का संकल्प दोहराया गया।

## झारखंड से छह सदस्यीय जूनियर टीम राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने गुजरात रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गुजरात के नाडियाड जिले में 28-29 जनवरी को आयोजित 12वीं राष्ट्रीय स्तरीय जूनियर एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड पैरालंपिक कमेटी की जूनियर टीम भाग लेगी। पैरालंपिक कमेटी ऑफ झारखंड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर झारखंड से कुल 6 सदस्यीय जूनियर सब जूनियर पारा खिलाड़ी 12वीं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मंगलवार को गुजरात के लिए रवाना हुई। इस समूह में काजल कुमारी (जामताड़ा), अनीस शेख (देवघर), छोटू सिंह (लातेहार) इत्यादि रवाना हुए। जूनियर टीम के साथ मैनेजर के रूप में पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सह पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के सह सचिव कुमार गौरव एवं गोवर्धन रजक कोच के रूप मे झारखंड के दल के साथ गए। मौके पर चयन कमेटी के चेयरमैन डॉ. शिवाजी कुमार, पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के अध्यक्ष शशि रंजन सिंह, उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता, खेल निर्देशक सुगंध नारायण, कमेटी के सीईओ सुनील विश्वास, झारखंड पारा बैडमिंटन के स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल अग्रवाल, मीडिया स्टेट को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ, एमपीएल के सीएसआर हेड संदीप खेड़वाल, अजय कुमार रश्मि लकड़ा ने शुभकामनाएं दीं। टीम के मैनेजर कुमार गौरव द्वारा बताया गया 26-27 जनवरी को अभ्यास मैच होगा। मौके पर सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी पवन कुमार, राजकपूर महतो मौजूद थे। उक्त जानकारी पैरालंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने दी।

खबर मन्त्र

रांची.बुधवार . 25 जनवरी 2023




# अंतिम बजट से आस

चुनावी वर्ष से पहले सरकार के अगले वित्त वर्ष के लिये अंतिम पूर्ण बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाने की उम्मीद है। हालांकि, इसके बावजूद सब्सिडी में कमी और बजट का आकार बढ़ने से फिस्कल डेफिसिट का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के मुकाबले कम रखे जाने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में सब्सिडी करीब 3.56 लाख करोड़ रुपये और फिस्कल डेफिसिट ॠऊढ (सकल घरेलू उत्पाद) का 6.4 फीसदी रहने की संभावना जतायी गयी थी। कुल सब्सिडी में खाद्य सब्सिडी की हिस्सेदारी दो लाख करोड़ रुपये से अधिक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को 2023-24 का बजट पेश करेंगी। यह इस सरकार का अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले आखिरी पूर्ण बजट है। ऐसे में माना जा रहा है कि सरकार पूंजीगत व्यय समेत सामाजिक कल्याण योजनाओं में खर्च बढ़ाएगी। हर महीने पांच किलो मुफ्त खाद्यान्न प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले परिवारों को दिया जा रहा था। दिसंबर, 2022 तक जारी सभी सात चरणों में इस योजना पर सरकार का कुल व्यय करीब 3.91 लाख करोड़ रुपये रहा है। सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाकर और वर्तमान मूल्य पर जीडीपी में 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि को देखते हुए अगले वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य कम रहने की संभावना है। योजना ने संकट के समय गरीबों, जरूरतमंदों और कमजोर परिवारों/लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की। लेकिन इसने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लाभार्थियों को सामान्य रूप से वितरित किए जाने वाले मासिक खाद्यान्न की मात्रा को प्रभावी रूप से दोगुना कर दिया था। बजट से 2024 के चुनाव के कारण बेहतर संभावना है।

# गंगा विलास के मायने

देश में पर्यटन की असीम संभावना है। लेकिन नकरात्मक माहौल ने हमारे देश की इस असीम संभावनाओं को अनदेखा किया है। देखा जाए तो देश में क्रूज पर्यटन और विरासत पर्यटन का यह संगम ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत में पर्यटन का एक बुलंद दौर शुरू हो रहा है। अमूमन, भारत की वैश्विक भूमिका जैसे-जैसे बढ़ रही है, वैसे-वैसे भारत को देखने, भारत को जानने और भारत को समझने की उत्सुकता भी बढ़ रही है। इसलिए जल, थल व नभ से भारत आने और घूमने वाले लोगों को क्रूज यात्रा एक नया और अलहदा अनुभव देगी। जाहिर है कि केंद्र सरकार के इस कदम से न केवल उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड, बल्कि पश्चिम बंगाल और असम में छिपी जल पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को भी तलाशा और तराशा जा सकता है। हमलोग जानते हैं कि गंगा हमारे लिए सिर्फ एक जलधारा भर नहीं है, बल्कि यह प्राचीन काल से महान भारत भूमि की तप-तपस्या की साक्षी है। इसलिए यह क्रूज यात्रा एक साथ कई नए अनुभव लेकर आने वाली है।चूंकि बनारस में गंगा पार बनाई गई टेंट सिटी काशी आने वाले श्रद्धालुओं को एक नया अनुभव देगी। क्योंकि इस टेंट सिटी में आधुनिकता भी है, अध्यात्म और आस्था भी है। राग से लेकर स्वाद तक बनारस का हर रस, हर रंग इस टेंट सिटी में देखने को मिलेगा। दरअसल, यह परियोजना शहर के घाटों के सामने विकसित की गई है। इसलिए इस बात के प्रबल आसार हैं कि अन्य महत्वपूर्ण गंगा घाटों पर भी ऐसी सिटी निकट भविष्य में आकार ग्रहण कर लेगी। आज देश में सात करोड़ से अधिक परिवार और पूरी दुनिया भर से भारत की संस्कृति और पर्यटन स्थल में दिलचस्पी रखनेवाले लोग के लिये एक सुदंर और विश्वसनीय विकल्प मिला है।

# पशु स्वभाव

विचार-प्रवाह

**सुभाष काक**

**बुद्ध** ने अपने प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर वैदिक जगत के विभिन्न तत्वों की पुष्टि की है। इनमें हैं कई स्वर्ग, नरक और देव, असुर और राक्षस जैसी पराशक्तियां। बुद्ध ने अपनी दैवीय दृष्टि से इन प्राणियों और लोक को देखने का दावा किया है। उन्होंने यह दावा भी किया है कि किस तरह भावुक प्राणी देह बदलने की प्रक्रिया में अस्तित्व के इन विभिन्न रूपों से गुजरते हैं। इसलिए बुद्ध ने इसे वैदिक ब्रह्मांडीय भूगोल समझा, जहां ये सभी प्राकृतिक और अलौकिक प्राणी रहते हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि जगदला मठ के एक बौद्ध महंत ने बुद्ध पर 30 श्लोक लिखे, जबकि शिव पर 73 और विष्णु पर 40।

दार्शनिक और मानव विज्ञानी आश्चर्य करते हैं कि एक बौद्ध ग्रंथ में शिव और विष्णु क्या कर रहे हैं। न ही वे यह बता सकते हैं कि वैदिक देवता किस तरह महायान का हिस्सा हैं। उनके ग्रंथों में एक बौद्ध के रूप में जापान और चीन के वैदिक देवों का बेतुका वर्णन है। कथाओं के मुताबिक जब बुद्ध ने उपदेश देना शुरू किया तो वे उसके अनुयायी बन गए। महायान परंपरा में बुद्ध ज्ञान का सिद्धांत हैं, जो वैदिक खांचे में पूरी तरह सही बैठते हैं। इसका सबसे सशक्त रूप हमें लोटस सूत्र या सद्धर्म पुंडरिका सूत्र में दिखता है। अलग-थलग रहते हुए कश्मीरियों ने अपने बहुत से पुराने रिवाजों को बचाए रखा है। हालांकि उनके हाल के इतिहास के चलते कई समारोहों का अर्थ खो गया है। उदाहरण के लिए, हमें अस्तित्व की छह मनोवैज्ञानिक स्थितियों के बारे में बताया गया है। यहां सबसे निचली तीन स्थितियों के प्रतिनिधि हैं, बुरे लोगों के विचार, अधूरी इच्छाओं के भूत और हमारा पशु स्वभाव।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### लीज पर जमीन

**लीज** पर जमीन किसान के साथ-साथ गैर-किसान भी आवेदन कर सकते हैं। भूमि लेने के लिए एक मामूली लीज रेट और एक सिक्योरिटी डिपॉजिट देना होगा. बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल और असम की सरकारें भी इस मिशन की शुरूआत अपने राज्य में करने जा रही है। सरकार की खाली जमीन एक तो उपयोगिता कम करती है दूसरी समस्या बढ़ाती है। **- प्रदीप कुमार दुबे, गढ़वा**

### जाग्रत विपक्ष

**देश** के लोकतंत्र को जरूरत है एक मजबूत और जाग्रत विपक्ष की। मौजूदा समय में सरकार के खिलाफ विरोध करने वाले की आवाज को अक्सर दबा दिया जाता है, मगर वही बात विपक्ष दल करे तो उसका गहरा प्रभाव पड़ता है। देश को आवश्यकता है सशक्त विपक्ष की जो आम जनता के सही विषयों पर चर्चा करे। इसके लिए जानकार लोगों की जरुरत है।

**- आकाश सिन्हा, रांची**

# आजादी के अद्वितीय महानायक नेताजी



**भारत** के महान सपूत महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। नेता जी आजीवन युद्धकर्म और संघर्ष तथा संगठन में रत रहे। सुभाष जब 15 वर्ष के थे उसी समय दूसरा महत्वपूर्ण प्रभाव स्वामी विवेकानंद और उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस का पड़ा। सुभाष के जीवन पर अरविंद के गहन दर्शन एवं उनकी उच्च भावना का प्रभाव भी पड़ा। नेता जी ऋषि अरविंद की पत्रिका आर्य को बहुत ही लगाव से पढ़ते थे। पिताजी की इच्छा का निवर्हन करते हुए उन्होंने उन दिनों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षा आईसीएस में बैठने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया तथा आठ माह में परीक्षा उत्तीर्ण कर ली।

किंतु काफी विचार विमर्श के बाद उन्होंने आईसीएस की नौकरी का परित्याग करके एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। तब तक किसी भारतीय ने आईसीएस के इतिहास में ऐसा नहीं किया था। सुभाष 16 जुलाई 1921 को बम्बई पहुंच गये और वहां पर महात्मा गांधी से उनके आवास पर मिले। युवक सुभाष तो सार्वजनिक जीवन में प्रवेश कर रहे थे वह उस नेता से मिलना चाहते थे जिसने सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन चला रखा था। गांधी जी ने सुभाष को कलकत्ता पहुंचकर देशबंधु चितरंजन दास से मिलने का सुझाव दिया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। उस समय देश में गांधी जी के नेतृत्व में लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी शामिल था। सुभाष ने इस युद्ध में कूदने का निश्चय किया और विरोध का नेतृत्व करने लगे। अंग्रेज अधिकारी आंदोलन के स्वरूप को देखकर घबरा गये। उन्होंने सुभाष को साथियों सहित 10 दिसंबर 1921 को संध्या समय गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। एक वर्ष बाद उन्हें जेल से मुक्ति मिली। किन्तु जल्द ही क्रांतिकारी षड्यंत्र का आरोप लगाकर अंग्रेजों ने सुभाष को मांडले जेल भेज दिया। दो वर्ष पश्चात सुभाष को मांडले से कलकत्ता लाया गया जहां उन्हें स्वस्थ्य के आधार पर मुक्त कर दिया गया। सुभाष ने कांग्रेस का प्रथम नेतृत्व 30 वर्ष की आयु में किया जब वे बंगाल प्रांतीय कमेटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

जनवरी 1938 को जब वे विदेश यात्रा पर थे तब उन्हें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जो देश की ओर से किसी भारतीय को दिया जाने वाला उच्चतम पद था। उस समय वे मात्र 41 वर्ष के थे। कांग्रेस का नेतृत्व ग्रहण करने पर भारतीय इतिहास एवं सुभाष के जीवन में नया मोड़ आया। गांधीजी ने सीतारमैया को अपना सहयोग दिया। अतः गांधीजी की इच्छा को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के पश्चात फारवर्ड ब्लाक नामक अग्रगामी दल की स्थापना की। हिंदू-मुस्लिम एकता की समस्या पर बैरिस्टर जिन्ना के साथ बातचीत करके वह वीर सावरकर के घर पहुंच गये। सुभाष का वीर सावरकर के घर पहुंचना एक ऐतिहासिक घटना थी। अभिनव भारत में इस वृतांत का वर्णन किया गया है। जिसमें उन्होंने सुभाष को सशस्त्र संघर्ष के नेतृत्व की कमान को संभालने के विचार से अवगत कराया है। अतः सावरकर के विचारों को ध्यानपूर्वक ग्रहण करने के बाद दो मास की अनिवर्चनीय कठिनाइयों एवं गोनपीयता, दुविधा, चिंता और शारीरिक कष्टों को झेलते हुए विभिन्न रास्ते पार करते हुए 1941 में अप्रैल माह में मास्को होते हुए बर्लिन पहुंचे। नौ माह बाद जर्मनी रेडियो से उन्होंने भारतीयों को संबोधित किया तब यह रहस्य खुला कि वे भारत से काफी दूर पहुंच चुके हैं। उस समय भारत एवं जर्मनी के मध्य उच्चस्तरीय संबंध स्थापित हो चुके थे।



**- अमृता गोस्वामी**

> सुभाष का वीर सावरकर के घर पहुंचना एक ऐतिहासिक घटना थी। अभिनव भारत में इस वृतांत का वर्णन किया गया है। जिसमें उन्होंने सुभाष को सशस्त्र संघर्ष के नेतृत्व की कमान को संभालने के विचार से अवगत कराया है। अतः सावरकर के विचारों को ध्यानपूर्वक ग्रहण करने के बाद दो मास की अनिवर्चनीय कठिनाइयों एवं गोनपीयता, दुविधा, चिंता और शारीरिक कष्टों को झेलते हुए विभिन्न रास्ते पार करते हुए 1941 में अप्रैल माह में मास्को होते हुए बर्लिन पहुंचे।

जर्मनी ने सुभाष को अंग्रेजों से लड़ने के लिये हर प्रकार की गतिविधियों को चलाने एवं उनकी सहायता करने की छूट दे दी थी। सुभाष बोस ने जर्मनी पहुंचते ही स्वातंत्र्य योद्धाओं की परिषद के सहयोग एवं रास बिहारी बोस की अध्यक्षता से आजाद हिंद सरकार गठित की जिसे जापान, जर्मनी, फिलीपिंस, आइरिश रिपब्लिक मंचूरिया तथा इटली ने सहायता दी। अब भारत की मुक्ति के लिये सैनिक अभ्यास की तैयारी शुरू हो गयी। फरवरी 1944 में भारत और जापान ने संयुक्त अभियान बर्मा के जंगलों में प्रारम्भ कर दिया। अनेक दुर्गम और जोखिमपूर्ण पड़ावों को पार करते हुए आजाद हिंद फौज ने मार्च में भारतीय सीमा में प्रवेश कर लिया। किंतु उन्हें वापस लौटना पड़ा। नेताजी ने अथक परिश्रम करके सैनिक कार्यवाही की बारीकियों को समझा।

अभियान की असफलता के पश्चात सैनिकों का मनाबेल बढ़ाने के लिये भारतीयों का विशेष ध्यान रखना पड़ता था। 15 अगस्त 1945 को अमेरिका द्वारा हिरोशिमा एवं नागासकी में परमाणु बम गिराये जाने के बाद जापान की पराजय का समाचार प्राप्त हुआ। अतः नेताजी एवं उनके मंत्रिमंडल ने एकमत होकर यह निश्चय किया और अगले दिन प्रातः सिंगापुर, बैंकाक होते हुए रूस अधिकृत क्षेत्र मंचूरिया पहुंच गये। दिन में उन्होंने कर्नल स्ट्रेसी को बुलाया और स्पष्ट निर्देश दिये कि वे सिंगापुर में समुद्र के किनारे आजाद हिंद फौज स्मारक का निर्माण शीघ्रता से प्रारम्भ करें। 16 अगस्त का प्रातःकाल होने वाला था। नेताजी उठे और शीघ्रता से अपना कुछ निजी सामान और वस्त्रों को संभाला और उस यात्रा के लिये तैयार हुए जिसे वे अज्ञात लक्ष्य की ओर अभियान कह रहे थे। 17 अगस्त 1945 को प्रातः नेताजी बैंकांक हवाई अड्डे के लिये लोगों से विदाई लेकर चले।

22 अगस्त 1945 को टोक्यो रेडियो से हुए प्रसारण में फारमोसा द्वीप में हुई वायुयान दुर्घटना में नेताजी की मृत्यु का समाचार सुनकर सम्पूर्ण विश्व स्तब्ध रह गया। लेकिन उनकी यह मौत अभी भी रहस्य की चादरों पर लिपटी हुई है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने कुछ गोपनीय फाइलों को सार्वजनिक कर दिया है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नेताजी की रहस्यमयी मौत से आवरण हटाने में जुट गये हैं।

**पंचायत** सचिवों को शुभकामना। श्रेय किस सरकार को? दोनों को अफसोस जाहिर करना बेहतर है चूँकि परीक्षा में पास होने के बावजूद 5 वर्षों का इंतजार। निजी छेत्र में दखल से पहले अपनी कार्यशैली सुधारें।

**–महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

## आपके ट्वीट

**महामारी** के दौरान, पीएम के फेवरेट मित्र की सम्पत्ति 8 गुना कैसे बढ़ी?

एक साल में, ढट के फेवरेट मित्र की सम्पत्ति 46% कैसे बढ़ी? मीडिया जनता का ध्यान भटकाती रही, प्रधानमंत्री के मित्र जेब काटते रहे। गरीबों की कमाई, 'मित्रों' ने चुराई। **– राहुल गांधी**





**देश** में विविध भाषाओं का विभिन्न राज्यों और क्षेत्र में प्रभाव है। ये मातृभाषा प्रभावी और भाषाई तौर मजबूत है। देश में इन भाषाओं में इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई आरंभ हो चुकी है। **– नरेन्द्र मोदी**

## खास बात

# बालिका सुरक्षा

**योगेश कुमार गोयल**

**एक** समय ऐसा था, जब अधिसंख्य परिवारों में बेटी को परिवार पर बोझ समझा जाता था और इसीलिए बहुत सी जगहों पर तो बेटियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में ही मार दिया जाता था। यही कारण था कि बहुत लंबे अरसे तक लिंगानुपात बुरी तरह गड़बड़ाया रहा। आजादी के बाद से बेटियों के प्रति समाज की इस सोच को बदलने और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाकर देश के प्रथम पायदान पर लाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई गईं और कानून लागू किए गए। उसी का नतीजा है कि अब बालिकाएं भी हर क्षेत्र में बेटों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। आज लगभग हर क्षेत्र में बालिकाओं की भी हिस्सेदारी है और अब तो वे सेना में भी अपना पराक्रम दिखा रही हैं। बालिका शिक्षा के महत्व, उनके स्वास्थ्य तथा पोषण के बारे में जागरूकता फैलाने और बालिका अधिकारों के बारे में समाज को जागरूक बनाने के लिए वर्ष 2008 में बाल विकास मंत्रालय द्वारा हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया था और पहली बार साल 24 जनवरी 2009 को देश में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।

24 जनवरी को ही यह दिवस मनाए जाने की शुरूआत के पीछे प्रमुख कारण यही था कि वर्ष 1966 में इसी दिन इंदिरा गांधी भारत की पहली प्रधानमंत्री बनी थीं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भारत की बालिकाओं को सहायता और अवसर प्रदान करते हुए उनके सशक्तिकरण के लिए उचित प्रयास करना है। समाज में लड़का-लड़की के भेदभाव को खत्म करने के उद्देश्य से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लड़कियों के लिए मुफ्त अथवा रियायती शिक्षा, कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में महिलाओं के लिए आरक्षण जैसे अनेक अभियान और कार्यक्रम शुरू किए गए। भले ही बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के खिलाफ कई कानून बनाए जा चुके हैं और सेव द गर्ल चाइल्ड जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं, फिर भी समाज में बालिकाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों का सिलसिला कम होने के बजाय लगातार बढ़ रहा है।

# हमारे मूल संविधान की प्रति की होती रहती है तकनीकी जांच



**रविरंजन**

**खास** गैस चैम्बर में रखी है भारतीय संविधान की मूल प्रतिदुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और उसका सबसे बड़ा संविधान। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और उनके साथियों ने कड़ी मेहनत के बाद इसका मसौदा तैयार किया और देश के पहले प्रधानमंत्री की ख्वाहिश पर मशहूर कैलिग्राफर ने छह महीने की कड़ी मेहनत के बाद इसे अपने हाथों से लिखकर तैयार किया।

नंदलाल बोस और उनके छात्रों ने इस पर खूबसूरत पेंटिंग भी उकेंरी। इतनी कड़ी मेहनत के बाद संविधान की मूल प्रति किसी महान कलाकृति सी तैयार हो गई। मगर वक्त की मार से इसे बचाकर रखना एक बड़ी चुनौती था। इसलिए इस खास प्रति की सुरक्षा के लिए खास तरीका अपनाया गया।

भारतीय संविधान की मूल प्रति को सुरक्षित रखने के लिए हीलियम गैस चेम्बर में रखा गया है। संविधान की मूल प्रति को एक खास कपड़े में लपेटकर नेफ्थलीन बॉल्स सफेद रंग की फिनाइल की गोलियां के साथ रखा गया था।

आग से भी सुरक्षित है हीलियम गैस

हाइड्रोजन के बाद सबसे हल्की गैस हीलियम ही है। इस गैस का कोई रंग नहीं होता और ना ही इससे आग लग सकती है। वातावरण में चाहे तापमान कैसा भी हो, यह बनी रहती है। विमान के टायरों में भी इसका इस्तेमाल होता है। मौसम की जानकारी लेने के इसी गैस को गुब्बारे में भरकर आसमान में छोड़ा जाता है।

## गणतंत्र विशेष




1994 में वैज्ञानिक विधि से तैयार किया गया चैम्बर

संविधान की मूल प्रति को सुरक्षित करने के लिए काफी अध्ययन किया गया। यह देखा गया कि बाकी देशों ने अपने संविधान की सुरक्षा कैसे की है। पता चला कि अमेरिका का संविधान सबसे सुरक्षित वातावरण में रखा गया है।

अमेरिकी संविधान को वॉशिंगटन स्थित लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में हीलियम गैस के चैम्बर में रखा गया है। यह एक पृष्ठ का है। इसके बाद अमेरिका के गेट्टी इंस्टीट्यूट, भारत की नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी और भारतीय संसद के बीच करार के बाद गैस चैम्बर बनाने की पहल हुई। 1994 में संसद भवन के पुस्तकालय में वैज्ञानिक विधि से खास चैम्बर तैयार किया गया।

भारतीय संविधान की मूल प्रति 40 से 50 फीसदी नाइट्रोजन गैस वाले वातावरण में रखा गया है और यहां आक्सीजन एक फीसदी से भी कम है। इस कागज की सुरक्षा के लिए ऐसे ही वातावरण की आवश्यकता थी, जो इनर्ट यानी नॉन-रिएक्टिव हो।

हर साल संविधान की मूल प्रति की सेहत की जांच होती है। हर साल चैम्बर की गैस खाली की जाती है। सीसीटीवी कैमरे से इस पर लगातार निगरानी रहती है।

**काली स्याही से लिखी है मूल प्रति**

भारतीय संविधान काली स्याही से लिखा है। इसलिए इसके उड़ने का खतरा बना रहता था। इसे बचाने के लिए आद्रता 50 ग्राम प्रति घन मीटर के आस-पास रखने की जरूरत होती है। इसलिए चैम्बर ऐसा बनाया गया, जिसमें हवा न जा सके।

# जल पर्यटन के नये अंदाज से खुल सकते हैं विकास के कई द्वार

**कमलेश पांडेय**

## पर्यटन

**लीक** से हटकर सोचने और कुछ नया कर गुजरने की पीएम नरेन्द्र मोदी की जो कार्यशैली है, वही उन्हें आमलोगों के बीच लोकप्रिय बनाती है। हाल ही में अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास को हरी झंडी दिखाकर उन्होंने एक और कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

सच कहा जाए तो उनका यह कदम कई मायने में खास है, जिससे देश में जल पर्यटन में लंबी छलांग की उम्मीदें बढ़ी हैं। क्रूज पर्यटन का यह नया दौर जल पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। मसलन, वाराणसी से डिब्रूगढ़ के बीच क्रूज सेवा की शुरूआत से पूर्वी भारत के अनेक पर्यटक स्थलों को विश्व पर्यटन मानचित्र में प्रमुखता से लाने में मदद मिलेगी।

भारत आने वालों और रिवर क्रूज के शौकीन लोगों में से जो लोग अध्यात्म की खोज में हैं, उन्हें वाराणसी, बोधगया, विक्रमशिला, पटना साहिब की यात्रा करने का सौभाग्य मिलेगा। वहीं, जो लोग भारत की राष्ट्रीय विविधता को देखना चाहते हैं, उन्हें यह क्रूज सुंदरवन और असम के जंगलों की सैर कराएगा। वहीं, जो लोग बहुराष्ट्रीय क्रूज अनुभव लेना चाहते हैं, उन्हें ढाका से होकर गुजरने का अवसर मिलेगा।

यहां पर यह कहना गलत नहीं होगा कि, जिस तरह से यह क्रूज 51 दिन में 3200 किलोमीटर की रोमांचक यात्रा पूरी कर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और बंगलादेश से गुजरते हुए डिब्रूगढ़ पहुंचेगा, उससे निःसंदेह अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के सम्बन्ध मजबूत होंगे और इन क्षेत्रों में भी रोजगार की नई सम्भावनाएं पैदा होंगी। क्रूज के सैलानी देश-प्रदेश की संस्कृति व अध्यात्म से रूबरू होंगे।

वहीं, बनारस टेंट सिटी के उद्घाटन से यह स्पष्ट हो गया कि निकट भविष्य में बक्सर, आरा, पटना, हथिदह-सिमरिया, मुंगेर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहेबगंज, राजमहल, हावड़ा आदि जगहों पर भी ऐसे टेंट सिटी कंसेप्ट विस्तार पा सकते हैं। इससे इन इलाकों में नौका, गोंडोला, हाउसबोट, शिकारा, पैडलबोट, जेट-स्की या यहां तक कि एक पुरानी नौका में जाने के अवसर से पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में चार चांद लग जाएंगे।

क्रूज संचालन में विभिन्न राज्य सरकारें व बांग्लादेश की सरकार हरसंभव मदद करेंगी, ताकि सुरक्षित माहौल में जल पर्यटन की समस्त सम्भावनाओं का विकास हो सके। इस बात में कोई दो राय नहीं कि गंगा विलास जल परिवहन के क्षेत्र में भी सम्भावनाओं के नए द्वार खोलेगा, जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। अपने इस ऐतिहासिक कदम से प्रधानमंत्री ने ट्रांसपोर्टेशन से ट्रांसफॉर्मेशन यानी परिवहन से परिवर्तन करने का अपना वायदा भी पूरा कर लिया है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में मल्टी मॉडल टर्मिनल, यूपी-बिहार में फ्लोटिंग जेटी, असम में समुद्री वाहन कौशल केंद्र, जहाज मरम्मत केंद्र, टर्मिनल कनेक्टिविटी परियोजना का भी शिलान्यास व लोकार्पण किया है, उससे इस बात की उम्मीद जगी है कि क्रूज पर्यटन के अलावा सरकार यहां पर जल यातायात और माल परिवहन की सम्भवनाओं को भी विस्तार देने वाली है। यदि ऐसा हुआ तो लैंड लॉक स्टेट समझे जाने वाले यूपी-बिहार के कृषि उत्पादों को जल मार्ग द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भेजना और सस्ता हो जाएगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कोयला व्यवसायी पर गोली चलाने के विरोध में ग्रामीण ने किया सड़क जाम

अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सड़क जाम करते ग्रामीण।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती सरैया टोला निवासी सह कोयला व्यवसायी गजानंद प्रसाद उर्फ गज्जू साव पर सोमवार की शाम अपराधियों द्वारा भुरकुंडा बाजार में गोली चलाने के विरोध में मंगलवार की सुबह सौंदा बस्ती के ग्रामीण सड़क पर उतर गये। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने भुरकुंडा-पतरातू-सयाल मार्ग को सौंदा बस्ती तिराहे चौक के पास सड़क जाम कर दिया। यातायात बाधित हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि पिछले एक माह से जिले में अपराधियों को बोलबाला हो गया है। पुलिस-प्रशासन निरंकुश हो गई है। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि भीड़-भाड़ इलाके में भी अपराधी रिवाल्वर चलाकर घटना को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीण मांग कर रहे थें कि पुलिस अविलंब गजानंद प्रसाद पर गोली चलाने वाले अपराधियों को रिगफ्तार करे। मालूम हो कि सोमवार की संध्या सवा सात बजे भुरकुंडा जनता टॉकीज के समीप अपराधियों ने गजानंद प्रसाद पर जानलेवा हमला किया था। हलांकि इस घटना में वे बालबाल बच निकले। बताया जाता है कि अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद जवाहर नगर होते हुए हुरूमगढ़ा के रास्ते से भागे हैं। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोली कार के चदरे व शीशे को तोड़ते हुए दूसरे छोर से निकल गई थी। लगभग एक घंटा के बाद पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चैधरी लोगों को समझा-बूझाकर जाम हटवाया। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि अपराधी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे। पुलिस लगातार छापामारी में जुटी है। ग्रामीणों की यह भी मांग थी कि भुरकुंडा मेन रोड में आये दिन जाम लगा रहता है। एसडीपीओ ने कहा कि इस दिशा में भी जल्द ही ठोस कार्रवाई की जायेगी। सुबह 9 बजे से 10 तक सौंदा लगभग एक घंटा सौंदा बस्ती में भुरकुंडा-पतरातू-सयाल मार्ग जाम रहा। इधर घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। व्यवसायी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इधर पुलिस घटना के बाद से ही घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज को भी खंगाल रही है।

## स्पीड न्यूज

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**गोला।** गोला थाना परिसर में मंगलवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर संतोष कुमार ने लोगों से सरस्वती पूजा आपसी भाईचारगी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होने पूजा में व्यवधान उत्पन्न करने वाले लोगो पर नजर रखते हुए अविलंब पुलिस को सूचना देने की बात कही। मौके पर इंस्पेक्टर राजेश कुमार, थाना प्रभारी सिद्धांत, एस आई मनीष कुमार, लोबिन यहतो, महेश महतो,महेंद्र प्रसाद, शकलू महतो आदि मौजूद थे।

### डहरभंगा में मनाया गया कर्पूरी जयंती समारोह

**टाटीझरिया।** डहरभंगा पंचायत के सीदर बांध स्थल में नाई सामाज द्वारा बहुत ही धूमधाम से प्रखंड स्तरीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गया। कार्यक्रम का आरम्भ दिप प्रज्वलित कर किया गया। जिसका मुख्य अतिथि के रूप में टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख संग अध्यक्ष संतोष मंडल थे। जिन्होंने जन नायक कपूरी ठाकर के तस्वीर पर मालार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए नाई समाज के पदाधिकारियों सदस्यों को उनके आदर्श सिद्धांतो पर चलने को कहते हुए प्रेरित किया।

### कॉलेज प्रबंधन बच्चों के विकास के प्रति है कटिबद्ध : डॉ. दास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज में मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र के तहत मंगलवार को रोजगार मेला का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आरके दास ने दीप प्रज्वलित कर किया। रोजगार मेला में महाविद्यालय के स्नातक स्तर के छात्र–छात्राएं शामिल हुए। इसमें सबसे अधिक नर्सिंग में छात्र–छात्राओं का चयन हुआ। वहीं कईयों ने टेलरिंग में भी अपनी रूची दिखाकर बाजी मारी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य हैं, इनके सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। श्री दास ने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के प्रति कॉलेज के तमाम शिक्षक–शिक्षिकाएं कटिबद्ध हैं।

### बाल्यकाल का संस्कार बच्चों को सामाजिक बनाता है : फणींद्रनाथ



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या विकास समिति, झारखण्ड के रांची विभाग निरीक्षक फणीन्द्र नाथ झा ने विद्यालय के आचार्यों की बैठक में उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि हम आचार्यों का दायित्व बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार एवं समर्पण का भाव विकसित करना है। यही भाव उन्हें सामाजिक बनाता है। उन्होंने आगामी दशम एवं द्वादश की बोर्ड परीक्षा में बेहत्तर परिणाम के लिए भैया–बहनों की दिनचर्या की जानकारी लेने, तनावमुक्त परीक्षा का वातावरण बनाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य–आचार्या उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस को लेकर हुआ अंतिम अभ्यास



**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस पर सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अंतिम अभ्यास किया गया। इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया जिसके उपरांत उपायुक्त ने झंडारोहण किया। अंतिम अभ्यास के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ के छात्र एवं छात्राओं द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई।

## सरस्वती पूजा में बजेंगे डीजे पर जुलूस पर प्रतिबंध


बैठक में शामिल लोग।

**दारू।** आगामी सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस को लेकर दारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रशिक्षु आईएएस सह बीडीओ शताब्दी मजूमदार ने किया तथा संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार ने किया। बैठक में सरस्वती पूजा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया गया कि पूजा शांति पूर्वक मनाए। पूजा पंडाल में कम ध्वनि में डीजे बजा सकते है लेकिन मूर्ति विषर्जन में डीजे बजाना सख्त मना किया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आप व्हाट्सएप ग्रुप में किसी तरह की अगर अफवाह मैसेज आती है तो आप उस मैसेज को फारवर्ड मत कीजिये आप तुरंत मुझे जानकारी दे। अफवाह फैलाने वाले लोगो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। सभी समिति के सदस्य जिला प्रशासन के द्वारा जो गाइडलाइंस दिया गया है उसका पालन करना अतिआवश्यक है। इस मौके पर अंचलाधिकारी नीतू कुमारी, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, मो फारुख,प्रभात सिंह, रामाशीष प्रसाद, सहदेव नारायण यादव, विक्की प्रसाद सहित कई लोग शामिल थे।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है : अंबा प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ग्रामीणों की समस्या सुनतीं विधायक अंबा प्रसाद।

**बासल (रामगढ़)।** सयाल उत्तरी पंचायत के एमआरएफ पब्लिक स्कूल में ग्रामीणों के साथ विधायक अंबा प्रसाद ने बैठक की। बैठक में विधायक ने पंचायतवासियों की समस्या सुन समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक ने बारी-बारी से सबों की समस्या सुनी। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करा दी। वहीं कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग से संपर्क कर जल्द से जल्द निष्पादन करने की बात कही। बैठक के बाद अंबा प्रसाद ने सयाल उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 1 और 2 में डोर टू डोर पैदल भ्रमण कर जन समस्याओं से अवगत हुईं। साथ ही सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कर कार्य को निष्पादन करने का आश्वासन दी। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि समस्या के लिए जनता हमें ना ढूंढे मैं खुद जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए उनके पास पहुंचगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही मेरा उद्देश्य है। मौके पर पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि ष्णा सिंह, सयाल उतरी पंचायत समिति सदस्य कंचन देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी इंदु मिश्रा, मुखिया तिलेश्वर साव, मुखिया जगदीश साव, पंसस मुकेश कुमार साव, जय सिंह, अजय पासवान, शंकर पासवान, उप मुखिया विमलेश कुमार, मीना राय, संजय सिंह, राजरानी देवी, वार्ड सदस्य मंजूलता देवी, सीता देवी, संगीता देवी, आंझी देवी, गीता देवी, ज्ञानती देवी, पूनम देवी, कुलदीप उरांव, कांति देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## नियम विरुद्ध ट्रैफिक जांच का आजसू करेगी विरोध : दांगी



**पतरातू।** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमेटी द्वारा मंगलवार को पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। । प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद निरन्तर सरकार का धौंस दिखाते हुए नियमों का उल्लंघन करती रहती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि विधायक के इशारे पर हीं आम लोगों को हेलमेट जांच के नाम पर ट्रैफिक पुलिस परेशान कर रही है। कहा कि क्षेत्र में बालू और कोयला का अवैध कारोबार जारी है पर इसपर कार्रवाई नही हो रही है। कहा कि महागठबंधन के शासन काल में राज्य के लोगों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं । राज्य सरकार इस ओर ध्यान नही दे रही है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार, जिला प्रवक्ता बीरेंद्र झा, जिला संगठन सचिव विक्रांत साहू, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, प्रखंड उपाध्यक्ष, राजेश पटेल, प्रखंड उपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

### जिला नाई समिति ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनायी जयंती



**रामगढ़।** स्टेप स्कूल प्रांगण रामगढ़ में जिला नाई समिति द्वारा प्रखंड स्तर पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत रामगढ़ जिला नाई समिति के जिलाध्यक्ष प्रो पूर्णकांत कुमार ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी कोषाध्यक्ष प्रो प्रणीत कुमार, संरक्षक महेंद्र ठाकुर, राजेश ठाकुर, किस्टो ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, अंतू ठाकुर, अमित कुमार, लखन ठाकुर, सुजीत ठाकुर, मणि शंकर ठाकुर, निकिता शर्मा, नूतन आनंद मौजूद थे।

## कर्तव्य के प्रति सजग थे कर्पूरी ठाकुर : डीसी

### इचाक में धूमधाम से मनायी गयी जननायक की जयंती

**इचाक।** महान स्वतंत्रता सेनानी पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूरी ठाकुर की 99 वीं जयंती नया काली मंडा इचाक के प्रांगण में मनाई गई, कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त नैन्सी सहाय व विशिष्ट अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने दीप प्रज्वलित कर किया। डीसी ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर अपने कर्तव्य के प्रति संवेदनशील थे। सादगी, संवेदना से राज्य व देश को आगे बढ़ाया। हम सबों को उनसे सीख लेने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि उमेश प्रताप ने कहा कि कपूरी ठाकुर ने मुख्यमंत्री रहते सरकारी पद का दुरुपयोग नहीं किया। उन्होंने ईमानदारी से मुख्यमंत्री कार्यकाल को निभाया। झामुमो युवा मोर्चा के पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार ठाकुर ने कहा की कपूरी ठाकुर गरीबों शोषितों का उत्थान किया हैं । कार्यक्रम में प्रमुख पार्वती देवी, जिप सदस्य रेणु देवी, मुखिया अशोक कपरदार, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम , शत्रुधन राम , अशोक यादव, ओमप्रकाश मेहता, रामलखन मेहता, अशोक ठाकुर, पप्पू ठाकुर, तिलक ठाकुर , शंभू ठाकुर , मुखिया मीना देवी , किरण देवी, किरण देवी, संध्या शर्मा, दीपा कुमारी, बिशेश्वर ठाकुर, रामशरण शर्मा, सुबोध दास सहित कई लोग शामिल थे।

## बालक-बालिकाओं का भेद त्यागकर बढ़ें आगे : विवेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बेटियों के महत्वको बताते हुए छात्रों को शपथ दिलातीं शिक्षिका नीलू।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षिका नीलू श्रीवास्तव ने बच्चों को बालिका दिवस के उद्देश्यों की जानकारी दी। बेटियों के महत्वको बताते हुए सभी को शपथ दिलाई गई। निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि बालिका दिवस का उद्देश्य लड़के-लड़कियों में असमानता को दूर कर लड़कियों को समान अधिकार प्राप्त कराना है। लड़कियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कानूनी अधिकार और सम्मान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।उन्होंने कहा कि स्त्री और पुरूष परिवार व समाज के संचालन के लिए गाड़ी के दो पहिए के समान हैं। 21वीं सदी का भारत आज विज्ञान की उन्नति में अग्रसर तो है, लेकिन समाज में स्त्री-पुरूष की असमानता उसे गर्त की ओर धकेल रहा है। इसलिए नारी शक्ति का सम्मान परम आवश्यक है। समाज बालक एवं बालिका के भेद को त्यागकर सकारात्मक सोच की ओर कदम बढ़ाये। इस अवसर पर साधना सिन्हा, दीपिका तिवारी, श्रीपर्णा गुप्ता, रितिका रानी, सोनम खातून,नाजिया तौहिद, उषा कुमारी, रीता राय, अनन्या कुमारी, दिव्या कुमारी, अरविंद दुबे, अंकित विश्वकर्मा, नदीम अहमद आदि मौजूद थें।

## आपसी सौहार्द का संदेश देते हैं हमारे त्योहार : रामसरीख तिवारी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी में सरस्वती पूजा को ले मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसआई रामसरीख तिवारी ने की। बैठक में सरस्वती पूजा एकता व भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही गई। मौके पर एसआई रामसरीख तिवारी व एएसआई बीएन ओझा ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को ले जिले में आचार संहिता लगा हुआ। इसके तहत पूजा के दौरान डीजे पर मनाही होगी। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान हुडदंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या हुड़दंग की सूचना पर पुलिस को सूचित करें। मौके पर एसआई रामसरीख तिवारी, एएसआई बीएन ओझा, पुरन सिंह, आरपी शर्मा, चमन लाल, मुखिया उपेंद्र शर्मा व अजय पासवान, उपेन्द्र शर्मा, डब्लू पांडेय, जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, प्रदीप मांझी, मुकेश राउत, बलजीत सिंह, रोहित सोनी पुरेंद्र सिंह, जानकी ठाकुर, काला बाबू, प्रेम नाथ विश्वकर्मा सहित दर्जनो लोग मौजूद थें।

## बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य : धनुकधारी महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रतियोगिता में दौड़ लगाते बच्चे।

**भदानीनगर (रामगढ़)।** ज्ञान ज्योति केंद्र स्कूल चिकोर में चल रहे वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता की शुरूआत स्कूल के निदेशक धनुकधारी महतो ने दीप प्रज्जवलित कर व व्हिसल बजाकर की। प्रतियोगिता के अंतिम दिन लांग जंप, हाई जंप, मेढ़क दौड़, 800 मीटर दौड़, पिछली दौड़, एक पैर दौड़, तीन पैर की दौड़ आदि खेल-कूद हुए। इसके पूर्व छात्र और छात्राओं का मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं की दौड़ स्कूल परिसर से निकल कर चिकोर गांव होते हुए निम्मी गांव पहुंचकर वापस स्कूल प्रांगण पहुंचा। 8 किलोमीटर की छात्रों की दौड़ में प्रथम राजकुमार सिंह, द्वितीय राहुल कुमार, तृतीय आशीष कुमार गंझू और छात्राओं में नीलम कुमारी प्रथम, कल्पना कुमारी द्वितीय और सोनी व खुशबू कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त कर सफल प्रतिभागी घोषित हुईं। मौके पर प्राचार्य डीडीएम ने कहा कि खेल-कूद से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। प्राचार्य श्री महतो ने बताया कि हमारा विद्यालय विद्यार्थियों बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी देता है। उन्होंने यह भी बताया कि दौड़ में शामिल बालल-बालिकाओं के प्रथम विजेता को 1500, द्वितीय को 1000 व तृतीय स्थान पाने वाले को 500 रुपये नकद पुरस्कार से नवाजा जायेगा। गणतंत्र दिवस के दिन समारोह पूर्वक पुरस्कारों का वितरण किया जायेगा। वहीं लांग जंप, हाई जंप, मेढ़क दौड़, 800 मीटर दौड़, पिछली दौड़, एक पैर दौड़, तीन पैर की दौड़ आदि खेलों के सफल प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस के दिन ही मेडल, ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्राचार्य बिरेंद्र सिंह, सुनील प्रजापति, रुपेश यादव, राजेंद्र ठाकुर, अभिजीत ठाकुर, दीपक मुखर्जी, शेखर, किशोर यादव, गंगा कुमारी, नेहा, रिंकू, पूजा, मुस्कान, नीलम, मुस्कान परवीन, जूही परवीन का आदि का योगदान रहा।

## एक नजर में

### मुखिया ने उत्क्रमित विद्यालय झरपो में बांटे स्वेटर



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो मुखिया शिबु प्रसाद सोनी ने उत्क्रमित +2उच्च विद्यालय झरपो प्रांगण स्थित मध्य विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मुखिया ने बच्चों को ठंड में प्रतिदिन स्वेटर पहन कर आंगनबाड़ी आने का बात कहा तथा बच्चों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार दीपक, लक्ष्मीकांत सोनी, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य बसन्त राम, श्याम कुमार शर्मा, संग विद्यालय परिवार के सहायक शिक्षक शिक्षिका गण उपस्थित थे।

### पंचायत समिति सदस्य ने उप स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण



**दारू।** प्रखंड प्रमुख कुमारी स्वेता ने हरली की मुखिया फरजाना खातून और पंचायत समिति सदस्य गीता कुमारी के साथ स्वास्थ्य उपकेंद्र पेटो का मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों ने केंद्र में मौजूद सुबिधा की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के बाद प्रमुख ने बताया कि केंद्र में सरकार द्वारा काफी सुविधाएं दी गई है। निरीक्षण के दौरान केंद्र के डॉक्टर अमरेश कुमार, कैलाश प्रसाद, मोहम्मफ फारुखउद्दीन, छोटन कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### विधायक ने पूजा-अर्चना कर विश्व शांति की कामना की



**हजारीबाग।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने देवघर गए। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने साथी विधायकों के साथ मंगलवार की सुबह पुण्यभूमि देवघर में द्वादश ज्योतिर्लिंग अनाथों के नाथ, औढ़र दानी, देवों के देव महादेव बाबा बैद्यनाथ और और माँ पार्वती से आशीर्वाद हेतु पूजा- अर्चना और प्रार्थना किया। विधायक श्री जायसवाल ने विश्व कल्याण और समस्त हजारीबाग वासियों के सुख- शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की । विधायक मनीष जायसवाल ने अपने साथी हटिया विधायक नवीन जायसवाल, पलामू विधायक आलोक चौरसिया, चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी, खूंटी विधायक नीलकंठ मुंडा के साथ यहां पूजा- अर्चना किया।

### कांग्रेस के नेतृत्व में चलायी गयी भारत जोड़ो यात्रा



**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो में कोंग्रेस पार्टी के टाटीझरिया कोंग्रेस प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो मुखिया शिबुप्रसाद सोनी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा के बैनर तले एक तेरा कदम एक मेरा कदम मिल जाये तो जुड़ जाए अपना वतन के तहत जागरूकता अभियान झरपो पंचायत भवन से बुध बाजार दुर्गा मंडप प्रांगण तक चलाया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष श्री सोनी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में क्षेत्रवासियों से कहा कि कोंग्रेस कभी भी जातिवाद नही करता है। मौके पर लक्ष्मीकांत सोनी, कोंग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष महेश राम प्रदेश महासचिव डॉ. प्रकाश कुमार,रोहन मेहता शैलेंद्र यादव,रीतलाल मंडल, रोहन ठाकुर,केदार गौरव,सरजू प्रसाद, अजय वर्मा,जमुना सिंह,संजय भुइंया, उषा रानी, मो.सुलेमान अंसारी,राजू पासवान,छक्कन पांडेय,कौलेश्वर प्रसाद,श्री भुइंया,श्याम शर्मा,रवि यादव,मनोज कु.सिंह, समेत अन्य सैकड़ो महिला पुरूष शामिल थे।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी



**विष्णुगढ़।** हीरामन महतो के आवास में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 127 वी जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय महतो, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हीरामन महतो, भाजपा अनुसूचित जाति महामंत्री दीपक रजक, भाजपा युवा मंत्री वीरेंद्र कुमार, गुलाब महतो, भागीरथ महतो, सोमरा महतो, जाकिर अंसारी,भाजपा युवा नेता दिनेश कुमार मंडल, रंजीत कुमार सोनू,कुमार जुगल, किशोर महतो, सोमर महतो आदि शामिल थे।

### टाटीझरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना परिसर में गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने को लेकर टाटीझरिया सीओ निलम कुमारी की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार बीडीओ साइनी तिग्गा ने उपस्थित पूजा कमेटी के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों से शांतिपूर्ण तरीके पर्व मनाने को आग्रह किया और डीजे साउंड मालिकों से पर्व के दौरान अश्लील गाने नही बजाने समेत अन्य कई बिदुओं पर चर्चा करते हुए प्रशासनिक नियमों को पालन करने का आग्रह किया। शांति व्यवस्था भंग करने वाले लोंगो को पकड़े जाने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। मौके पर टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख अध्यक्ष संतोष मंडल,सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह, महेश अग्रवाल, जिला शिक्षा सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक सुरेन्द्र प्रसाद यादव,जोधी प्रसाद यादव, लक्ष्मण प्रसाद, सुनील साहू,कृष्णा कुमार, आशीष कुमार यादव, होपन सिंह, समेत अन्य सैकड़ो जनप्रतिनिधि, समाज सेवी गन,पूजा कमेटी पदाधिकारी सदस्य,डीजे साउंड के मालिक ग्रामीण क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग में प्रश्नोत्तरी, निबंध, वाद-विवाद, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के डॉ. आशा प्रकाश, रंजना पाण्डेय, उषा किरण श्रीवास्तव, करलुस टोप्पो, अनामिका कुमारी, अमरेश कुमार पाण्डेय, उमेश चंद्र महतो, राकेश रंजन, अरबिन्द कुमार एवं अर्चना राणा का योगदान रहा। वहीं, दूसरी ओर हिंदी विभाग द्वारा हस्तकला कौशल तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हस्तकला कौशल प्रतियोगिता में रिया को प्रथम, महिमा को द्वितीय और पार्वती को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में रिया प्रथम, ज्योति द्वितीय और पार्वती तृतीय स्थान पर रहीं।

### कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर नाई समाज की हुआ जुटान



**बरकट्ठा।** राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रखंड इकाई बरकट्ठा के तत्वावधान में कपूरी ठाकुर की जयंती समारोह का आयोजन मंगलवार को परबत्ता मैदान में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, मुखिया मुन्नी देवी, पंस सदस्य रेशमी देवी, प्रदीप मंडल, समन ठाकुर, गोविंद ठाकुर थे। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि कपूरी जी पिछड़ी जाति के मान सम्मान और सामाजिक, राजनीतिक भागीदारी की लड़ाई लड़ी। समारोह में बहादुर ठाकुर, वीरेंद्र कुमार शर्मा, जगदीश ठाकुर, राजेश कुमार शर्मा व अन्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### साईंनाथ यूनिवर्सिटी के छात्र ने की आत्महत्या

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के कुच्चू स्थित साईंनाथ यूनिवर्सिटी के छात्र सिद्धार्थ कुमार शर्मा लगभग (22 वर्ष) ने आत्महत्या कर लिया। बताया गया कि रामगढ़ निवासी मनोज शर्मा का बेटा सिद्धार्थ साईंनाथ यूनिवर्सिटी कुच्चू के सामने एक किराए के माकान में रहकर साईंनाथ युनिवर्सिटी में ही पढाई करता था। सोमवार रात 1.30 बजे के करीब घटना की सूचना मिलने पर ओरमांझी थाना पुलिस पहुंची। कमरे में पंखे पर छात्र फांसी पर लटका था। घटना के बाद रात में ही स्वजन पहुंच गए थें। स्वजनों ने किसी प्रकार का आशंका नहीं जताया और स्वेच्छा से छात्र के शव को रामगढ़ लेकर चले गए। वहीं साईंनाथ यूनिवर्सिटी के वीसी एसपी अग्रवाल ने बताया वह बी फॉर्मा का छात्र था। आज ही संस्थान में दीक्षांत समारोह था, जिसके कारण वह व्यस्त थे।

### गोंदलीपोखर में लगा मोतियाबिंद जांच शिविर

**अनगड़ा।** लांयस क्लब ऑफ रांची मुक्ति एण्ड इन्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के सौजन्य से मां शक्ति फ्युल सेन्टर गोन्दली पोखल मे 25 जनवरी बुधवार को प्रातः दस बजे से चार बजे शाम तक मोतियाविन्द जांच ऑपरेशन एव ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन किया गया है । मोतियाविन्द के जाच के बाद ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ने पर उसे निरामया अस्पताल कोकर ले जाया जाएगा जहां अनुभवी डाक्टरो के द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशान किया जाएगा उक्त जानकारी मां शक्ति फ्युल सेन्टर के संचालक विवेक कुमार ने दी।

### सिल्लीः गायों के लिए नवनिर्मित शेड का उद्घाटन कल

**सिल्ली।** राधा माधव आश्रम सिल्ली में स्व कुंज बिहारी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में गायों के लिए एक शेड का निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन 26 जनवरी दिन गुरुवार को किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए स्व कुंज बिहारी अग्रवाल के बड़े पुत्र सुमन अग्रवाल ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर इस्कॉन अनुमोदित हरे कृष्ण नामहट्ट संघ सिल्ली द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दुर्गा देवी अग्रवाल एवं परिवार के सदस्यों के अलावा कई गणमान्य के साथ स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहेंगे।

### दलादली पुरना टोली के 60 जरूरतमंदों को मिला कंबल

**पिस्कानगड़ी।** सरई सेवा ट्रस्ट द्वारा नगड़ी प्रखंड के दलादली पुरना टोली में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें ए आदिवासी समाज के 60 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों का परंपरागत तरीके से गाजे.बाजे के साथ मुख्य अतिथि का पैर धोकर स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि अधिवक्ता झारखंड उच्च न्यायालय कुमार हर्ष ने कहा कि इस प्रकार से सेवा कार्य करने में हमें आनंद आता है समाज अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े रहे। मिलजुल कर समाज को सशक्त करने की जरूरत है सेवा कार्यों में भी लगे रहना है कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय आदिवासी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सह ट्रस्ट के सचिव सन्नी टोप्पो ने किया। मौके पर सरई सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष हिन्दुवा उरांव उपाध्यक्ष नीमा तिर्की, साजन मुंडा, पिंकी देवी, बंधना मुंडा, गणेश मुंडा, संतोषी देवी, छोटी कुमारी सहित बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

### एसबीआई राहे ने बीमा क्लेम का किया भुगतान

**राहे।** एसबीआई राहे शाखा में मंगलवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का भुगतान किया गया। प्रखंड के कोम्बोजराडीह के चंपा देवी की मौत आग से जल कर हुई थी। जिसने एसबीआई राहे शाखा में सामान्य बीमा कराया था। दुर्घटना में मौत के बाद शाखा द्वारा सामान्य प्रक्रिया के बाद बीमा राशि कुल दो लाख का भुगतान किया। बीमा भुगतान मृतक के पुत्र हरिहर मुंडा को किया गया।

# दोस्त की पत्नी ने घर में घुस कर किया हमला, पिता-पुत्री घायल

## सब्जी काटने वाले चाकू से किया हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के सिलदिरी में एक महिला ने पति के दोस्त के घर में घुस कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे जीतेंद्र प्रसाद साहू (35 वर्ष) और उसकी बेटी राधिका कुमारी आठ वर्ष जख्मी हो गए, वहीं पत्नी बालबाल बच गई। सोमवार शाम 6.30 बजे हुई घटना के संबंध में जीतेंद्र की पत्नी विमला देवी ने बताया पति के दोस्त संतोष वर्मा की पत्नी मधु देवी काफी गुस्से में थी। सब्जी काटने वाला चाकू लेकर पहुंची थी। दरवाजा खोलते ही वह टूट पड़ी। किसी प्रकार बचते हुए बचते हुए उसने पति को फोन की, जीतेंद्र के घर पहुंचते ही मधु देवी उसपर टूट पड़ी। चाकू से कई हमले कर दी, जिससे जीतेंद्र के हाथ व चेहरा जख्मी हो गया। जीतेंद्र पहुंचने से पूर्व वह उसकी पत्नी विमला देवी को मारने का प्रयास कर रही थी। मां को बचाने के दौरान बेटी राधिका कुमारी भी घायल हो गई। उसके हाथ में चाकू से कट गया है। बाद में किसी प्रकार मधु देवी से चाकू लूटा गया। वहीं खून से लथपथ जीतेंद्र को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया।


सीएचसी में जख्म दिखते जीतेंद्र प्रसाद साहू और घायल बेटी।

### घर में विवाद का कारण दोस्त को मानती थी

मधु देवी का पति संतोष वर्मा के बीच अक्सर विवाद होता है। इसके लिए वह पति दोस्तो को ही दोसी ठहराती है। जब मधु पति के दोस्त के घर में हमला करने पहुंची उस समय भी दोनो दोस्त साथ में ही थे। बताया गया कि पूर्व में भी मधु द्वारा पति के दोस्त जीतेंद्र के खिलाफ थाना में कई आरोप लगा चुकी है। हमरा करने वाली मधु देवी दोस्त की पत्नी होने के कारण जीतेंद्र ने थाना में मामला दर्ज नही कराया गया। इधर दोबारा हमला करने फिर घर न आ जाए इसे लेकर जीतेंद्र की बच्चे व स्वजन डरे हुए हैं। घटना के बाद पुलिस पहुंच कर उससे पूछताछ की।

# महादेव टंगरा धाम में सामूहिक आरती, थानेदार ने मांगी क्षेत्र में शांति और सद्भाव की मन्नत

## मंदिर विकास के लिए उठे हाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** महादेव टंगरा धाम मंदिर विकास समिति की ओर से मंगलवार की शाम सामूहिक आरती आयोजित की गयी। इसमें बिजुलियाए चापाटोली, अगडू, गुड़ू, बाजपुर, तिगरा, टिकराटोली, हिंसरी आदि गांव के भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। धाम विकास के लिये सैकड़ों हाथ उठे। कार्यक्रम में थानेदार सपन कुमार महथा खास मेहमान थे। उन्होंने यहां लगे सीसीटीवी कैमरे का उद्धाटन किया। इससे पूर्व श्री महथा ने आरती में हिस्सा लेकर क्षेत्र में शांतिए सद्भाव और भाईचारे की मन्नतें मांगी। पदधारी और सदस्यों ने उनका चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। संचालन अध्यक्ष कुशवाहा शिवचरण मेहता ने की। जबकिए धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक सुरज साहू ने दिया। मौके पर कामेश्वर महतो, आरएन महतो, रमेशचंद्र महतो, सुरेंद्र महतो, शिवकुमार प्रजापति, अमित उरांव, सचिन सिंह, अजय उरांव, बिक्रम उरांव, विकास कुमार, राधिका प्रसाद, मृत्युंजय कुमार, हेमंत कुमार, ललित उरांव, सुरेश प्रसाद व सुरेश महतो समेत सैकड़ों महिलाएं और बच्चे मौजूद थे।


मंदिर में आरती करते रातू के थानेदार और अन्य।

### कैमरे से होगी धाम की निगहबानी

श्री महथा ने कहा कि कैमरे से धाम परिसर की निगहबानी होगी। वहींए अपराधिक गतिविधि में संलिप्त लोगों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने समिति के पदधारियों से इसके रख.रखाव में विशेष ध्यान देने की अपील करते हुये मंदिर के विकास में अपेक्षित सहयोग का भरोसा दिलाया।

# सरस्वती पूजाः ग्रामीण क्षेत्र के थानों में हुई शांति समिति की बैठक, पूजा को लेकर दिये गये निर्देश

## गंवों में धूमधाम से होती है सरस्वती पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना परिसर में मंगलवार को सरस्वती पूजा शांति और सौहार्द से बनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई अध्यक्षता डीएसपी रजत मणिक बाकला और संचालन थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने किया। मालूम हो कि इस बार 26 जनवरी के दिन ही सरस्वती पूजा है थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव में सरस्वती पूजा काफी धूमधाम से मनाई जाती है। बैठक में पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव तथा अन्य ग्रामीण सहित कई जनप्रतिनिधि ने हिस्सा लिया। बैठक में सभी लोगों से यह अपील किया गया है कि शांति पूर्वक आपसी भाईचारे के साथ सरस्वती पूजा को मनाए।मौके पर डीएसपी ने कहा विद्या और ज्ञान के लिए देवी सरस्वती की पूजा की जाती है ऐसे में अभद्र गाना बजाना और नशा पान करना ठीक नहीं है उन्होंने कहा सरस्वती पूजा शांति और सौहार्द से संपन्न कराने के लिए पुलिस मुस्तैद रहेगी शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी शरारती तत्वों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव वाणी कुमार रायएबलराम सिंहएजगरनाथ भगतए मुखिया सुशांति भगत, लक्ष्मी कोयाएअंजू कच्छपएचरवा उरांवएशशि गोपए मोहिबुल ओहदारएअमीन अंसारी नेसार सहित कई लोग मौजूद थे।




### नगड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना परिसर में मंगलवार को नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में शांति समिति के सदस्य और नगड़ी के पूजा पंडालों के पदाधिकारी एवं गणमान्य में सभी लोगों ने सर्वसम्मति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा मनाने का निर्णय लिया । मौके पर बैठक का संचालन एस आई संतोष कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन ए एस आई मुनेश्वर सिंह ने किया। बैठक मेंनगड़ी मुखिया जय गोपाल उरांवएतपेश्वर केसरी दिलरुबा हुसैन केदार महतो, प्रेमसागर महतो मौजूद थे।

### इटकीः सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**इटकी।** सरस्वती पूजा को लेकर मंगलवार को इटकी थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक बीडीओ गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इटकी क्षेत्र में स्थापित सभी प्रतिमाओं का विसर्जन 27 जनवरी को करने व तेज आवाज के साथ बाजा नही बजाने का निर्देश जारी किया गया। इसके अलावा सूचना के बावजूद बैठक में शामिल नही होने वाले सदस्यों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने की बातें कही गयी। बैठक में सीओ रश्मि लकड़ा, उप प्रमुख परवेज आलम, मुखिया रमेश महली, मुर्तजा आलम, आरिफ रजा, मो सलीमुद्दीन, हाजी मो मोइन, सलीम अंसारी, बलराम गोप, राजकुमार तिर्की, इकबाल अंसारी, अकील अहमद, मुदीन मंसूरी, नंदलाल महतो, लाला खान, नजीर अंसारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### 15 एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट



**राहे।** राहे प्रखंड के होटलो पंचायत अंतर्गत फुलवार गांव में मंगलवार को एसएसबी 26वी बटालियन के कमांडेंट एसडी शेरखाने के नेतृत्व में राहे पुलिस के जवान और एसएसबी 26वी बटालियन के जवानों के संयुक्त अभियान में जंगल के बीच 15 एकड़ में लगे अफीम के पौधों को नष्ट किया गया। अफीम के पौधों को किसने लगाया पूछताछ किया जा रहा है। अभियान में ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान के टीम के साथ एसएसबी इंस्पेक्टर रविशंकर, हरदीप सिंह, दीपक कुमार सहित जवान उपस्थित थे।

### एनसीओईए सीटू की क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक



**पिपरवार।** एनसीओईए सीटू के यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में मंगलवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन को लेकर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति सुबह 8.30 बजे क्षेत्रीय कार्यालय में झंडोत्तोलन किया जाएगा। बैठक में सीसीएल सचिव इस्लाम अंसारी, सीएचपी शाखा सचिव मोहम्मद आलम, क्षेत्रीय सह सचिव रुखसार आलमएसीएचपी संगठन सचिव भुनेश्वर उरांव, सोहेल अख्तर सुरेंद्र दास अशोक विश्वकर्मा संजय जाधव विनोद कुमार, नरसिंह प्रजापति, रियाज अंसारी, गुरदयाल सिंह, शमशुल हुदा सहित यूनियन के सभी शाखा एवं क्षेत्र के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रमुख-उप प्रमुख ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**सिल्ली।** पंचायत समिति सिल्ली द्वारा 15वें वित्त मद से तीन योजनाओ के निर्माण कार्य की शिलान्यास की गयी। सिल्ली के प्रमुख जितेंद बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, बीडीओ पावन आशीष लकड़ा, सीओ धर्मेंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से इन योजनाओं की आधारशिला रखी। इन योजनाओं में प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड कार्यालय से सुपरवाइजर क्वार्टर तक पीसीसी पथ निर्माण, 15वें वित्त मद से सिल्ली थाना भवन की मरम्मत कार्य एवं सिल्ली सामुदायिक अस्साल भवन में 15 वें वित्त मद से अस्पताल परिसर में पेवर्स ब्लॉक लगाने का काम शामिल है। इस मौके पर डॉ जितेंद महली, सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप, थाना के अन्य पदाधिकारी समेत स्थानीय जन प्रतिनिधि शामिल थे।

# सोनाहातूः हाथियों ने कई घरों को किया छतिग्रस्त, खा गये अनाज



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के जामुदाग, कांशीडीह, तुलसीबेड़ा और चोगा गांव में सोमवार की रात हाथियों के झुंड ने जम कर उत्पात किया है। तुलसीबेड़ा के हरिश्चंद्र महतोए जगदीश महतो एवं महेंद्र नाथ महतो तीनों सगे भाइयों के घर व चारदीवारी को जंगली हाथियों के झुंड ने ध्वस्त कर धान-चावल को खाया और अन्य घरेलू सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया। विद्या भारती स्कूल तुलसीबेड़ा मुख्य गेट समेत कई कमरों को क्षतिग्रस्त किया। चोगा गांव के दीपेश कोइरी, कर्मा कोइरी, चितरंजन कोइरी, सोनाराम महतो, हरि कुंवर कोइरी के खेत में लगे सब्जी को नष्ट किया है। इधर मंगलवार शाम को हाथी को भगाने के लिये संसाधनों से लैस होकर हाथी भगाओ दल गांव पहुंच कर हाथियों के झुंड को भगाने की तैयारी कर रही थी।

# गूंज महोत्सवः स्वयंसेवक हुए सम्मानित

## तीन दिवसीय कार्यक्रम में स्वयंसेवकों का अह्म योगदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में गुंज महोत्सव 2022 को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि गूंज के संरक्षक सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि गूंज महोत्सव के सफल आयोजन में स्वयंसेवकों ने जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। स्वयंसेवकों के लगातार 3 दिनों तक अथक परिश्रम एवं सुझबुझ से गूंज महोत्सव के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा किया जाता है।

साथ ही स्वयंसेवकों का उत्तरदायित्व बहुत अधिक है। महोत्सव के दौरान आप सबों का अनुशासन आपको अपने समाज में एक अलग पहचान मिला। दायित्व बहुत बड़ा है समाज भी हमारी ओर देख रहा है और समाज हमें एक स्वयंसेवक के रूप में देखता है। समाज की हमसे बड़ी-बड़ी अपेक्षाएं रहा और उन अपेक्षाओं को पूर्ण करते हुए समाज में भी एक अच्छे स्वयं सेवकों की तरह कार्य करना है। गूंज महोत्सव में आयोजित एक साथ पांच हजार छऊ कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य को जहां इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट मिला। 5 हजार छऊ कलाकारों के इस नृत्य प्रदर्शन को वियतनाम के एक टीम के द्वारा सर्वेक्षण किया जा रहा है। जिससे संभवत बहुत जल्द एशियन गिनीज ऑफ रिकॉर्ड बुक में शामिल किया जाएगा। इन सभी उपलब्धियों को लेकर बड़ा समारोह आयोजित किया जाएगा।

बैठक में गूंज महोत्सव के सभी स्वयं सेवकों को सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन गूंज के अध्यक्ष सुनील सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन धीरेंद्र नाथ महतो ने किया। इस मौके पर गूंज संयोजक जयपाल सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सुशील महतो, संजय सिद्धार्थ, अधीर चंद्र महतो, रामस्वरूप मंडल और स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# पैदल भारत भ्रमण पर निकले सनोज पहुंचे पिठोरिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** भारत भ्रमण के लिए निकले 23 वर्षीय सनोज कुमार कुशवाहा सोमवार को पिठोरिया पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर निवासी सनोज ने बताया कि वे गरीब किसान परिवार से आते हैं। इनके पिता का नाम सुरेश कुशवाहा है। पैदल भारत भ्रमण करते हुए झारखंड कोडरमा में प्रवेश किए। भारत भ्रमण के बारे में सनोज ने बताया कि उन्होंने पैदल यात्रा 23 अक्टूबर 2022 से पश्चिम बंगाल हावड़ा से शुरूआत की। भारत भ्रमण का उद्देश्य के बारे में बताया कि भारत के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति एवं भाषा के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का अवलोकन करना है। उन्होंने बताया कि नागालैंड में 10 दिनों तक चलने वाला आदिवासियों के महत्वपूर्ण हरनी बीर फेस्टिवल में भी शामिल हुए थे। इसके अलावा पटना के गांधी मैदान, साइंस सेंटर, गया के बोधगया के अलावे प्रसिद्ध माउंटेन मैन दशरथ मांझी से भी मुलाकात की। सनोज ने बताया कि वर्ष 2020 में उन्होंने सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग हरियाणा से डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग की डिग्री ली है। डिग्री लेने के बाद उन्होंने कई महीनों तक निजी सेक्टर में भी कार्य किया, लेकिन अलग-अलग प्रदेशों की संस्कृति धरोहर एवं सभ्यता को जानने की उत्सुकता बड़ी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद स्कूल, मंदिर के अलावे सार्वजनिक स्थल पर कैंपिंग टेंट लगाकर रात गुजार लेते हैं।




# चान्हो के लिप्टस बागान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**चान्हो।** प्रखंड के लिप्टस बागान में मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश के कोंग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा भारतीय जनता पार्टी, जिस प्रकार से भेदभाव की राजनीति कर रही है उसके दृष्टिकोण से कांग्रेस और कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को मजबूत होने और पूरे प्यार, सौहार्द और बुद्धिमत्ता से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनावी बयार बहते ही विविध राजनीतिक दलों के नेता और बहुत सारे लोग मांडर विधानसभा क्षेत्र को प्रयोगशाला समझकर सभी के बीच फूट डालने और अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का काम करते हैं और यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसका सामना करने के लिए कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एकजुट रहे। वहीं विधायक ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकताओं के साथ आम लोगों का मजबूत भावनात्मक लगाव है।

## सरई सेवा ट्रस्ट ने किया कंबल वितरण



**पिठोरिया।** सरई सेवा ट्रस्ट द्वारा नगड़ी प्रखंड के दलादली पुरना टोली में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें आदिवासी समाज के 60 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों का परंपरागत तरीके से गाजेबाजे के साथ मुख्य अतिथि का पैर धोकर स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि अधिवक्ता झारखंड उच्च न्यायालय कुमार हर्ष ने कहा कि इस प्रकार से सेवा कार्य करने में हमें आनंद आता है समाज अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े रहे है। मिलजुल कर समाज को सशक्त करने की जरूरत है सेवा कार्यों में भी लगे रहना है। कार्यक्रम का सचालन राष्ट्रीय आदिवासी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सह ट्रस्ट के सचिव सन्नी टोप्पो ने किया। इस दौरान सरई सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष हिन्दुवा उरांव, उपाध्यक्ष नीमा तिर्की, साजन मुंडा, पिंकी देवी, बंधना मुंडा, गणेश मुंडा, संतोषी देवी, छोटी कुमारी सहित बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

## सिल्ली के स्वास्थ्य सहिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, अस्पताल के मुख्य द्वार पर धरना

**सिल्ली।** सिल्ली स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सहिया अपने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को सिल्ली अस्पताल के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठे। इस संबंध में सिल्ली स्वास्थ्य सहिया संघ के अध्यक्ष माधुरी देवी ने बताया कि झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया संघ के बैनर तले सिल्ली में कार्यरत सहिया आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमलोगों को मात्र दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।हम सभी टीकाकरण से लेकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के सभी कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निभाते हैं। तथा अपने कामों को ईमानदारी से कर रहे हैं। प्रोत्साहन राशि भी समय से नहीं मिलती है। जिससे सहिया आर्थिक तंगी से जूझ रही है। हमारी मांगों में प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 18 हजार रुपये मासिक मानदेयक, ईपीएफ भुगतान तथा नियमावली लागू कर सरकारी कर्मी का दर्जा देने आदि शामिल है। इस मौके पर निशा देवी, वीणा देवी, राधा देवी, आरती देवी, सुलोचना देवी, विभा देवी, मंजू देवी, विशोखा देवी, सुनीता देवी, कौसर खातून सरला देवी, आरती देवी, विमला देवी समेत काफी संख्या में सहिया उपस्थित थे।

# अंग्रेजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मिला मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** बाघवार एकेडमी चान्हो में मंगलवार को साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा 22 सितंबर को आयोजित इंग्लिश की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष की जाती है जिससे देश विदेश के सैकड़ों स्कूल के बच्चे हिस्सा लेते हैं।

बाघवार अकादमी चान्हो के पांचवीं कक्षा के छात्र आयुष्मान गोस्वामी ने इस परीक्षा में गोल्ड मेडल आफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीता है। इनका अंतर्राष्ट्रीय रैंक 404 रहा और इन्होंने विद्यालय स्तर पर अव्वल स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों में कक्षा-5 के उमर राजा, अभिषेक कुमार साहू, शाहिद अंसारी तथा खुशी कुमारी ने दूसरा, तीसरा, चौथा एवं पांचवा स्थान पर रहते हुए प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया।



### बच्चों ने किया स्कूल का नाम रोशन

कक्षा- 6 के विद्या कुमारी तथा ममता कुमारी ने पहला एवं दूसरा कक्षा-10 की इंद्राणी कुमारी ने अपने वर्ग में पहला स्थान प्राप्त कर अपनी माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों की इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा की इन बच्चों की सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को जाता है। उन्होंने यह भी कहा की विद्यालय स्तर पर जो भी परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं उनमें सभी बच्चों को बढ़.चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए विद्यालय के शिक्षक हरे कृष्णा सिंह को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा प्रोत्साहन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

स्पीड न्यूज

# पंचायती राज प्रदत्त शक्तियां लेकर रहेंगे : बारी मुर्मू

■ त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष समिति का डीसी ऑफिस पर जोरदार प्रदर्शन

■ जनसेवकों का तबादला वापस लें डीसी अन्यथा कोर्ट की शरण लेंगे : जॉयस बेसरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप सुदृढ़ करने हेतु एवं जिला परिषद को प्राप्त शक्तियां एवं सुविधाएं प्रदान करने, पंचायत प्रतिनिधियों के हक और अधिकार हेतु एक दिवसीय विशाल महाधरना का आयोजन पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद के अध्यक्ष आभारी मुर्मू के नेतृत्व में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष समिति के बैनर तले उपायुक्त कार्यालय पर सुबह 10 बजे तक से 2 बजे तक चला।

धरना प्रदर्शन का समर्थन देने झारखंड जिला परिषद संघ सह दुमका जिला परिषद अध्यक्षा जॉयस बेसरा,उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, साहेबगंज जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू,धनबाद जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह, खुटी जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुडिया, चतरा जिला परिषद अध्यक्ष ममता ममता देवी, सरायकेला जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, जमशेदपुर के सभी जिला परिषद सदस्य, जमशेदपुर ब्लॉक प्रमुख पानी सोरेन, उप प्रमुख शिव हांसदा, धलभुमगढ़ प्रमुख देवला हंसदा सहित विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख, उपप्रमुख, सैकड़ों की संख्या में मुखिया, उपमुखिया,पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य महाधरणा में सम्मालित होकर अपने हक की आवाज को बुलंद किया।



डीसी ऑफिस पर धरने का नेतृत्व करती जिप अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू ,उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा व पार्षद व मुखियागण।

महाधरना का संचालन जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने किया। झारखंड जिला परिषद संघ के अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने कहा कि 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी पंचायत प्रतिनिधि अपने संविधान में प्रदत्त शक्तियां एवं सुविधाओं की लड़ाई लड़ रहे हैं ,हर हाल में मान सम्मान के रक्षा की लड़ाई लड़ी जाएगी। मनमाने तरीके से किए गए जन सेवकों के तबादले अगर रद्द नहीं होता है तो हम लोग हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे और यह जो चिंगारी पूर्वी सिंहभूम में लगी है पूरे झारखंड के 24 जिले के पंचायत प्रतिनिधि इसका समर्थन करते हैं और आगे यह लड़ाई 24 जिले के पंचायत प्रतिनिधि लड़ेंगे।

बारी मुर्मू ने कहा की पंचायत प्रतिनिधियों के भोलेपन और जानकारी के अभाव का फायदा अधिकारी उठा रहे है संविधान में प्राप्त शक्तियां एवम सुविधाएं हमारा अधिकार है और हम पंचायत प्रतिनिधि अधिकार की लड़ाई लड़ना जानते है। पंचायत प्रतिनिधियों को उचित एवम सम्मानजनक मानदेय असमय देना होगा। धरना के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम से 15 सूत्री मांग पत्र उपायुक्त की अनुपस्थिति में नियुक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

जिला उपायुक्त के समक्ष एक दिवसीय महाधरना में जमशेदपुर वार्ड सदस्य सह उप मुखिया संघ के तत्वाधान वार्ड सदस्य एवं उप मुखिया सैकड़ों की संख्या में पहुंचे। 24 जिला में 13 जिला के जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मौजूद रहे बाकी सभी जिला के जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने अपना समर्थन दिया।

इस दौरान संघ के अध्यक्ष राकेश चौबे, मुख्य संरक्षक सह पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया कुमोद यादव, मैनुल खान, संतोष ठाकुर,आलम ताज, रमेश प्रसाद, पूर्णिमा भूमिज,राहिल खाखा, पुष्पा देवी,मुकेश सिंह, वार्ड सदस्य गीता देवी, आशा देवी, सीमा पांडे, कुमुद रंजन सिंह, अभिषेक उपाध्याय, उमेश पांडे, लखन सिंह, सरिता कश्यप सहित सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर अपना समर्थन दिये।

## मारवाड़ी सम्मेलन चुनाव हेतु समिति बनी

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद (2022-24) हेतु आगामी सात फरवरी मंगलवार को होने वाले चुनाव को लेकर 11 सदस्यीय मतदान संचालन समिति बनायी गयी हैं। जिसमें मनीषा संघी, कविता अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, सौरभ सन्नी संघी, महावीर प्रसाद अग्रवाल, दीपक रामुका अग्रवाल, सीमांत अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मनोज पलसानिया, कमलेश अग्रवाल शामिल हैं। यह जानकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी विजय खेमका और सहायक चुनाव पदाधिकारी महावीर प्रसाद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी।

## लाल बिल्डिंग से ऊंचाई से गिरा मजदूर, गंभीर

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर थानांतर्गत गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर स्थित लाल बिल्डिंग (लक्ष्मी नारायण कपड़ा दुकान) पर बगैर सेफ्टी काम कर रहे मिस्त्री मो साहिद (27) हाईटेंशन बिजली तार के झटके से करीब 40 फीट उपर से गिर गया। हादसे में वह बुरी तरह झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार दोपहर लगभग 2.30 बजे की है। गनीमत रही कि वह बगल के दुकान के उपर लगे तिरपाल पर गिरा वरना उसकी स्पाट डेथ हो सकती थी। स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्काल उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## रिटायर हुए कर्मचारियों का हुआ री-यूनियन

**जमशेदपुर।** पुराने कर्मचारी श्री प्रवीर कर्मकार एवं रंजीत रंजीत भट्टाचार्य के द्वारा सीडीएस एंड डब्ल्यू (टाटा स्टील अर्वन सर्विसेस) सोनारी केंद्र में सीडीएस एंड डब्ल्यू वर्तमान में (टाटा स्टील अर्वन सर्विसेस) से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया है। इस अवसर सबों ने अपने पुराने दिनों का याद को साझा किए और एक दूसरे से गले मिले और दोपहर का भोजन किया। मौके पर सुबीर चटर्जी का जादु एवं देबाशीष चटर्जी के गीतों का का भरपूर आनंद लिया।

## प्रदेश सचिव राकेश ने किया नेताजी को नमन




**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं इंटक के प्रदेश प्रवक्ता राकेश तिवारी ने 23 जनवरी को स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि देश की आजादी में अपना अहम योगदान देने वाले ऐसे महानायक के कृतियों को यह देश हमेशा याद करता रहेगा। नेताजी इस देश और समाज के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत के रूप में बने रहेंगे।

## भाजपा बारीडीह मंडल ने मनायी नेताजी जयंती



**जमशेदपुर।** भाजपा बारीडीह मंडल के द्वारा सोमवार को महान स्वतंत्रता सेनानी आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती के अवसर पर बागुननगर स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता संजीव सिंह , भूपेंद्र सिंह, सुशांत पांडा, काजू सांडिल, कुमार अभिषेक, विनोद सिंह, प्रवीण सिंह, राजेश रजक, प्रमोद मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह, विजय साहू, पंकज प्रिय, निर्मल गोप, साकेत कुमार, राम मिश्रा, अनिकेत रॉय, आशुतोष कुमार, देवानंद झा, कुमार विश्वजीत, आशुतोष चौधरी आदि उपस्थित थे।

# नेताजी के विमान हादसे की कहानी सबके सामने आनी चाहिए : अम्लान कुसुम घोष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कोलकाता के फिल्म निर्देशक और राइटर अम्लान कुसुम घोष ने का कहना है कि 18 अगस्त 1945 में विमान हादसे की कहानी सबके सामने आनी चाहिए। इसके बाद के दस साल की अवधि को लोगों को बताना जरूरी है।

घोष मंगलवार को सुभाष संस्कृति परिषद और नेताजी सुभाष मंच के संयुक्त तत्वावधान में मिलोनी बिष्टुपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फैजाबाद के गुमनामी बाबा नेताजी सुभाष चंद्र बोस ही थे जिनसे बड़ी-बड़ी हस्ती मिलने जाती थी। लेकिन गुमनामी बाबा का राज कभी सामने नहीं आ पाया क्योंकि तत्कालीन सरकार ने इसे छुपाया। उन्होंने कहा कि नेताजी से संबंधित फाइल ओपन होना चाहिए। उन्होंने सरकार से इसकी मांग की। उन्होंने कहा कि गुमनामी बाबा से संबंधित चीजों को रामकथा म्यूजियम में रखा गया है। मौके पर समाजसेवी शेखर डे, विमल चक्रवर्ती, पीके नंदी, कृष्णनेंदु, पूरबी घोष व अन्य मौजूद रहे।



मिलानी में अध्यक्ष शेखर डे की उपस्थिति में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते फिल्म निर्देशक अम्लान कुसुम घोष।

## सबुज बांग्ला ने मनायी नेताजी जयंती



**जमशेदपुर।** गत 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती के अवसर पर मौसमी दास की अध्यक्षता में सबुज बांग्ला ट्रस्ट द्वारा हलुदबनी सुभाष चंद्र मंच में नेताजी की मूर्ति में माल्या अर्पण किया गया। इस कार्य अवसर पर मुख्य रूप से जयश्री कुंडू, रूबी रॉय, निर्मल रॉय, श्रीमती चटर्जी, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में

### 24 घंटे में पाइपलाइन मरम्मत शुरू



**जमशेदपुर।** मंगलवार को आरटीआई कार्यकर्ता संघ के केंद्रीय महासचिव सह आजसू पार्टी के जिला सचिव कृतिवास मंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त बिजया जादव को ट्वीट करते हुए कहा कि शंकरपुर, जानीगोड़ा, सारजमदा, छोलागोड़ा, बारीगोड़ा में पानी के पाइप लाइन लिंकेज होने से हजारों लिटर पानी रोड में बेकार बह रहा है हजारों लोग आना जाना करते हैं बड़ी दुर्घटना का भय है अधिकारी फिर भी नदारद है आग्रह है पानी के पाइप लाइन का लिंकेज शीघ्र मरम्मत किया जाय, तो इस पर पेयजल एवं जिला स्वच्छता विभाग के एसडीओ अनुज सिन्हा ने अविलंब संज्ञान लेते हुए कृतिवास मंडल से दूरभाष पर बातें की और पानी के पाइप लाइन लिंकेज को मरम्मत करवाने का काम जारी किया गया है मालूम हो कि पानी के पाइपलाइन के लिंकेज का लगभग 8 महीने का मामला था।

### झामुमो ने मनायी नेताजी की जयंती




**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की ओर से जिला सम्पर्क कार्यालय साकची में नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी का 135वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर 2 मिनट का मौन रखा गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरसिह सुरेन ने कहा कि देश के आजादी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी का आहम भुमिका थी देश की जनताओ से अपील की थी कि आप हमें खुन दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नई पीढ़ी को नेताजी के बताये हुए रास्ते पर चलना चाहिए। इस कार्यक्रम में शेख बदरूद्दीन, प्रमोद लाल, प्रीतम हेंब्रम जिला उपाध्यक्ष सागेन पुर्ति, अरुण प्रसाद, राज लकड़ा, कालू गोराई, फैयाज अहमद खान, शैलेंद्र कुमार मैती, अजय रजक, जुगल किशोर मुखी, राजा सिंह, मानसिंह बेसरा आदि उपस्थित थे।

### बजरंग बली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए सरयू



**जमशेदपुर।** गम्हरिया स्टेशन रोड के महावीर अखाड़ा में भगवान बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय पहुंचे। शनिवार कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ यह अनुष्ठान तीन दिनों तक चला। अंतिम दिन महावीर अखाड़ा में भगवान बजरंबली की प्राण प्रतिष्ठा हुई तत्पश्चात यज्ञ पूणाहुति व भंडारा के साथ संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में रूपेश झा, रामाश्रय सिंह, राकेश झा, दिलीप गोराई, धनंजय कुमार शामिल थे।

### नाई समाज ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**जमशेदपुर।** नाई समाज के तत्वाधान में जननायक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर की जयंती लक्ष्मीनगर स्थित फुटबॉल ग्राउंड में भव्य रूप से मनाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि भाजमो के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव उपस्थित हुए। सुबोध श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि कपूरी जी का पूरा जीवन सादगी से भरा एवं निष्कलंक रहा। बिहार के मुख्यमंत्री रहने के बावजूद उन्होंने कभी अपना मकान नहीं बनाया और उनके पास कोई चार चक्का वाहन तक नहीं थे। सामाजिक न्याय को लागू करते समय भी उन्होंने सभी वर्गो का ध्यान रखा। समारोह को समाजवादी नेता देवनाथ शर्मा एवं बिनोद राय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर ने किया।

### गदरा-आदित्य गार्डन में बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से 6 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन गदरा आनंद मार्ग जागृति एवं आदित्य गार्डन में संपन्न हुआ। कीर्तन समाप्ति के बाद आनंद मार्ग प्रचारक संघ के महासचिव आचार्य नभतीतानंद अवधूत आज रांची से जमशेदपुर कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। कीर्तन हरि का कीर्तन, यह जो हरि हैं अर्थात परम पुरुष हैं इन्हीं का कीर्तन करना है अपना कीर्तन नहीं कीर्तनिया सदा हरि कीर्तन करता है। मनुष्य यदि मुंह से स्पष्ट भाषा में उच्चारण कर कीर्तन करता है उससे उसका मुख पवित्र होता है जीहां पवित्र होती है कान पवित्र होते हैं शरीर पवित्र होता है और इन सब के पवित्र होने के फलस्वरूप आत्मा भी पवित्र होती है।

### मोमिन नेता अब्दुल रज्जाक की 106वीं जयंती मनी



**जमशेदपुर।** झारखंड के प्रख्यात मोमिन नेता स्व अब्दुल रज्जाक अंसारी की 106वीं जयंती पर मंगलवार को धतकीडीह बी ब्लॉक मे आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ मोमिन नेता सगीर अहमद अंसारी ने कहा कि समाजिक क्रांति व राष्ट्रीय एकता के ध्वजारोहक थे रज्जाक अंसारी। एक गरीब व अनपढ़ परिवार मे जन्मे अब्दुल रज्जाक ने एक के बाद एक 17 प्राइमरी स्कूल की झारखंड के गांवों मे स्थापना किया जो आज भी हर जाति व धर्म की बच्चियों को शिक्षा दे रहा है। गुरबत के कारण उन्हें कम आयु में ही कपड़ा बनाने और बेचने के कारोबार मे उन्हें शामिल कर दिया।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने नेताजी जयंती मनायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** गत 23 सितंबर को 11 से टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए सभा आयोजित की गई। सबसे पहले यूनियन के महामंत्री आरके सिंह नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये यूनियन के सभी पदाधिकारी एवं कमिटी मेंबर्स ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया । तत्पश्चात नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखा। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री श्री आरके सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते हुए अपने वक्तव्य में उनके द्वारा ट्रेड यूनियन में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सब ट्रेड यूनियन करते हुए काफी गौरवान्वित महसूस करते हैं कि हमारे पूर्व नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे नेता रहे हैं। देश के लिए जो सोच मजदूरों के लिए जो सोच नेताजी का था उनके सपनों को पूरा करने के लिए हम लोगों को प्रयास करना चाहिए। उनके पद चिन्हों पर चढ़कर मजदूर हित के कार्य कैसे कर सकते है हम सबको विचार एवं अमल करना चाहिए।

# गणतंत्र दिवस परेड का फाइनल पूर्वाभ्यास संपन्न

➲ उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने परेड का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल तैयारी शुरू हो गई है। आगामी 26 जनवरी को गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह के लिए परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल आज संपन्न हुआ। परेड रिहर्सल का उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने मार्च पास्ट की सलामी ली।

उपायुक्त ने कहा कि परेड में शामिल टुकड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया, कुछ कमियां है जिसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। मैदान को पूरी तरह से तैयार किया जा रहा, लेबलिंग और अन्य काम चल रहे हैं। जोशपूर्ण माहौल में जिला स्तरीय समारोह काफी भव्यता से मनाया जाएगा। जिलेवासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय समारोह में शामिल होकर देश की गणतंत्रता का जश्न मनायें।

एसएसपी ने परेड निरीक्षण के बाद परेड में शामिल टुकड़ियों को संबोधित किया। उन्होने कहा कि परेड में शामिल सभी टुकड़ियों के प्रत्येक सदस्य की जिम्मेवारी है कि वो अपना बेस्ट दें। परेड के दौरान किन-किन बातों पर ध्यान देना है इस संबंध में भी वरीय पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी।


गोपाल मैदान में परेड का फाइनल पूर्वाध्यास का जायजा लेती डीसी श्रीमती विजया जाधव व एसएसपी प्रभात कुमार।

# विधायक मंगल कालिंदी ने 2.5 किलोमीटर सड़क का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जुगसलाई विधानसभा जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत जाने गोड़ा चौक से 16 छोला गोड़ा लटकु कोचा होते हुए सीआरपीएफ कैंप नरवा रोड तक लगभग ढाई किलोमीटर सड़क का शिलान्यास 23 जनवरी 2022 को जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने अपने कर कमलों से नारियल फोड़कर किया। इससे पहले आसपास क्षेत्रों के सभी ग्रामीण हजारों की संख्या में उपस्थित होकर विधायक का बहुत ही जोरदार तरीके से पारंपरिक रूप से स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। शिलान्यास करने के उपरांत सभी ग्रामीण जुलूस की शक्ल में विधायक को गाजा बाजा के साथ सभा स्थल तक ले गए। ग्रामीणों की सभा को संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि जानेगोड़ा से लेकर सीआरपीएफ कैंप तक की सड़क विगत 20 वर्ष से जर्जर अवस्था में है जिसमें कुछ हिस्सा जो लटकु कोचा की और बनी हुई है।



# वीआरएस लेने वाले कर्मचारी पुत्रों को आईटीआई कोर्स कराये टिनप्लेट प्रबंधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टिनप्लेट वीआरएस कर्मचारी मंच की बैठक टिनप्लेट आदिवासी स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मंच के संरक्षक सह एनसीपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव डॉ पवन पाण्डेय उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हमारे लगातार किए गए संवैधानिक तरीकों से अपनी मांगों के संबंध में आंदोलनों से टिनप्लेट कंपनी प्रबंधन वीआरएस कर्मचारियों के मुद्दों को प्राथमिकता से नहीं ले रही हैं। हमारी मांगों को दरकिनार कर दिया जा रहा है। हमने मांग की थी कि कंपनी प्रबंधन को अगर आईटीआई पास मजदूर चाहिए तो वह खुद व्यवस्था कराये वीआरएस कर्मचारियों के आश्रितों को आईटीआई कोर्स कराने के लिए लेकिन कंपनी प्रबंधन इस विषय पर भी मौन धारण किए हुए हैं। टिनप्लेट कंपनी अपने विस्तारीकरण बहाली प्रक्रिया में है। जहां एक सीआरएम प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू है। जिसमें कंपनी को अतरिक्त मजदूरों की आवश्यकता होगी। लेकिन पता नहीं किन कारणों से कंपनी वीआरएस कर्मचारियों के आश्रितों को उसमें सम्मिलित नहीं कर रही है।

# जमशेदपुर : इंटर डिस्ट्रिक्ट केइएमपीओ मार्शल आर्ट टूर्नामेंट में पूर्वी सिंहभूम बना उप-विजेता

➲ नगर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर जमशेदपुर के 12 खिलाड़ी एक दिवस बोकारो में दिनांक 22 जनवरी 2023 को इंटर डिस्ट्रिक्ट केइएमपीओ मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में भाग लिए खिलाड़ी लोग काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए जमशेदपुर और जिला पूर्वी सिंहभूम को नाम गौरव बनाकर रखा। जमशेदपुर का मात्र एक ऐसा ट्रेनिंग सेंटर जो झारखंड मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर पूरे झारखंड में कई मार्शल आर्ट्स को सिखाता है और लेकर चलता है उन्होंने फर्स्ट टाइम केइएमपीओ खेल में भाग लिया काफी अच्छा प्रदर्शन किया। सेंटर के 12 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर जिला शहर और ट्रेनिंग सेंटर का नाम रोशन किया ।साथ ही साथ जमशेदपुर शहर को उपविजेता बनाकर गौरव महसूस कराया। इस टूनामेंट में बोकारो जिला पहला स्थान रहा दूसरे स्थान पर पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर जिला को दिया गया तीसरा स्थान गिरिडीह जिला दिया गया इस खेल में झारखंड राज्य के सभी जिले से करीब 200 खिलाड़ी भाग लिए थे जिसमें जमशेदपुर के 12 खिलाड़ी ने हिस्सा लेकर 12 का 12 पदक जीतकर लौटे शहर जिसमें जमशेदपुर की झोली में 6 गोल्ड ,2 सिल्वर और चार ब्रोंज प्राप्त हुआ।

सभी खिलाड़ियों को झारखंड मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर का मेन ब्रांच टेल्को रिक्रिएशन क्लब में 23 जनवरी संध्या 5:00 बजे सभी खिलाड़ियों को क्लब में जमशेदपुर के झारखंड ताइक्वांडो सोशल एक्शन के मुख्य कोच फाउंडर रवि शंकर सर के द्वारा सभी खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र और बुके देकर सम्मानित किया गया।



**ये हैं पदकवीर :** पदक जीतने वाले विजेताओं का नाम इस प्रकार है गोल्ड मेडल शिल्पी दास, अभी कुमार गोल्ड मेडल; रुद्रांश चतुर्वेदी गोल्ड मेडल, सुष्मिता सोरेन गोल्ड मेडल, हर्षिता गोल्ड मेडल, मेहंदी हेमराम गोल्ड मेडल, सूरज कुमार सिल्वर मेडल, सिमरन सोरेन सिल्वर मेडल, शिवानी राय ब्रोंज मेडल, निकिता कुमारी राय ब्रांच मेडल, आकाश शीट ब्रोंज मेडल, गायत्री नायर ब्रोंज मेडल।

## स्पीड न्यूज

### राजद नेताओं ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने लातेहार जिला राजद कोषाध्यक्ष सुरेश राम के आवास पर मंगलवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी नेता स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर का जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर मनाया। उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें भी कपूर्री ठाकुर के बताए हुवे मार्गो पर चलना चाहिए। इस मौके पर लातेहार राजद जिला कोषाध्यक्ष सुरेश राम, जिला सचिव वीरेंद्र यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव, युवा राजद अध्यक्ष दीप नारायण यादव, दशरथ यादव, जगत नारायण यादव ,राजेंद्र यादव, लखपति यादव, गणेश यादव, उमेश यादव, छात्र संघ के संजय कुमार यादव, प्रमोद कुमार राम, पिंटू यादव, कुलदीप कुमार, पवन राम, निरंजन यादव, अल्ताफ अंसारी, मोहम्मद रफीक, जालंधर कुमार गंझू, विनोद कुमार, राजन यादव, राजेश कुमार कुशवाहा, सत्येंद्र यादव, मनोज यादव, प्रदीप यादव, कुलदीप राम, मुनेश्वर यादव, अमित यादव, दीपक यादव, मोहम्मद तौफीक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**छिपादोहर।** उपायुक्त भोर सिंह यादव और पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर सरस्वती पूजा को लेकर छिपादोहर थाना में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सभी पूजा कमिटी और जनप्रतिनिधि के साथ बैठक की गई। जिसमे थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों के सहयोग से पूजा शांति तरीके से सम्पन्न हो। यही कोशिश करना है, और पूजा के दौरान अश्लील गाना नही बजाने का सख्त निर्देश पूजा कमिटी को दिया और शाम होने से पहले ही मूर्ति बिसर्जित करने का निर्देश दिया। मौके पर सब इंस्पेक्टर रंजित राम, तेतर यादव, छिपादोहर मुखिया बेरोनिका कुजूर, कुचिला मुखिया सतरोहन सिंह, कृष्णा प्रसाद, निजाम अंसारी,बालदेव परहिया, सहित पूजा कमिटी के लोग मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कर्मियों का प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ सह सीओ दीपाली भगत, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उपप्रमुख निशा शाहदेव व मास्टर ट्रेनर साकेत तिवारी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर तिवारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व कर्मियों को बताया कि पंचायत को शसक्त व आत्मनिर्भर बनने के लिए सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत योजनाओं का चयन व क्रियान्वयन किया जाता है।

### डीसी व एसपी ने परेड स्थल का किया निरीक्षण



पूर्वाभ्यास में शामिल डीसी व एसपी।

लातेहार। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को जिला खेल स्टेडियम लातेहार में पूर्ण गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित किया जायेगा। इसी क्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी भोर सिंह यादव एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। साथ ही पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली गई। पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त ने समारोह स्थल में बैठने की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य बिंदुओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी को चाहिए कि देशभक्ति से ओत-प्रोत हो शांतिपूर्ण ढंग से इस राष्ट्रीय पर्व को मनाएं। विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने परेड समेत अन्य तैयारियों को लेकर सभी प्लाटून को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विदित हो कि 26 जनवरी को प्रातः 09 .05 बजे उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

### उपयोगी सामग्री का किया वितरण

**सरयू।** सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वारा धूप और वर्षा से राहत दिलाने को लेकर दर्जनों जरूरतमंद लोगों के बीच टीन का चादर वितरण किया गया। वहीं लोगों में खुशियों का हर्ष देखा गया। सीआरपीएफ 214 वीं बटालियन के कमांडेन्ट केडी जोशी के निदेर्शानुसार सरयू के एफ कंपनी में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। वहीं द्वितीय कमान अधिकारी रणधीर कुमार झा के नेतृत्व में, जरूरतमंद लोगों के बीच धूप तथा वर्षा से बचाव के लिए दैनिक उपयोग सामग्री टीन का चादर वितरण किया गया है। वहीं सोनवार के सतार उरांव, घासीटोला के राजमुनी देवी, राजो देवी, पतरातु के किरण देवी, सरयू के इस्माईल खलीफा, रोल के रसीदा बीबी, मुकुंदपुर के रमनी देवी समेत आदि जरूरतमंद लोगों के बीच टीन का चादर वितरण किया गया।

# इंडियन आयल राज फ्यूल सेंटर का शुभारंभ, उमड़ी भीड़

## मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के पोखरी कला निवासी सह समाजसेवी हाजी मुमताज अली के राज फ्यूल सेंटर के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम के साथ-साथ पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने शिरकत की। इस दौरान अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और अपने वाहन में पंप के नोजल से पेट्रोल डालकर इंडियन ऑयल फ्यूल सेंटर का शुभारंभ किया गया। बता दें कि यह पेट्रोल पंप दुबियाखाड़ - मनिका मुख्य मार्ग पर बकोरिया में खोला गया हैं।



राज फ्यूल सेंटर का शुभारंभ करते अतिथि।



गाड़ी में फ्यूल डालते विधायक।

जहां रामचंद्र सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पलामू प्रमंडल वासियों के लिए आज बड़ी खुशी की बात है। क्योंकि अब वाहन चालकों को डीजल और पेट्रोल लेने के लिए लंबी दूरी का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह पेट्रोल पंप उपयुक्त स्थल पर स्थित हैं। जहां आसानी से लोग पहुंच सकते हैं। वहीं राज फ्यूल सेंटर के संचालक हेसामुल अंसारी ने बताया कि हम ग्राहकों को पूर्ण रूप से सेवा प्रदान करेंगे और इस पेट्रोल पंप पर पेट्रोल एवं डिजलों का गुणवत्ता का ख्याल रखा जाएगा और बेहतर से बेहतर गुणवत्ता की पेट्रोल एवं डीजल मुहैया कराई जाएगी तथा ग्राहकों के सुविधाओं का खास ख्याल रखा जाएगा। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से हर समय पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी भी मौजूद रहेंगें। पंप के शुभारंभ के पहले ही दिन बड़ी संख्या में ग्राहकों ने डीजल एवं पेट्रोल की खरीदारी की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, समाजसेवी मनोज जयसवाल, राजू प्रसाद गुप्ता, कुलेश्वर सिंह, अंकित पांडेय, दरोगी प्रसाद यादव समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# तेंदुए से मुक्ति को ले ग्रामीणों ने किया घेराव

## आदमखोर पर अंकुश नहीं लगा तो वन विभाग का हुक्का पानी होगा बंद : सिंह

- **कोरोना की तरह फेल रहा है आदमखोर जानवरों का कहर : ग्रामीण**
- **भय से स्कूल जाना बंद कर दिये हैं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** आदमखोर जंगली जानवरों की दहशत और आतंक से परेशान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने मंगलवार को संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। वन विभाग की कार्यप्रणाली से अक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि आदमखोर जानवरों के डर से हम सब काफी भयभीत है। घरों से निकलना मुश्किल हो गया है, हमारे बच्चे स्कूल जाना बंद कर दिए है। क्योंकि आए दिन आमदखोर जानवरों द्वारा हमले की घटना हो रही है। हमारे पालतू पशु गाय, बैल,



प्रखण्ड कार्यालय का घेराव करते ग्रामीण

बकरी को आए दिन जानवर मार दे रहें है। कभी हाथियों द्वारा फसल को बर्बाद कर दिया जाता है, हमारे घरों को गिरा दिया जाता है। अब तेंदुए और लकड़बग्घे ने हम सबका जीना मुहाल कर दिया है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि वन विभाग जंगली जानवरों से हमारी सुरक्षा करने में पूरी तरह नाकाम है। इसलिए वन विभाग को यहां से हटवा दें हम अपनी सुरक्षा खुद कर लेंगे। जैसा कि हमारे पूर्वज पहले से करते आए है। मौके पर उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने भी ग्रामीणों को समझने बुझाने का प्रयास किया। उधर प्रखण्ड ब्लॉक के घेराव किए जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मी प्रखण्ड कार्यालय पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का काम किया। जहां शशांक शेखर ने कहा कि वन विभाग के द्वारा आदमखोर जानवरों की खोज की जा रही है। जगह-जगह पिजड़े लगाए जा रहे है, जल्द ही तेंदुआ को पकड़ा लिया जाएगा। लेकिन ग्रामिणों ने एक स्वर में तेंदुआ से सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा रात्रि गश्त की व्यवस्था करने, टॉर्च एवं पटाखा उपलब्ध कराने, शूटरों की संख्या बढ़ाने तथा स्कूल जाने वाले बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना की तरह आदमखोर जानवरों का कहर फैल रहा है। वहीं कन्हाई सिंह ने कहा कि शीघ्र ही लोगों को तेंदुए और अन्य जंगली जानवरों के भय से मुक्ति नहीं दिलाई गई तो वन विभाग का हुक्का पानी बंद कर देंगे। मौके पर वन विभाग की ओर से बेतला रेंज के फॉरेस्टर संतोष कुमार, छिपादोहर रेंज के फॉरेस्टर शशांक कुमार उपस्थित थे। धरना में फ्रांसिस गुड़िया, सलोमी भेंगरा, विनोद परहिया, सुरेंद्र कोरवा एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सीआरपीएफ ने लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैंप



मेडिकल कैंप में उपस्थित लोग।

**छिपादोहर।** थानांतर्गत लात पंचायत के टोंगारी गांव में सीआरपीएफ की ए/112वीं बटालियन के द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में 112वीं बटालियन सीआरपीएफ के उपमहानिर्देशक विनय नेगी के मार्गदर्शन तथा कमांडेंट प्रमोद कुमार साहु के निर्देश पर ये कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र सारण, उप कमान्डेंट आशीष कुमार और सहायक कमांडेंट बी एन भोई मुख्य रूप से मौजूद रहे। बता दें कि सीआरपीएफ की टोंगारी कैंप छिपादोहर थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित है। मेडिकल कैंप में बटालियन के चिकित्सा अधिकारी अभिनव मिश्रा द्वारा आसपास के बीमार ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के बाद जरूरी दवाइयां दी गई। मेडिकल कैम्प में लात पंचायत के टोंगारी, हरहे,बरखेता, गासेदाग आदि गांव के सैकड़ों ग्रामीण सीआरपीएफ के डॉक्टर से अपनी स्वास्थ्य की जांच करवा कर आवश्यक दवाइयां प्राप्त की। अधिकारियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ ग्रामीणों को सुरक्षा मुहैया कराने के साथ साथ हर सुख दुख में खड़ी है इसी उद्देश्य से यह मेडिकल कैम्प लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य का ध्यान रखने का प्रयाश करती है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच और निशुल्क दवाइयां मिलने से लोग काफी खुश दिखे।

## थाना भवन की चारदीवारी में घटिया निर्माण कार्य बीससूत्री अध्यक्ष और जिप सदस्य ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते जनप्रतिनिधि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना भवन का चारदीवारी मे घटिया निर्माण कार्य को बिससूत्री अध्यक्ष, जिप सदस्य व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष व जिप सदस्य ने कहा की संवेदक नियम को ताक पर रखकर लीपापोती तरीके निर्माण कार्य करा रही है। जिप सदस्य रमेश राम, बीस सुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू सहित शिबला मुखिया, सुरेश उरांव, साल्वे मुखिया राजीव भगत, टोटी मुखिया, शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य होजैफा, राजेश राम, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने थाना भवन परिसर मे चारदीवारी निर्माण कार्य मे कई अनियमितता गिनाते हुए घटिया निर्माण कार्य का आरोप लगाया है। निरीक्षण के दौरान बीस सुत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू ने बताया कि थाना परिसर में चारदीवारी निर्माण मे बंगला भट्ठा के ईंट के स्थान पर थर्ड क्लास का इट का उपयोग किया जा रहा है। साथ प्लास्टर के बाद नियमित पानी पटावन नहीं किया जा रहा है साथ ही मिट्टी युक्त बालू का उपयोग किया जा रहा है। जिससे भ्रष्टाचार साफ दिखाई दे रहा है। बारियातू नवनिर्मित थाना परिसर मे कार्य करवा रहे संवेदक अमित पाण्डेय द्वारा करोड़ों की लागत से चारदीवारी निर्माण कराया जा रहा है। वहीं बताया की आमजन सभी ग्रामीणों के लिए यह थाना भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

लेकिन गुणवत्ता को ताक पर रखकर मनमानी ढंग के कार्य को लीपापोती की जा रही है। उक्त प्रतिनिधियों ने उपायुक्त से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। उपरोक्त सम्बन्ध मे संवेदक अमित पाण्डेय से दूरभाष पर बात किए जाने पर बताया की काम मे कहीं दिक्कत नहीं है। सही काम कराया जा रहा है। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख महावीर उरांव,समाजसेवी नन्दू उरांव, प्रदीप गंझू उपस्थित थे।

### मनिका थाना परिसर में गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा को लेकर की गयी बैठक

## शांति व्यवस्था भंग होन पर पूजा कमेटी के सदस्यों की होगी जवाबदेही : राणा भानु प्रताप



बैठक में उपस्थित अधिकारी व प्रखंड क्षेत्र के गण्यमान्य लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना परिसर में लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार,बीडीओ वीरेंद्र किंडो व थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में,आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दिन मंगलवार को थाना क्षेत्र के शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की प्रखंड वासियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी सदस्यों से थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित गावों में हो रहे सरस्वती पूजा के विषय में जानकारी ली। बैठक में उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गणतंत्र दिवस व पूजा कार्यक्रम को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने हेतु अपना अपना विचार व्यक्त किया। वही थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने कहा कि पूजा व विसर्जन के दौरान अश्लील गाने बजाने पर रोक रहेगा। उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील किया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें,सभी पूजा पंडालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी,कहीं भी किसी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत थाना को सूचित करें। उन्होंने कहा कि अगर पूजा व विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था को भंग करने का काम किया गया तो इसकी जवाबदेही पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों की होगी। किसी भी तरह की झगड़ा झंझट होने पर पूजा समिति के लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने प्रखंड वासियों से अपील किया कि भाईचारे का परिचय देते हुए शांतिपूर्ण माहौल में पूजा कार्यक्रम को संपन्न करवाएं। वहीं सीओ अजय कश्यप ने कहा कि पूजा पंडालों में क्षेत्र की माताएं एवं बहने भी मां सरस्वती का आशीर्वाद लेने जाती हैं।

इसलिए पूजा पंडाल के लोगों से आग्रह है कि अश्लील गाना बिलकुल ना बजाएं। बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य बलवंत सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,मनिका थाना एसआई प्रदीप राय,एएसआई परमानंद सिंह, उप मुखिया अजीत कुमार, समाजसेवी अख्तर अंसारी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, विशाल कुमार पासवान, मुखिया मथुरा उरांव, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**चंदवा।** मंगलवार को प्रमुख कार्यालय में प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख की उपस्थिति में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव ने की। चुनाव के एक साल बीतने के बाद भी पंचायत समिति का बैठक पूर्ण रूप से नहीं होने पर पंचायत समिति सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। पंचायत समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से बैठक में निर्णय लिया ,की आगामी 30 जनवरी 2023 दिन सोमवार को 12:00 बजे बैठक रखा जाएगा। जिसमें प्रखंड प्रमुख के द्वारा निर्देश दिया गया कि उक्त बैठक में प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी सह समय उपस्थित रहे, जिसमें प्रखंड तथा अंचल के सभी कर्मी और थाना एवं बैंक को भी बैठक में जोड़ने का निर्णय लिया गया। सभी पंचायत समिति सदस्यों का यह भी कहना है ,की बैठक में सभी पंचायत सचिव की भी उपस्थिति अनिवार्य किया जाए। प्रखंड प्रशासन की लापरवाही के कारण 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में भी लाभुक समिति को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

## बालूमाथ थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक, सौहादपूर्ण त्योहार मनाने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में मंगलवार को गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ने किया। मौके पर बोलते हुए बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि पहली बार सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। विसर्जन के दौरान अक्सर डीजे में अश्लील गाने बजाने की शिकायत आती है। जिसको लेकर झगड़ा होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने प्रबुद्ध लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की। वही बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने कहा कि इस बार सरस्वती पूजा में सोशल मीडिया पर



बैठक करते पुलिस व जनप्रतिनिधि।

पुलिस की पैनी नजर होगी। डीजे में अश्लील गाना बजने पर डीजे संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के दौरान अक्सर सड़क दुर्घटना होती है। जिसमें लोग शराब का सेवन किए हुए नजर आते हैं। पुलिस इस बार ऐसे लोगों पर चिन्हित कर कार्रवाई करेगी। वही बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कहा की त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने में आप सभी ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा है। शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने के लिए पुलिस हर कदम आपके साथ है। कोई भी बात अगर होती है तो आप लोग पुलिस को सूचना दें ना कि कानून को हाथ में ले। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, प्रखंड प्रमुख ममता देवी, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा,राजद नेता श्याम सुंदर यादव,झमुमो नेता मो०इमरान,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लछमण कुशवाहा,समाजसेवी मो० शमीम,जावेद अख्तर ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर बालूमाथ थाना एसआई कुबेर साव, नीतीश कुमार, प्रेम गुप्ता, त्रिवेणी साव, राजेश यादव, मो०नेजामुद्दीन, रंजीत यादव, मो०इमरान, दिलीप भगत, प्रकाश भोक्ता, मो.नौशाद, संजय गुप्ता, मों०जमाल, जावेद अख़्तर, नामेश्वर गुप्ता, सुरेंद्र उराँव, रामकुमार गुप्ता, अमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिला के विकास में बैंकों की भी अहम भूमिका है : बिंदेश्वरी ततमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** बिजली विभाग के समीप एचडीएफसी बैंक के तत्वावधान में मंगवलवार को ग्रामीण महोत्सव सह लोन मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईटीडीए निदेशक विंदेश्वरी ततमा व बीडीओ मेघनाथ उरांव ने दीप प्रजज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री ततमा ने कहा कि जिले के विकास में बैंकों की भी अहम भूमिका है। बैंक के द्वारा आयोजित यह लोन मेला काफी सराहनीय है। बैंकों को अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण से लोग स्वरोजगार कर क्षेत्र को समृद्ध कर सकते हैं। उन्होने इस लोन मेला में ऋण ले रहे लोगों से समय पर ऋण वापस करने की अपील की। कहा कि आपके द्वारा चुकाये ऋण से दूसरे लोग भी लाभा?न्वित हो सकते हैं। उन्होने कहा कि ऋण का सदुपयोग होना चाहिए। बीडीओ ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के लोगों को कई प्रकार के अवसर मिलते हैं। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक गौतम



ऋण वितरण करते पदाधिकारीगण ।

कात्यायन एवं आपरेशन मैनेजर आशीष झा ने एचडीएफसी बैंक के द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की बैंकिंग व लोन सेवाओं की जानकारी दी। उन्होने कहा कि जिले के विकास में एचडीएफसी बैंक जिला प्रशासन से कदम से कदम मिला कर चलने को तैयार है। कार्यक्रम में एक करोड़ 30 लाख रुपए का सीसी ऋण उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया गया। मौके पर विकास गोप, राजहंश सिंह, सुधांशु कुमार, गजेंद्र शौंडिक व प्रवीण अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## मकोली में खुलेगा आलोक पब्लिक प्ले स्कूल

**बेरमो।** 26 जनवरी से मकोली में आलोक पब्लिक प्ले स्कूल खुलेगा उपयुक्त जानकारी न्यू लिटिल फ्लावर नर्सरी स्कूल संचालक चंदन पासवान दे दी है। उन्होंने बताया कि स्कूल में 2 से 5 वर्ष के बच्चों का नामांकन होगा। बच्चों को उचित प्रशिक्षणए अपने समाज की पहचानए अपनी सुरक्षा के संबंध में सचेत करने जानकारी देने के साथ.साथ मानसिक विकास और इससे संबंधित सारी समुचित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। बच्चों को लाने ले जाने के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से स्कूल वैन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

## 30 वर्षीय महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**धनबाद।** भूली डी ब्लॉक सेक्टर 10 ए क्वार्टर नंबर 104 मे एक 30 वर्षीय महिला जूली देवी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला का समाप्त किया। सूत्रों के अनुसार सोमवार की रात करीब 7:30 मिनट में मृतका जूली देवी अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जूली देवी अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर चली गई। परिजनों का कहना है जूली देवी का शव कमरे के छत में लगे हुए हुक के सहारे शव लटकता पाया गया। घटना की खबर अगले सुबह भूली पुलिस को दिया गया खबर पाकर भूली पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में परिजनों ने कहा कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है।

## गोमिया में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक का बहिष्कार

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। खास तौर से बीडीओ कपिल कुमार मौजूद थे। इस बैठक में कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे। इस कारण नाराजगी जताते हुए प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष लुदू मांझी व सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। कहा कि बैठक में कई विभागों के पदाधिकारी अनुपस्थित रहते हैं। विभागीय कार्यों की रिपोर्ट देने में लापरवाही बरतते हैं। कई विभागों में अनियमितता बरती जा रही है। दलालों के चंगुल में फंसकर यह लोग क्षेत्र के विकास को अवरूद्ध कर रहे हैं। शिकायत बोकारो जिला उपायुक्त एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किया जाएगा।

## मुंबई में गोमिया के कामगार ने लगायी फांसी, मौत

**बेरमो।** बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के एक और प्रवासी मजदूर की सोमवार की रात को मुम्बई के अंधेरी में मौत हो गईण गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत हुरलुंग पंचायत के करमाटांड ग्राम निवासी जागेश्वर महतो के 21 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार महतो 2019 से मुम्बई के अंधेरी ईस्ट स्थित अरासा रेस्टोरेंट में काम कर रहा था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को होटल मालिक ने खबर दी कि उसके बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

## बोकारो : डीसी व एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**बोकारो।** 74वें गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी के क्रम में पुलिस लाइन मैदान में परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ।डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी चंदन झा द्वारा परेड के निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उपायुक्त व एसपी ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड से संबंधित कई दिशा – निर्देश दिए। मौके पर डीडीसी कीर्तीश्री जी., एडीसी सादात अनवर, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीएसपी मुख्यालय मुकेश कुमार, पूनम मिंज, ओएसडी विवेक सुमन, डीपीआरओ राहुल भारती मौजूद थे।

# धनबाद : वर्चस्व की लड़ाई में मनोज यादव की हुई थी हत्या : एसएसपी

### एसएसपी संजीव कुमार ने मनोज हत्याकांड का किया खुलासा



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले के कतरास थाना क्षेत्र में हुए मनोज यादव हत्याकांड मामले में एसएसपी ने कार्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता कर कांड का उद्भेदन किया। प्रेस वार्ता में एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि एसपी सिटी की देखरेख और इंस्पेक्टर कतरास के नेतृत्व में टीम गठित कर मनोज यादव हत्याकांड की जांच की गई। जिसमें 5 अपराधी गिरफ्तार किए गए। उनके पास से घटना के दौरान इस्तेमाल किया गया एक अपाचे बाइक, एक पिस्टल, दो लाख नगद रुपए, दो जिंदा गोली, दो खोखा और 9 मोबाइल बरामद हुए हैं। एसएसपी ने बताया कि कुछ दिनों पहले विकास कुमार उर्फ विकास बजरंगी जेल से छूट कर आया था। उसका वर्चस्व इलाके में कम हो गया था। साथ ही विकास कुमार उर्फ विकास बजरंगी कि मनोज यादव के साथ पुरानी रंजिश भी थी। जिसके वजह से उसने अनु यादव और सिद्धिक आलम उर्फ सज्जाद उर्फ आजाद से संपर्क कर मनोज यादव की हत्या की साजिश रची। इस घटना को अंजाम देने के लिए कतरास निवासी मोलू ऊर्फ प्रकाश यादव तथा गौतम कुमार को शूटर के तौर पर एक-एक लाख रुपये दिए गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि मनोज यादव को घटनास्थल पर बुलाने के लिए उसके जान पहचान की महिला जहांआरा और सारा को इस्तेमाल किया गया। दोनों मां-बेटी के बुलाने पर मनोज यादव घटनास्थल पर पहुंचा था। जहां शूटर मोलू ऊर्फ प्रकाश यादव और गौतम कुमार ने उसे गोली मार दी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि गैंगस्टर प्रिंस खान का इस हत्याकांड में संलिप्तता जांच में नहीं मिली है। प्रेस वार्ता में एसएसपी संजीव कुमार के अलावा ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन, इंस्पेक्टर कतरास समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। मालूम हो कि 22 जनवरी को कतरास थाना क्षेत्र में मनोज यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद गैंगस्टर प्रिंस खान ने पर्चा जारी कर हत्याकांड की जिम्मेवारी ली थी।

## झमाडा को बाधित जलापूर्ति बर्दाश्त नहीं

### विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने की बैठक



### 32 हजार होगा नि:शुल्क कनेक्शन

शहरी जलापूर्ति योजना के तहत निशुल्क 32000 जल कनेक्शन उपभोगताओ को दिया जाना हैए उपभोगताओं की संख्या बढ़ने से माडा के राजस्व में वृद्धि होगी । बताते चले की अभी द वर्तमान में 16063 जल कनेक्शन है। झरिया बाजार जल्द 100 डाया का पाइप लाइन बिछाने का निर्देश जेएमस हेड को बैठक में दिया गयाए जिसमे जेएमसी द्वारा बताया गया की एक माह के अंदर झरिया बाजार में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया में व्याप्त जल समस्या से निदान हेतु नगर आयुक्त सह प्रभारी प्रबंध निदेशक झामड़ा श्री सतेंद्र कुमार के कार्यालय कक्ष में विशेष बैठक आहूत की गई। बैठक में माननीय विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, जेएमसी के मुख्य प्रबंधक श्री सीएच रमेश, पीएमसी के अधिकारी, एसडीओ माडा तथा जेई मुख्य रूप से शामिल हुए। इस बैठक में विगत दिनों से झरिया में व्याप्त जल समस्या के निदान हेतु चर्चा हुई। चर्चा के दौरान दामोदर जल संयंत्र जामाडोबा को 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली विभाग को विद्युत का बकाया राशि शीघ्र भुगतान करने के संबंध में बात हुई तथा निर्णय लिया गया बकाया भुगतान के 15 दिनों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्थित की जायए झमाडा प्रबंधन द्वारा विधायक जी को बताया गया की जामाडोबा प्लांट में स्टाफ की कमी को दूर करने हेतु मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के जॉब कार्ड धारी श्रमिकों से काम लिया जा रहा है। जामाडोबा फिल्टर प्लांट में लगे मोटर काफी पुराने और कम क्षमता के हैंए मोटर को बदल कर नया मोटर लगाने हेतु सहमति बनी। इसके तहत जैएमसी द्वारा 22 नया मोटर लगाया जाना ए जल उपभोक्ताओं से बिल में निहित विसंगति को दूर करते हुए जल्द ऑनलाइन जलदर बिल जनरेट कर उपलब्ध करवाने पर सहमति बनी।

## सिंदरी : हर्ल हेल्थ सेंटर का उद्घाटन जनता के साथ धोखा : विजय सिंह



**सिन्दरी।** हर्ल हेल्थ सेंटर सिन्दरी की जनता के साथ धोखा है और इसका उद्घाटन जर्जर हालात में पड़े रोहड़ाबाँध वाटर टावर में किया जाना गलत है। उक्त बातें बताते हुए भाजपा सिन्दरी नगर पूर्व अध्यक्ष सह जिला कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह ने रोहड़ाबाँध स्थित सांसद आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता की। हेल्थ सेंटर का विरोध सीटू संबद्ध ठेका मजदूर यूनियन ने भी किया है। पूर्व नगर अध्यक्ष ने बताया कि हर्ल प्रबंधन उत्पादन के शुभारंभ व हेल्थ सेंटर के उद्घाटन की जानकारी धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह को नहीं देने पर प्रोटोकॉल का अनुपालन नहीं कर रही है। इसके साथ ही सीइआर फंड का बँदरबाँट कर सिन्दरी के जनता के साथ धोखा हो रहा है। जर्जर पानी टंकी के निचले तले पर स्वास्थ्य केन्द्र बड़ी घटना का आशय बन सकता है। उन्होंने कहा कि सिन्दरी में बहुत सारे आवास व डिस्पेंसरी सुसज्जित करने की बाट जोह रहे हैं। जनता के द्वारा बार बार गुहार लगाने के बावजूद हर्ल प्रबंधन अपने स्वार्थ सिद्धि मे लगा है। हर्ल प्रबंधन अपनी हर नाकामी को छुपाने के लिए प्रबंधन तैयार है। उन्होंने मंत्रालय व वरीय महाप्रबंधन से मांग की है कि सारे काले कारनामों की जाच हो। प्रेसवार्ता में भाजपा नेता शैलेश सिंह, युवा मोर्चा जिला मिडिया प्रभारी राजेश चौधरी, मनन सिंह, काजू झा, सूरज कुमार,देवेंद्र सिंह,संजीत कुमार, रविशंकर मौजूद थे।

एक नजर में

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत पौधरोपण



**बोकारो।** बेटी बचाओ झ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक चंदन झा, डीडीसी कीर्तीश्री, एडीसी सादात अनवर, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत अन्य ने पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण किया। डीसी एवं एसपी ने संयुक्त रूप से आम जनों से अपील किया कि वह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के प्रति स्वयं जागरूक हो और आसपास के लोगों को भी आगे बढ़कर जागरूक करें।डीसी झ एसपी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पौधरोपण करने की अपील की। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अभिनित सुरज समेत अन्य उपस्थित थे।

## सेल स्वर्ण जयंती क्विज में बोकारो अव्वल



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने भिलाई में आयोजित सेल स्वर्ण जयंती क्विज प्रतियोगिता में जीत हासिल की। बीएसएल टीम का प्रतिनिधित्व देवव्रत चौधरी जीएम, एचएसएम और राजीव गौतम जीएम,आईसी मार्केटिंग ने किया। विजेता टीम को ईडी (एमएम व पी एंड ए) अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर सीजीएम, एचआरडी मनीष जलोटा भी उपस्थित थे। ग्रैंड फिनाले 5 एकीकृत इस्पात संयंत्रों से 2–2 टीमें और सीओ, एमटीआई, आरडीसीआईएस और सीएमओ से अन्य दो टीमें थीं। रोमांचक फाइनल में बोकारो स्टील प्लांट को इस प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया। डीएसपी (दुर्गापुर) टीम प्रथम उपविजेता रही, जबकि आरएसपी (राउरकेला) टीम द्वितीय उपविजेता रही। विजेताओं को ट्राफियां, प्रमाण पत्र और अन्य उपहार प्राप्त हुए।

### कांग्रेस ने प्रेस वार्ता कर भाजपा नेत्री के बयान का किया खंडन

**झरिया।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए वार्ता कर भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के बयान का खंडन करते हुए कहा कि झमाडा में यूनियन बाजी कर जनता को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है झमाड़ा में विपक्ष के लोग यूनियन में है और वे लोग व्यक्ति विशेष की राजनीति चमकाने के लिए झमाड़ा के पाइप लाइन में प्लास्टिक लकड़ी का टुकड़ा गुटका आदि डालकर पाइप को जाम कर देते हैं और दूसरी तरफ जनता को परेशानी होती है और उसी परेशानी का फायदा उठाते हैं।

## हर्ल कारखाने के उद्घाटन में आये थे केंद्रीय खाद्य सचिव



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** हर्ल सिन्दरी खाद कारखाने का उद्घाटन विगत 25 मई 2018 को बलियापुर हवाई पट्टी से आनलाइन उद्घाटन करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हांथों ही होगा। केन्द्रीय खाद्य सचिव अरुण सिंघल का मंगलवार को दौरा प्रधानमंत्री के सिन्दरी आगमन को लेकर हुआ था। इस आशय की जानकारी साझा करते हुए हर्ल सिन्दरी सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने बताया कि केन्द्रीय खाद्य सचिव ने खाद कारखाने का गहन निरीक्षण किया और प्रोजेक्ट निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि हर्ल सिन्दरी प्रोजेक्ट के स्थिति का विश्लेषण के लिए आयोजित बैठक में कारखाने में स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों में कमी की जानकारी हर्ल सिन्दरी प्रबंधन ने साझा की। उन्होंने बताया कि स्थायी स्वीकृत पदों में 40 फीसदी की कमी है और यूरिया बैगिंग प्लांट में अस्थायी कर्मचारी भी पर्याप्त नहीं हैं। बाहर से कोई कर्मचारी आना नहीं चाहता है और स्थानीय मजदूर यूरिया प्लांट में काम नहीं करना चाहते हैं। सिनियर वाइस प्रेसिडेंट ने बताया कि कारखाने को शतप्रतिशत लोड पर चलाना है और इसे एक माह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शतप्रतिशत लोड पर कारखाने के चलन पर प्रधानमंत्री जी का दौरा संभव है। उन्होंने बताया कि सस्टेन लोड टेस्ट और गारंटी लोड टेस्ट किया जाना है। दोनों टेस्ट में सफलता भी एक चुनौती है। पिछले दिनों सिन्दरी में हुए राजनीतिक बवंडरों की जानकारी केंद्रीय सचिव को थी। उन्होने उपायुक्त और एसएसपी को निर्देश दिया कि हर्ल प्रबंधन को सहयोग करना है। प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन पाकर केंद्रीय सचिव सिंदरी से प्रस्थान कर गए। केंद्रीय सचिव के विश्लेषण बैठक मे धनबाद उपायुक्त संदीप कुमार, धनबाद वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, हर्ल चेयरमैन देबाशीष नंदा, हर्ल एमडी एस सी मुदगेरिकर ने भाग लिया।

## लोयाबाद चैंबर ने नगर निगम के खिलाफ निकाला मशाल जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकूमार महतो और लोयाबाद मुस्लिम कमेटी के सेक्रेटी के असलम मंसूरी नेतृत्व मे नगर निगम के द्वारा घर एवं दुकानदार से यूर्जर चार्ज, होल्डींग चार्ज, ट्रेड लाईसेंस बनाकर नही देने दिये जाने के विरूद्ध मे दुकानदारो ने धनबाद नगर निगम के खिलाफ मे मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस मे दुकानदारो ने नगर निगम के खिलाफ में जमकर नारे बाजी किया। और नगर निगम अधिकारियों से यूजर्स चार्ज वापिस लेने की मांग कर रहे थे। जुलूस लोयाबाद मोड़ से लेकर थाना मोड़ होते हुए पुनः लोयाबाद मोड़ पहुंची। इस मौके पर चेम्बर के अध्यक्ष ने बताया की धनबाद नगर निगम के द्वारा मनमानी ढंग से लोगो को परेशान कर रहे है। जब निगम के द्वारा लोगो से होल्डीगं चार्ज, एवं दुकानदारो से ट्रेड लाईसेंस के नाम पर मनमाना ढंग से पैसे लिया जा रहा है। तो फिर यूर्जर चार्ज क्यों देगें। वही मुस्लिम कमेटी के सेकेट्री असलम मंसूरी ने भी नगर निगम के खिलाफ मशाल जुलूस मे शामिल हो कर आक्रोस जताया। मौके पर चिकू वर्णवाल, शैलेस वर्णवाल मन्नु सिहं, सुनिल पांडे, मुकेश साव, टुलू साव, मुकेश पासवान, कारू गुप्ता,सहित दर्जनो लोग शामिल थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह स्थल का निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अपर समाहर्ता नंद किशोर गुप्ता ने समाहरणालय स्थित सभागार में पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य समारोह स्थल गोल्फ ग्राउंड में चल रही अंतिम तैयारियां की समीक्षा की गई। इस दौरान अपर समाहर्ता ने नगर निगम को सभी चौक चौराहों की सफाई एवं सभी प्रतिमाओ को साफ कर माल्यार्पण करने का निर्देश दिया। साथ ही बीसीसीएल, टाटा स्टील जामाडोबा, चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने भी इस राष्ट्रीय पर्व में जगह जगह विद्धुत साज सज्जा, साफ सफाई आदि में सहभागिता की बात कही। बैठक के उपरांत अपर समाहर्ता ने मुख्य समारोह स्थल गोल्फ ग्राउंड में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने गोल्फ ग्राउंड की साफ सफाई, सौंदर्यीकरण, साज सज्जा, सुरक्षा, विधि व्यवस्था, झांकी, मुख्य समारोह स्थल की घेराबंदी, पंडाल एवं बैठने की व्यवस्था, पब्लिक संबोधन सिस्टम की व्यवस्था, झंडा/झंडोतोलन की तैयारी, अल्पाहार में गुणवत्ता का ध्यान देने आदि को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गोल्फ ग्राउंड में अपर समाहर्ता नंद किशोर गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रदीप कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रेल सुरक्षा जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक



खबर मन्त्र संवाददाता

**निचितपुर।** ईस्ट बसुरिया के उत्क्रमित मध्य विद्यालय निछानी में रेल सुरक्षा जागरूकता अभियान के संरक्ष विभाग पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा मंगलवार को नाट्य संस्था दस्तक नाटकीय मंच की ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र-छात्राओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बंद रेल फाटक पार नहीं करना चाहिए, रेलवे फाटक पार करते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और हमेशा फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल करना चाहिए और फोन के कारण होने वाली दुर्घटना से बचाव व रोकथाम जैसे विषय को लेकर जागरूक किया गया। सेल्फी के कारण होने वाली दुर्घटना को लेकर भी जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूली बच्चों को रेल में फोन के कारण होने वाली दुर्घटना के कारण व बचाव को लेकर विस्तार से बताया गया।

मौके पर प्रधानाध्यापक राम प्रसाद, रमेश रजक, रफी अहमद, अजय कुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद थे वहीं नुक्कड़ नाटक के मंचन में दस्तक नाटकीय मंच के कलाकार कालीचरण रजवार, गणेश महतो,राहुल महतो,रवि महतो, सूरज महतो मौजूद थे।

### झाकोमयू ने निदेशक कार्मिक को सौंपा मांग पत्र

**बेरमो।** सीसीएल के मजदूर कर्मचारियों एवं विस्थापितों के 29 सूत्री मांगों को लेकर सीसीएल निदेशक कार्मिक एवं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन जोनल स्तर के बीच मांगों पर सौहार्द पूर्ण वातावरण में वार्ता हुई। वार्ता में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन महासचिवध्जोनल अध्यक्ष फागू बेसरा केंद्रीय सचिव ६ जोनल सचिव जय नारायण महतो एवं सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा महाप्रबंधक श्रीमती रश्मि दयाल औद्योगिक संबंध अधिकारी आलोक कुमार एवं सभी विभाग के पदाधिकारी तथा जोनल एवं क्षेत्र के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए मुख्य रूप से जोनल के उपाध्यक्ष राजकुमार महतोए दिलीप मंडलए श्रीमती अर्चना गुप्ताए रामचंद्र वर्मा मोहम्मद इकबाल अहमदए आरएन सिंहए ओम प्रकाश राम एभोलू खानए घुनु हांसदाए जयनाथ मेहताए हेमू यादवए दिलीप कुमार मुर्मूए आभास चंद्र गांगुली तेज लाल मंडल आदि सभी सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### युवाओं को रोजगार...

योजनाओं को लेकर कन्फ्यूजन ना हो : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हर स्तर पर चल रही योजनाओं को लेकर कई बार कन्फ्यूजन की स्थिति बन जाती है। अगर इसमें कोई कन्फ्यूजन तो उसका तुरंत समाधान करें। किसी भी योजना में किसी तरह का संशय हो तो वह अपने वरीय अधिकारी या विभाग को इसकी जानकारी दें। सरकार की कोशिश है कि हर योजना का क्रियान्वयन धरातल पर बेहतर तरीके से हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि झारखंड के चरित्र को देखते हुए आपको अपने पद से थोड़ा अलग हटकर लोगों के साथ मिल बैठकर कार्य करने की जरूरत है। पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिले में नक्सल गतिविधियां थोड़ी ज्यादा है। ऐसे में यहां विकास को और तेज करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में सहाय योजना के तहत खेल कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

कमजोर वर्ग को आगे बढ़ाने में मददगार बनें : सीएम ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी और दलित बहुल राज्य है। इनके साथ यहां के किसानों, मजदूरों, दिव्यांगों, बुजुर्गों, महिलाओं, नौजवानों समेत कमजोर और वंचित वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरकार के इस प्रयास में आप मददगार बनें। उनके हित में कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। उन्हें लाभ उपलब्ध कराने में अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

बैंकों का नहीं मिल रहा अपेक्षित सहयोग : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए बैंकों का सहयोग काफी मायने रखता है, लेकिन, यहां बैंक सरकार को आशा अनुरूप सहयोग नहीं कर रहे हैं। कई योजनाओं में सरकार खुद गारंटर है, फिर भी यहां के लोगों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों और कार्यों को गति देना होगा। सीएम ने कहा कि 28 फरवरी तक सभी निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना का लाभ सुनिश्चित करें। बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल, मंत्री जोबा मांझी, विधायक दीपक बिरुआ, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव, सोनाराम सिंकू, नमन बिक्सल कोंगारी, भूषण बारा, दशरथ गहराई, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, डीजीपी नीरज सिन्हा, सचिव विनय चौबे, सचिव अबू बकर सिद्दीकी, अमिताभ कौशल,कृपानंद झा, प्रशांत कुमार, के श्रीनिवासन आदि उपस्थित थे।

### तेज भूकंप से...

दोनों ने कहा कि जो परिस्थिति है वो प्राकृतिक आपदा की तरफ इशारा कर रही है, क्योंकि आज यहां 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने तुरंत मौके पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को रवाना करने का निर्देश दिया। सभी अस्पतालों को भी अलर्ट रहने को कहा गया है। सपा प्रवक्ता हैदर अब्बास की मां, पत्नी व बच्चे के दबे होने की सूचना है।

**घरों से बाहर निकले लोग :** भूकंप के झटके दिल्ली, उत्तराखंड और जयपुर सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में भी महसूस किये गये। इस भूकंप का असर सबसे अधिक नेपाल और उत्तराखंड में देखा गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तराखंड के देहरादून और उधम सिंह नगर सहित कई हिस्सों में भूकंप से लोग सहम गये। दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके भले ही कुछ सेकेंड का रहा, लेकिन इसके डर से लोग घरों से बाहर निकल गये। उत्तराखंड के देहरादून, उधमसिंह नगर के काशीपुर, चमोली के जोशीमठ में भी भूकंप के झटके महसूस किये गये।

### तैयारियां पूरी, झारखंड...

उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभायें, ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य का निर्वहन करें। मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेना का बैण्ड, जैप-1 बैण्ड, जैप-10 बैण्ड और गृहरक्षा वाहिनी बैण्ड शामिल है।

**दुमका में सभी तैयारियां पूरी :** दुमका के पुलिस लाइन मैदान में होनेवाले समारोह में भाग लेने के लिए सीएम हेमंत सोरेन 25 जनवरी को ही दुमका पहुंच जायेंगे। सीएम वहां 32 करोड़ की लागत से बने कन्वेंशन सेंटर का उदघाटन करेंगे साथ ही करोड़ों की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। 26 जनवरी को पुलिस लाईन मैदान में तिरंगा पहरायेंगे और अन्य कई कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान अलग-अलग विभागों की 10 झांकियां भी निकाली जायेंगे। गणतंत्र दिवस पर होने वाले परेड का मंगलवार को फाइनल रिहर्सल के दौरान संथाल परगना क्षेत्र के डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, एसपी अंबर लकड़ा समेत कई अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने आम जनता से यह आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पुलिस लाइन मैदान पहुंचकर गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लें।

स्पीड न्यूज

## मुर्मू 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार (25 जनवरी, 2023) को शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी और इसका प्रसारण आकाशवाणी तथा दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा।

## आफताब के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल

**नयी दिल्ली।** श्रद्धा हत्याकांड मामले में दिल्ली पुलिस कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करने पहुंची है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने इस केस में 6629 पन्नों की चार्जशीट तैयार की है और इसमें करीब 150 लोगों की गवाही ली गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आफताब कोर्ट में पेश हुआ।

## एयर इंडिया पर लगा 10 लाख का जुर्माना

**नयी दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने छह दिसंबर की पेरिस-दिल्ली विमान में हुई घटना की सूचना ना देने के मामले में एयर इंडिया के खिलाफ कार्रवाई की है। डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 10 लाख का जुर्माना लगया है। दरअसल, एयर इंडिया की पेरिस-दिल्ली फ्लाइट में शराब के नशे में एक पुरुष यात्री ने एक खाली सीट पर और एक महिला यात्री के कंबल पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया था, जब वह शौचालय गई थी।

## रॉ, आईबी की रिपोर्ट सार्वजनिक करना चिंताजनक : रिजिजू

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्रीकिरेन रिजिजू ने न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की हाल की कुछ सिफारिशों के साथ रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है। रिजिजू ने संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए कॉलेजियम की सिफारिशों पर केंद्र सरकार की आपत्तियों का खुलासा किया।

## सेंसेक्स 60978 पर

**मुंबई।** मंगलवार को सेंसेक्स 37.08 अंकों की बढ़त के साथ 60,978.75 अंकों पर जबकि निफ्टी 18,118.30 के लेवल पर बंद हुआ।

### मेक इन इंडिया के तहत आइआइटी मद्रास ने किया विकसित

# स्वदेशी मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम भरोस का परीक्षण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को स्वदेशी ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) 'भरोस' का परीक्षण किया। इस मोबाइल ओएस को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के इनक्यूबेटेड फर्म द्वारा विकसित किया गया है। इस सॉफ्टवेयर को कमर्शियल ऑफ-द-शेल्फ हैंडसेट पर इंस्टॉल किया जा सकता है। इस मौके पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 8 साल पहले जब हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पहली बार डिजिटल इंडिया के बारे में बात की थी, तो हमारे कुछ दोस्तों ने उनका मजाक उड़ाया था, लेकिन आज टेक्नोक्रेट, इनोवेटर्स, उद्योग और नीति निमार्ता, और शैक्षणिक संस्थान देश के लोगों ने आठ साल बाद उनके दृष्टिकोण को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा, 'इस यात्रा में कठिनाइयां आएंगी और दुनिया भर में ऐसे कई लोग हैं जो मुश्किलें लेकर आएंगे और नहीं चाहेंगे कि ऐसी कोई व्यवस्था सफल हो।'

### क्या है भरोस



**BharOS**, जिसे भरोस भी कहा जाता है, एक स्वदेशी मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम है। इस मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के इनक्यूबेटेड फर्म द्वारा विकसित किया गया है। इस ओएस को लेकर भारत के 100 करोड़ मोबाइल फोन यूजर्स को लाभ पहुंचाने का दावा किया जा रहा है। इस ओएस की खास बात यह है कि यह हाईटेक सिक्योरिटी और प्राइवेसी के साथ आता है। यानी इस मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम में यूजर्स को उनकी जरूरतों के अनुरूप एप चुनने और उपयोग करने के लिए अधिक स्वतंत्रता, नियंत्रण और लचीलापन मिलता है। **BharOS** को कमर्शियल ऑफ-द-शेल्फ डिवाइस पर इंस्टॉल किया जा सकता है। साथ ही भरोस नो डिफॉल्ट एप्स के साथ आता है। इसका अर्थ है कि यूजर्स को उन एप्स का उपयोग करने के लिए मजबूर नहीं किया जाता, जिनसे वे परिचित नहीं है या जिन्हें वे सिक्योरिटी के लिहाज से सुरक्षित नहीं मानते हैं और उन एप पर भरोसा नहीं कर सकते हैं। स्वदेशी ओएस यूजर्स को उन एप पर अधिक कंट्रोल देता है, जो उनके डिवाइस में हैं। सिर्फ इतना ही नहीं यूजर्स उन एप को भी सिलेक्ट कर सकते हैं, जिनको वह अपने डिवाइस में कुछ सुविधाओं या डाटा पर पहुंच के लिए एक्सेस देना चाहते हैं। आसान शब्दों में कहें तो इस ऑपरेटिंग सिस्टम में यूजर्स का कंट्रोल ज्यादा होता है।

**कितना सुरक्षित है भरोस**

भरोस संगठन-विशिष्ट प्राइवेट एप स्टोर सर्विस से विश्वसनीय एप्स को ही एक्सेस देता है। दरअसल, पीएएएस उन एप्स को ही क्यूरेटेड लिस्ट तक पहुंचने की अनुमति देता है, जिन्हें पूरी तरह से जांचा गया है और ऑर्गेनाइजेशन के कुछ सुरक्षा और गोपनीयता स्टैंडर्ड को पूरा किया है। इसका मतलब है कि यूजर्स आश्वस्त हो सकते हैं कि वे अपने डिवाइस में जो एप इंस्टॉल कर रहे हैं।

वे उपयोग करने के लिए सुरक्षित हैं और किसी भी संभावित सुरक्षा भेद्यता या प्राइवेसी संबंधी चिंताओं के लिए टेस्ट किए गए हैं।

## बाल पुरस्कार विजेताओं से मोदी ने की चर्चा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नयी दिल्ली में 7 लोक कल्याण मार्ग पर अपने सरकारी निवास पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात की इन बच्चों के साथ अनौपचारिक वातावरण में चर्चा के दौरान उनके साथ मानसिक स्वास्थ्य सहित कई विषयों पर चर्चा की । प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्री मोदी ने इन पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनसे अलग-अलग उनकी उपलब्धियों पर चर्चा की। बाद में उन्होंने उसके साथ अनौपचारिक वातावरण में खुले मन से बातचीत की। बयान के अनुसार इन बच्चों ने अपने सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बारे में प्रधानमंत्री से कई प्रश्न पूछे और विभिन्न विषयों पर उनका मार्गदर्शन मांगा।

मोदी ने उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए छोटी समस्याओं को हल करके शुरूआत करने, धीरे-धीरे क्षमता का निर्माण करने और उसका विस्तार करने तथा बड़ी समस्याओं को हल करने के लिए आत्मविश्वास विकसित करने की सलाह दी। मानसिक स्वास्थ्य और बच्चों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुए, उन्होंने इस मुद्दे के कलंक को दूर करने और ऐसे मुद्दों से निपटने में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बात की।

## 31 जनवरी को पेश होगा आर्थिक सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली।** इकतीस जनवरी से शुरू हो रहे संसद के बजट से पहले विभिन्न मुद्दों पर आम राय बनाने के लिए सरकार ने 30 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुलायी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में वित्त वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश करेंगी। इससे पहले सरकार ने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए 30 जनवरी को सभी दलों की एक बैठक बुलाई है।

## राजनाथ ने एयरो इंडिया की तैयारियों की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अगले महीने 13 से 17 तारीख तक बेंगलुरू में होने वाले एयरो इंडिया शो की तैयारियों की समीक्षा की। एयरो इंडिया का आयोजन कर रही शीर्ष समिति की बैठक में सिंह को पांच दिन के इस एयर शो से संबंधित तमाम जानकारी दी गयी। एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया का यह 14 वां संस्करण है जिसका आयोजन 35 हजार वर्ग मीटर में किया गया है। उन्होंने सभी पक्षधारकों से प्रतिभागियों के लिए हर तरह से पुख्ता तैयारी करने को कहा। एयरो इंडिया केवल एक आयोजन भर नहीं होगा बल्कि यह देश की रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में बढती ताकत और मजबूत तथा आत्मनिर्भर भारत के उदय की झलक होगी।

## सेना पर हमें पूरा भरोसा है : राहुल

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की ओर से दिए गए बयान से किनारा करते हुए मंगलवार को कहा कि यह उनका (दिग्विजय सिंह) का निजी बयान है और 'हमें सेना पर पूरा भरोसा है।' जम्मू-कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गांधी ने जम्मू-श्रीनगर मार्ग पर संवाददाताओं से कहा कि मैं दिग्विजय सिंह के बयान से सहमत नहीं हूं। सेना को लेकर दिया गया बयान उनकी निजी राय है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना कुछ भी करे, सबूत की जरूरत नहीं है। सेना के शौर्य पर कोई प्रश्नचिह्न नहीं है। भारतीय सेना पर हमें पूरा भरोसा है। मालूम हो कि दिग्विजय ने सोमवार को 2016 में भारतीय सेना की ओर से की गयी सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर कहा कि केंद्र सरकार सर्जिकल स्ट्राइक का दावा करती है, लेकिन आज तक उसका कोई सबूत नहीं दिया गया है। वह झूठ परोसती रहती है। सिंह के इस बयान को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला किया है।

## सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में चौथे स्थान पर खिसके गौतम अदाणी

**नयी दिल्ली।** भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की डेली रैंकिंग के अनुसार वे तीसरे स्थान से खिसककर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं दूसरी ओर, अमेजन के मुखिया जेफ बेजोस दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। इस लिस्ट में फ्रेंच कारोबारी बरनार्ड अरनॉल्ट पहले और एलन मस्क दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। भारत के दूसरे सबसे अमीर उद्योगति मुकेश अंबानी भी इस लिस्ट में 12वें नंबर पर हैं।

## दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की तैयारी



## फास्टैग माध्यम से टोल संग्रह 46 फीसदी बढ़ा

**नयी दिल्ली।** देश में फास्टैग के माध्यम से टोल संग्रह में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और गत वर्ष दिसम्बर तक टोल प्लाजा में फास्टैग से संग्रह 46 प्रतिशत बढा है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि 2022 में टोल प्लाजा पर फास्टैग के माध्यम से 50,855 करोड़ का संग्रह हुआ है जो पहले साल की तुलना में 46 प्रतिशत अधिक है। मंत्रालय के अनुसार दिसंबर तक राष्ट्रीय राजमार्गों पर शुल्क प्लाजा पर फास्टैग के माध्यम से औसत दैनिक टोल संग्रह 134.44 करोड़ रुपये था जबकि दिसम्बर में एक दिन का उच्चतम संग्रह 24 दिसंबर को 144.19 करोड़ रुपए रहा।

## नीतीश का दर्द- कोई आ जाता है, कोई चला जाता है...

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** जेडीयू नेता उपेंद्र कुशवाहा के भाजपा में जाने की अटकलों के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दर्द छलका है। उन्होंने कहा कि कोई आ जाता है, कोई चला जाता है, जिसे आगे बढ़ाते हैं वो भाग जाता है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सीएम नीतीश ने कुशवाहा के साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह को भी अपने निशाने पर लिया। उन्होंने जेडीयू नेताओं को स्पष्ट कर दिया है कि जिसके जो मन में आए वो करें। सीएम नीतीश कुमार ने मंगलवार को जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती पर आयोजित समारोह में जेडीयू के अंदर जारी उठापटक पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कोई आ भी जाता है, चला भी जाता है। किसी को आगे बढ़ाते हैं भाग जाता है। तो कोई भागने की कोशिश करता है। जिसको जो मन में आए करे। पार्टी को थोड़े न कुछ होना है। नीतीश ने कहा कि पार्टी में सब मिलकर काम करते हैं। कोई दाएं-बाएं नहीं करता है। इसमें उनका कोई स्वार्थ नहीं है। उनकी यही इच्छा है कि बिहार आगे बढ़े। उपेंद्र कुशवाहा के जेडीयू नेतृत्व से बढ़ती नाराजगी के बीच सीएम के इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं।

इससे कुछ घंटे पहले ही सीएम नीतीश से जब कुशवाहा के बीजेपी में जाने की अटकलों पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि वे कुछ भी बोलते रहते हैं। हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है।

## पहलवान बोले- कमेटी के नाम तय करने से पहले पूछा तक नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ और उसके अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के धरने के बाद एक ओवरसाइट समिति बनाई है।

यह समिति कुश्ती महासंघ के कामकाज को देखेगी। वहीं, अब इस समिति को लेकर भी पहलवान विरोध जता रहे हैं। उनका कहना है कि समिति के गठन को लेकर उनके साथ छल किया गया है। ओलंपियन पहलवान साक्षी मलिक-विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने ट्वीट करके अपना विरोध जताया है।

**क्या लिखा ट्वीट में**

ट्वीट में इन पहलवानों ने लिखा कि 'हमें आश्वासन दिया गया था कि ओवरसाइट कमेटी के गठन से पहले हमसे सलाह ली जाएगी, लेकिन बड़े दुख की बात है कि इस समिति के गठन से पहले हमसे सलाह तक नहीं ली गई।' इस ट्वीट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग भी किया है। वहीं, खेल मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि ओवरसाइट कमेटी में 5 में से 3 नाम इन विरोध करने वाले पहलवानों द्वारा सुझाए गए थे, लेकिन अब उनका दावा है कि उनसे सलाह नहीं ली गई।

## दावा : मोरक्को में घर खरीदने के लिए नोरा ने ली थी भारी रकम



अभिनेत्री नोरा फतेही और जैकलीन सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनकी सुर्खियों का कारण है महाठग सुकेश चंद्रशेखर और 200 करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग केस। इस केस में एक के बाद एक लगातार नए अपडेट सामने आते जा रहे हैं। बता दें कि पिछले दिनों नोरा फतेही ने दावा किया था कि सुकेश उनको अपनी गर्लफ्रेंड बनाने और लग्जरी लाइफस्टाइल देने का वादा किया था। इस मामले पर अप सुकेश ने अपना बयान जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सुकेश का कहना है कि उसने नोरा को मोरक्को में घर खरीदने के लिए पैसे दिए थे। सुकेश ने आगे कहा- आज वह मुझसे एक घर का वादा करने के बारे में बात करती है, लेकिन उसने मोरक्को के कैसाब्लांका में अपने परिवार के लिए एक घर खरीदने के लिए मुझसे पहले ही बड़ी रकम ले ली थी। अब वह खुद के बचाने के लिए मनगढ़ंत कहानी बुन रही है। सुकेश ने कहा, 'अब नोरा कह रही हैं कि उनको गाड़ी नहीं चाहिए थी, तो यह सबसे बड़ा झूठ है। उसको अपनी कार बदलनी थी और उसको मर्सिडीज के सीएलए गाड़ी सस्ती लगती थी। उसने मुझसे गाड़ी मांगी थी और मैंने उसे गिफ्ट भी की'। सुकेश ने कहा कि वह इस बात सबूत इडी को पहले ही दे चुका है। सुकेश ने यह भी कहा, 'उसके पास नोरा के साथ चैट्स के स्क्रीनशॉट थे तो वह यह भी चाहता था कि उसको रेंज रोवर गाड़ी दूं, लेकिन उस समय स्टॉक में वो गाड़ी नहीं थी और उसको तुरंत गाड़ी चाहिए थी। इसलिए मैंने बीएमडब्यू की एस सीरीज की गाड़ी दी। उसने गाड़ी का इस्तेमाल काफी समय तक किया'। गाड़ी लेने की बात पर सुकेश ने यह भी बताया कि नोरा भारत की रहने वाली नहीं हैं, इसलिए उन्होंने इस गाड़ी को अपनी खास दोस्त के पति बॉबी के नाम पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा था। सुकेश का यह भी दावा है कि जब वह जैकलीन के साथ रिलेशनशिप में था तो नोरा जैकलीन को छोड़ देने के लिए कहती थीं।




# न्यूजीलैंड को क्लीन स्वीप कर वनडे में नंबर वन बना भारत

एजेंसी



**इंदौर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का तीसरा मैच टीम इंडिया ने 90 रन से जीत लिया। इस जीत के साथ ही भारत ने तीन मैच की सीरीज 3-0 से अपने नाम की। यह सीरीज जीतने के साथ ही भारत वनडे रैंकिंग में पहले स्थान पर आ गया। इंदौर में खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 385 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 295 रन पर सिमट गई और मैच 90 रन के बड़े अंतर से हार गई। भारत के लिए रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने शतकीय पारी खेली। वहीं, हार्दिक पांड्या ने भी बेहतरीन अर्धशतक लगाया। न्यूजीलैंड के लिए ब्लेयर टिकनर और जेकब डफी ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे ने शतक लगाया। इसके अलावा कोई बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं लगा पाया। भारत के लिए शार्दुल ठाकुर और कुलदीप यादव ने तीन-तीन विकेट लिए।

**रोहित और गिल ने बड़े लक्ष्य की नींव रखी :** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने शानदार शुरूआत की। रोहित और गिल की जोड़ी ने पावरप्ले में 82 रन जोड़ दिए। इसके बाद भी ये दोनों रुके नहीं और पहले विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी की। पारी के 27वें ओवर में रोहित 85 गेंद में 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, गिल भी अगले ओवर में पवेलियन लौट गए। गिल ने 78 गेंद में 112 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई।

कोहली 36, किशन 17 और सूर्यकुमार यादव 14 रन बनाकर आउट हो गए। 81 रन के अंदर भारत ने पांच विकेट गंवा दिए। वॉशिंगटन सुंदर भी नौ रन बनाकर आउट हो गए।

## विश्व कप हॉकी : ऑस्ट्रेलिया ने स्पेन को हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा

**भुवनेश्वर।** तीन बार की हॉकी विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अपने चौथे खिताब की ओर कदम बढ़ाते हुए मंगलवार को हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में स्पेन को 4-3 से मात दी। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में जेरेमी हेवर्ड (32वां, 36वां) ने विजेता टीम के लिये दो गोल किये, जबकि फ्लिन ओगिल्वी (29वां) और एरन जलेउस्की (31वां) ने एक-एक गोल किया।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन सितसिपास, अजारेंका क्वार्टरफाइनल में

**मेलबर्न।** दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका और स्टेफानोस सितसिपास ने मंगलवार को अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यूनान के सितसिपास ने चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 6-3, 7-6(2), 6-4 से मात दी।




## आइसीसी की टेस्ट टीम में शामिल हुए ऋषभ पंत, बेन स्टोक्स बने कप्तान



**नयी दिल्ली।** आइसीसी ने साल 2022 की टेस्ट टीम का एलान कर दिया है। इस टीम में दुनिया भर उन खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिन्होंने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में गेंद और बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया। इस टीम की कमाल इंग्लैंड के बेन स्टोक्स को दी गई। इस टीम में सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के हैं, लेकिन इंग्लैंड के बेन स्टोक्स को टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस टीम में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। ऋषभ पंत ने 2022 में भारत के लिए कुल 12 टेस्ट पारियों में 680 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 61.81 और स्ट्राइक रेट 90.90 का रहा। इस दौरान उनके बल्ले से दो शतक और चार अर्धशतक निकले। पिछले साल उन्होंने टेस्ट में 21 छक्के लगाए। इसके साथ ही विकेट के पीछे 29 शिकार किए, जिसमें छह स्टंपिंग और 23 कैच शामिल हैं।

**साल 2022 की आईसीसी टेस्ट टीम**

उस्मान ख्वाजा, क्रैग ब्रेथवेट, मार्नस लाबुशेन, बाबर आजम, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), पैट कमिंस, कगिसो रबाडा, नाथन लियोन, जेम्स एंडरसन।



## स्पीड न्यूज

### दुमका में प्रेमिका पर जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

**दुमका।** शादी से इन्कार पर प्रेमिका पर जानलेवा हमले के आरोपित प्रेमी बाघाशोल गांव निवासी फुलेश्वर मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि घटना को बीते शनिवार शाम की है। पीड़ित को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### गणितज्ञ बीके सिंह ने डीपीएस चास के विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

**चास/ बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के संस्थापकों में से एक बीके सिंह ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं हेतु डीपीएस चास के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी पुस्तकों के अलावा अन्य पुस्तकों का स्वाध्याय करना चाहिए। सत्र के दौरान श्री सिंह ने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत कीं, साथ ही गणित के पेचीदा सवालों का सरल तरीके से समाधान के गुर भी सिखाए। मौके पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस. मोहन ने बोर्ड परीक्षाओं से पहले इस तरह के सत्र को काफी सराहनीय बताया और प्रभारी प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि विद्यालय बच्चों के विकास हेतु हर संभव प्रयास कर रहा है। डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल ने बच्चों के विकास के लिए विद्यालय द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास की सराहना की।

### डीसीए-एसपी ने किया परेड का निरीक्षण



**बोकारो।** 74वें गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी के क्रम में पुलिस लाइन मैदान में परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ।डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी चंदन झा द्वारा परेड के निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उपायुक्त व एसपी ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड से संबंधित कई दिशा - निर्देश दिए। मौके पर डीडीसी कीर्तीश्री जी., एडीसी सादात अनवर, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीएसपी मुख्यालय मुकेश कुमार, पूनम मिंज, ओएसडी विवेक सुमन, डीपीआरओ राहुल भारती, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अभिनित सुरज, मेजर अजीत कुमार झा, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। पूर्वाभ्यास परेड में कुल 13 प्लाटून शामिल हुए। उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि पूरे हर्षोल्लास के साथ 74वें गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। संबंधित पदाधिकारियों को कुछ जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया।

### क्या गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से 2024 मे चुनाव नहीं लड़गे सीपी चौधरी

**बेरमो।** इन दिनों गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से वर्ष 2024 में चुनाव लड़ने को लेकर आजसू के अंदर काफी मंथन हो रहा है। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान सांसद सीपी चौधरी आगामी संसदीय चुनाव नहीं लड़ने के संबंध में बात कही है। जिसके कारण मंथन शुरू हुआ है। सूत्रों का कहना है कि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो या गोमिया विधायक लंबोदर महतो मे से किसी एक के चुनाव लड़ने की चर्चा आजसू के अंदर हो रही है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से सांसद सीपी चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को उप चुनाव लड़ाने पर सहमति बन गई हैएऐसा बताया जाता है। लेकिन वर्ष 2024 में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी खुद विधानसभा चुनाव लड़ सकते है। अिब देखना यह है कि संसदीय चुनाव को लगभग 16 महीने शेष बचे हैं तो इस बीच आजसू गिरिडीह से संसदीय चुनाव लड़ने के लिए किसे जिम्मेवारी सौपता है।

# गिरिडीह में चार हजार घूस लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार

एजेंसी

**गिरिडीह।** एसीबी की टीम ने मंगलवार को गिरिडीह के पीरटांड में छापेमारी कर एक पंचायत सचिव को रंगे हाथों चार हजार रुपये घूस लेते पकड़ा है। गिरफ्तार पंचायत सचिव सहदेव महतो पीरटांड प्रखंड के खरपोका में कार्यरत है।
यह जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रमंडलीय कार्यालय धनबाद के एसपी ने दी है। उन्होंने बताया है कि खुखरा थाना इलाके के खरपोका निवासी नबीहसन ने आवेदन देकर सूचित किया था कि खरपोका पंचायत के विराजपुर टोला में मो. सैय्यद के घर से मो. सलमान के घर तक पैबर ब्लॉक निर्माण का कार्य 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत किया गया लगभग 2.40 लाख का है। इस योजना का कार्य करने के लिए अब तक 1.45 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।

शेष बची राशि की निकासी के लिए खरपोका के पंचायत सचिव सहदेव महतो चार हजार रुपये की मांग कर रहा है। इस शिकायत के बाद मामले की जांच की गई। शिकायत सत्य मिलने के बाद 23 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई। टीम 24 जनवरी को पीरटांड़ पहुंची और झोपड़ीनुमा होटल में पंचायत सचिव को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## गिरिडीह में नक्सलियों ने ठेकेदार से मांगी दस लाख की लेवी

**गिरिडीह।** भेलवाघाटी इलाके के गुणियाथर में पुल निर्माण का कार्य में लगे कोडरमा के रामटहल चौरसिया कंपनी के ठेकेदार से नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दस्ते ने मंगलवार को दस लाख की लेवी की मांग की है।

हालांकि, पुलिस इसे शरारती तत्वों की करतूत भी बता रही है लेकिन गुणियाथर इलाके के कई हिस्सों में नक्सलियों ने लेवी से जुड़ा पर्चा फेंक कर और दीवारों में चिपका कर लेवी की मांग की है। वैसे नक्सलियों ने पर्चा कब



चिपकाया, ये तो स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन मंगलवार सुबह जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची और मौके से पर्चा को जब्त कर जांच-पड़ताल कर रही है।

## चाईबासा में आईईडी ब्लास्ट में युवक गंभीर रूप से घायल

एजेंसी

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के गोइलकेरा प्रखंड अंतर्गत कुरकुटिया गांव के पास मंगलवार को आईईडी ब्लास्ट में एक युवक घायल हो गया। घायल ग्रामीण माटा अंगरिया गोइलकेरा प्रखंड के हाराहासा पंचायत के कटम्पा वन ग्राम का निवासी है।

घटना के बाद गोइलकेरा पुलिस के सहयोग से घायल युवक को गोइलकेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसकी स्थिति को देखते हुए उसे डॉक्टर ने चाईबासा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गोइलकेरा प्रखंड के हाराहासा पंचायत के कटम्पा वन ग्राम का निवासी माटा अंगरिया मंगलवार को चाचा चोकरो अंगरिया के साथ गोइलकेरा बाजार जा रहा था। तभी कुरकुटिया गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाया गया आईडी ब्लास्ट हो गया, जिससे उसके पैर और शरीर में अन्य जगहों पर चोट लगी है।

# देवघर में आग लगने की घटना की जांच के लिए कमेटी गठित

एजेंसी

**देवघर।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर गत दिनों बाबा बैद्यनाथ मंदिर से सटे लक्ष्मी पंसारी की दुकान में आग लगने की घटना को संज्ञान में लेते हुए जांच कमेटी का गठन किया गया है।

जांच कमेटी में ममता मराण्डी परीक्ष्यमान उप समाहर्त्ता, कार्यपालक अभियंता, विद्युत



आपूर्ति प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी एवं मंदिर थाना प्रभारी को नामित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र आपदा के दृष्टिकोण से संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण है। ऐसे में आग लगने के कारणों की एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा कर एक प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए जांच कमेटी का गठन किया गया है।

# संकुल स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय शिवपुर में मंगलबार को संकुल स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शिवपुर संकुल के कुल 22 विद्यालयों के प्रभारी भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक सीआरपी राजेन्द्र प्रसाद ने नेशनल एचीवमेंट सर्वे और फाउंडेशनल लिटरेसी स्टडीज पर शिक्षकों को बारीकी से चर्चा की एवं इस पर अमल करने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति और निपुण भारत मिशन के विभिन्न तथ्यों से सभी शिक्षकों को अवगत कराया। वहीं प्रशिक्षक ने सभी शिक्षकों को अपने अपने विद्यालयों में अधिगम प्रतिफल पर विशेष जोर देने एवं निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया की विद्यालयों में बच्चों के बीच लर्निंग गैप को कैसे कम किया जाय, जिस पर सभी को कार्य करना है। उल्लेखनीय हो की कोविड महामारी में लंबे अंतराल तक विद्यालय बन्द होने की वजह से बच्चों के अधिगम स्तर में अंतर है, जिसे कम करने के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। प्रखंड के सभी संकुल मध्य विद्यालय बासोडीह, मध्य विद्यालय खुट्टा, मध्य विद्यालय मीरगंज, मध्य विद्यालय समयडीह में सीआरपी और बीआरपी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मो. शहजाद, बीरेंद्र कुमार, सन्तोष कुमार, विष्णु प्रसाद, मान सिंह पासवान, अर्चना कुमारी, नीता कुमारी, पूनम प्रसाद, संजय दीक्षित, प्रणव मुरारी, देवनन्दन यादव, मुकेश कुमार समेत सभी विद्यालय के प्रभारी मौजूद थे।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**कोडरमा।** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में फाइलेरिया विलोपन के उद्देश्य को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी सीएचओ, एमपीडब्ल्यू एवं बीटीटी को राज्य स्तर से नामित जिला भीबीडी सलाहकार हजारीबाग मैमुर सुल्तान द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। वहीं उन्होंने बताया कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक होने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (सर्वजन दवा सेवन) कार्यक्रम में सभी विभाग की भागीदारी आवश्यक है, इस हेतु ग्राम स्तर पर सहिया द्वारा माइक्रोप्लान तैयार किया जाना है। तत्पश्चात माइक्रोप्लान के आधार पर फाइलेरिया रोधी दवा, डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की गोली एचएससी, सहिया तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उपलब्ध कराया जाएगा एवं फाइलेरिया विलोपन हेतु सभी जिले वासियों को दवा सेवन कराया जाना है। वहीं उन्होंन कहा कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं खिलाया जाना है। वहीं केयर इंडिया के डीपीसी प्रभाष कुमार द्वारा दवा तथा विभिन्न प्रकार के प्रारूप भरने, दवा खिलाने संबंधी जानकारी दी गयी। मौके पर एफएलए शंभू कुमार, डीडीएम पवन कुमार, डीयूएचएम विनीत अग्निहोत्री, ललन कुमार राणा, मुकेश राणा, सागर कुमार राम, जगदीश शर्मा आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## पवन अग्रवाल ने चलाया सघन जन संपर्क अभियान



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाडी सम्मेलन में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पवन अग्रवाल ने जुगसलाई में सघन जन सम्पर्क अभियान के माध्यम से समाज के लोगो से संपर्क किया। पवन ने लोगो से कहा चुनाव में मत देने के पहले कामो का मूल्यांकन जरूर करे। अपना समाज जागरूक है नाम नही समाज काम के आधार पर मतदान करेगा। कुछ लोग सिर्फ बड़े नाम के आधार पर मत प्राप्त करना चाहते है जो नही होने वाला। समाज के कसौटी पर जो खरा उतरेगा वही समाज का नेतृत्व करेगा। पद प्राप्त करना और पद के साथ न्याय करना दोनो अलग है। पद कोई शोभा की वस्तु नही अपितु सेवा का माध्यम होना चाहिए। पवन ने कहा कि हमने अपने द्वारा किये गए कार्यो को समाज के सामने पेश किया है बाकी लोगो ने समाज के लिए अब तक क्या किया है इसकी चर्चा समाज मे करनी चाहिए ताकि आकलन कर सके। पवन ने जुगसलाई में समाज के लोगो से कहाँ हमारा प्रयाश होगा कि मारवाडी सम्मेलन के माध्यम से समाज के संस्थाओ से समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाना चाहिए। ताकि समाज मे एकजुटता और ज्यादा हो। जनसंपर्क के क्रम में लोगो ने भरपूर समर्थन का भरोसा दिलाया। इस अभियान में महावीर अग्रवाल, बिमल अग्रवाल, मुरारी लाल गोयल,बसंत अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल थे।

# बसंत पंचमी की तैयारियां जोरों पर

## मूर्तिकार मां सरस्वती की मूर्ति का अंतिम रूप देने में जुटे

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जिले में बसंत पंचमी पूजा की तैयारियां जोरों पर है। ठंड के बावजूद मूर्तिकार दिन-रात कड़ी मेहनत कर प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। ज्ञात हो कि इस बार गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी का त्यौहार एक ही दिन मनाया जायेगा। विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा इस वर्ष 26 जनवरी को आयोजित होगी। जिले से लेकर ग्रामीण इलाकों में भी सरस्वती पूजा की तैयारी को लेकर युवा वर्ग में खासा उत्साह है। वहीं मूर्तिकार अजय पंडित ने कहा कि इस बार एक से बढ़कर एक मूर्ति बनाई गई है। इस बार 5 फीट से लेकर 7 फीट की मूर्ति की ज्यादा मांग है। कई शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों द्वारा मां की प्रतिमा की सुंदरता देखकर पहले ही बुकिंग कर ली गई है और कई लोग अभी भी आर्डर दे रहे हैं। वहीं मूर्तियों की बनावट के अनुसार उसका मूल भी निर्धारित किया गया है। उन्होने कहा हमारे पास 1500 से लेकर 16000 रुपए तक की मूर्तियां बनाई गई है। कई शिक्षण संस्थानों में छोटी मूर्तियों की डिमांड रहती है, इसलिए अधिकतर मूर्तियां छोटी-छोटी ही बनाई जाती है। कमेटियों, क्लबों द्वारा डिमांड के अनुसार बड़ी मूर्तियां बनाई जाती है, मूर्तिकार ने बताया कि पहले इस धंधे में ज्यादा आमदनी होती थी, परंतु अब कारीगरों की संख्या बढ़ जाने से पहले जैसी आमदनी नहीं है और हमारे यहां विगत 2 महीने से इस कार्य में 3 कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं।

# टाटा स्टील के आयरन ओर तथा मैंगनीज माइंस ने एमईएमसी सप्ताह में 12 पुरस्कार जीते

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोडा/ जमशेदपुर।** भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), भुवनेश्वर क्षेत्र के तत्वावधान में रविवार को आयोजित 24वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण (एमईएमसी) सप्ताह, 2022-23 में ओडिशा में टाटा स्टील की आयरन ओर तथा मैंगनीज माइंस को 12 पुरस्कार प्राप्त हुए।

टाटा स्टील की जोड़ा ईस्ट आयरन ओर माइन को ग्रुप -1 श्रेणी के तहत खनिज संरक्षण में प्रथम, समग्र प्रदर्शन में द्वितीय और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में तृतीय पुरस्कार मिला।

इसी प्रकार खोंदबोंद आयरन और मैंगनीज माइंस को खनिज संरक्षण में द्वितीय और खनिज परिष्करण में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा, टाटा स्टील की काटामाटी आयरन माइन ने पर्यावरणीय निगरानी में द्वितीय पुरस्कार जीता। ग्रुप-4 में जोडा वेस्ट मैंगनीज माइन को वनीकरण में प्रथम, समग्र निष्पादन में प्रथम, रिक्लेमेशन एवं रिहैबिलिटेशन में द्वितीय और प्रचार प्रसार में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार, बामेबारी माइन को डंप रिक्लेमेशन में प्रथम पुरस्कार और तिरिंगपहाड़ माइन को खनिज परिष्करण में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत श्रेणी में, अभिषेक पांडा, सीनियर मैनेजर (माइनिंग), खोंदबोंद माइन को पर्यावरण बंधु पुरस्कार मिला। संबंधित खानों के अधिकारियों ने आईबीएम के चीफ कंट्रोलर ऑफ माइंस (स्वतंत्र प्रभार) पंकज कुलश्रेष्ठ से पुरस्कार प्राप्त किए, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलश्रेष्ठ ने कहा, भारत सरकार के नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में हमें नेट-जीरो यात्रा में तेजी लाने में मदद करने के लिए अधिक शमन परियोजनाओं और कार्बन तटस्थता को विकसित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर आईबीएम के पूर्वी क्षेत्र के कंट्रोलर ऑफ माइंस वाईजी काले, आरएल मोहंती,अध्यक्ष, पूर्वी क्षेत्र खनन संघ, बीएल गुर्जर, क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भुवनेश्वर क्षेत्र, सरोज बनर्जी, चीफ, जोड़ा ईस्ट आयरन माइन, टाटा स्टील, शिरीष शेखर, चीफ, काटामाटी आयरन माइन, जीवी सत्यनारायण, चीफ, खोंदबोंद आयरन माइन, सभी खदानों के ऑपरेशन हेड, राज्य भर में विभिन्न खानों के अधिकारी, यूनियन के सदस्य और प्रतिनिधि उपस्थित थे। टाटा स्टील दुनिया भर में फैले अपने परिचालन के माध्यम से सस्टेनेबल खनन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रमाणित, कंपनी उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से रॉ मैटेरियल की दक्षता और संरक्षण सुनिश्चित करती है।

### अप्रैल में खेले जाने वाले हीरो सुपर कप टूनार्मेंट में भाग लेगी जमशेदपुर एफसी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी 2022-23 हीरो सुपर कप में भाग लेने के लिए तैयार है. अप्रैल में होने वाले इस टूनामेंट में भाग लेने वाली जमशेदपुर एफसी वह टीम है जो हीरो इंडियन सुपर लीग में खेलती है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने घोषणा की है कि 16 टीमें हीरो सुपर कप टूनामेंट में हिस्सा लेंगी और यह 8-25 अप्रैल 2023 के बीच आयोजित होगा।

ये टूनामेंट केरल में खेला जाएगा। कोच्चि, कोझिकोड और तिरुवनंतपुरम में से दो शहर इस साल टूनामेंट की मेजबानी करेंगे। मेन ऑफ स्टील 2022-23 हीरो आई-लीग के चैंपियंस के साथ स्वत क्वलीफिकेशन प्राप्त करने वाली 11 हीरो आईएसएल टीमों में शामिल होगी जबकि अन्य हीरो आई-लीग टीम चार शेष ग्रुप स्टेज स्पॉट के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

16 टीमों को चार-चार टीमों के चार ग्रुप में विभाजित किया जाएगा और वे सिंगल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## एक नजर में

### एनएसयूआई ने आरएसपी कॉलेज के प्राचार्य का किया घेराव

**धनबाद।** मंगलवार को आरएसपी कॉलेज कमेटी के उपाध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में एनएसयूआई की कॉलेज कमेटी ने कॉलेज प्रबंधन का घेराव किया और मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में एनएसयूआई ने निम्न बातों को प्रिंसिपल के समझ रखा, जैसे कि 11वीं 12वीं तथा युजी के विज्ञान , जीव विज्ञान , गणित , तथा वनस्पति विज्ञान के शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है और साथ में कक्षाओं की साफ-सफाई की बात भी कही गई । चुकी नियमित क्लास के लिए यह भी आवश्यक है कि कक्षा साफ सुथरा हो ताकि पठन-पाठन का उपयुक्त माहौल उत्पन्न हो सके। उपाध्यक्ष मोहित कुमार तथा अभिषेक कश्यप का कहना है कि कॉलेज में शिक्षकों की कमी तथा साफ-सफाई की कमी होने पर छात्र-छात्राएं किस प्रकार यहां अपना भविष्य बना पाएंगे अतः कॉलेज प्रशासन से एनएसयूआई या मांग करती है कि जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति तथा साफ सफाई की ओर कॉलेज प्रशासन ध्यान दें । निम्न मांगों पर प्रिंसिपल ने भी सहमति जताते हुए बतलाया की इन समस्याओं को दूर करने के लिए उचित कदम उठाया जाएगा, तथा वर्ष निश्चित करेंगे कि छात्रों को जागरूक कर के 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरा करवाया जाए।मौके पर शुभम कुमार , आशिकी अंसारी , राजीव यादव , रौनक कुमार , राहुल कुमार , माही कुमारी , साक्षी कुमारी , मीडिया प्रभारी सनी कुमार उपस्थित थे ।

### वन भोज सह मिलन समारोह

**बेरमो/तेनुघाट।** चित्रगुप्त महापरिवार का वन भोज सह मिलन समारोह मनाया गया जिसमें जिले भर के कायस्थ समाज के लोगो ने भाग लिया। वंही समाज के लोगो ने कायस्थ समाज से जीते वैसे सभी व्यक्ति व समाज के उत्थान में लगे लोगो को बुके व सार्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया। वंही इस कर्यक्रम में तेनुघाट पंचायत की मुखिया श्रीमाती नीलम श्रीवास्तव व बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति को भी समाज के लोगो के द्वारा सम्मानित किया गया। वंही तेनुघाट पंचायत की मुखिया नीलम श्रीवास्तव ने कहा यदि समाज के लोग इस तरह से यदि एक जुटता दिखाते है तो वे समय दूर नही की हम लोग भी फिर से राजनीतिक में दम भर सकते है और अपने बातो को किसी भी मंच से रख सकते है जबकि पूर्व से ही हमलोगों का राजनीतिक से नाता रहा है और सबसे बड़ी बात तो यह है कि अपने समाज को रोजगार से जोड़ना यदि सक्षम लोगो कुछ रोजगार किये हुए हो तो अपने लोगो को जोड़ने का कोशिश करें। वंही निहारिका सुकृति ने कही की हम महिलाए किसी से कम नहीं है सिर्फ कदम बढ़ाने की बात है। इस मौके पर अनूप कुमार सिन्हाए संतोष कुमार श्रीवास्तवए स्वति सिन्हाए प्रतिमा सिन्हाए कुन्दन कुमार सिन्हाए पंकज कुमार सिन्हा सहित कई लोग उपस्तिथत थे।

### महायज्ञ से जनकल्याण के लिए विचारों में बदलाव होगा

**बेरमो।** श्रमिकों एवं ग्रामीणों के अच्छे जीवन शैली के लिए आयोजन जरूरी। सीण्सीण्एलण के कथारा क्षेत्र के अंतर्गत कथारा 4 नंबर के निकट श्रमिकों एवं ग्रामीणों के द्वारा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 30 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित होना है। इस आयोजन के संदर्भ में महायज्ञ समिति के लोग सीण्सीण्एलण के सीएमडी पीण्एमण प्रसाद से मिलकर पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी साथ ही महायज्ञ में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। आत्मीय भाव से सीण्सीण्एलण सीएमडी पीण्एमण प्रसाद ने कहा ऐसे आयोजन से वातावरण में शुद्धी तथा लोगों में अच्छे विचार आएंगे जो मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। महायज्ञ से हमारे श्रमिक हमारा बृहद सीण्सीण्एलण परिवार में सुख.शांति और समृद्धि हो इसकी कामना है। हर संभव सहयोग सीण्सीण्एलण परिवार की ओर से प्रदान किया जाएगा। ऐसे आयोजन से समाज प्रेरित होकर अपने कर्तव्य मूल्यों का निर्वाह करें तो निश्चित रूप से प्रतिष्ठानए क्षेत्र समाज और देश का हित होगा। महायज्ञ में स्वयं शामिल होकर जन कल्याण के लिए पूजा करूंगा। यज्ञ समिति के सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा स्थानीय प्रबंधन के सकारात्मक सहयोग से आयोजन को सफल किया जाएगा। निश्चित रूप से क्षेत्रीय प्रबंधन का सहयोग मिल रहा है। पूरे कार्यक्रम की निगरानी की जायजा कथारा महाप्रबंधक हर्षद दात्तारए परियोजना पदाधिकारी बीण्केण साहूए परियोजना पदाधिकारी विजय कुमारए खान प्रबंधक जीण्एसण मीनाए क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी आरण्केण सिंहए कार्मिक प्रबंधक गुरु प्रसाद मंडल के द्वारा किया जा रहा है। सीण्सीण्एलण सीएमडी से यज्ञ समिति के वेदव्यास चौबेए विजय यादवए अशोक यादव और संतोष राम गोड मिलकर आमंत्रण देते हुए सीण्सीण्एलण कथारा परिवार की ओर से नववर्ष की शुभकामना भी दी । सीण्सीण्एलण प्रतिष्ठान के निरंतर विकास की कामना की।

### झंडोत्तोलन को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड सह अंचल सभागार में मंगलवार को वीडियो वैद्यनाथ उरांव की अध्यक्षता में झंडोत्तोलन को लेकर बैठक की गई। बैठक में झंडोत्तोलन पर कई चचाएं की गई एवं झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया। मौके पर थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह, डॉ. केडी चैधरी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संतोष कुमार, बीईओ शेख शकील अहमद, कस्तूरबा विद्यालय विभा कुमारी आदि मौजूद थे।

### भाई ने टैंकर चालक की पहचान की

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घाटी स्थित जमसोती नाला के पास रविवार को गैस टैंकर और ट्रक? के बीच हुई टक्कर में जलकर हुई गैस टैंकर के चालक की। पहचान 36 वर्षीय इंद्रजीत कुमार ठाकुर बिहार के सीवान जिला अंतर्गत ग्राम भानपुर निवासी के रूप में की गई है। चालक की मौत की सूचना पर मृतक के छोटा भाई चंदन ठाकुर ने सोमवार को सदर अस्पताल पहुंचकर अपने मृत भाई का पहचान किया। पुलिस को उसने बताया है कि उसका भाई इंद्रजीत कुमार ठाकुर नेपाल से गैस खाली कर ओडिशा पारादीप जा रहा था।

### पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने योगासन की अपील की

**कोडरमा।** झारखंड राज्य पेंशन समाज जिला शाखा कोडरमा के अध्यक्ष नारायण मोदी के 81 वर्ष पूरे होने पर उनका पेंशनर समाज कार्यालय में जन्म दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य प्रवरण वेतनमान संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष गिरिजा नंदन प्रसाद सहित सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। समाज के सभी सदस्यों ने उनके दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की। साथ ही इसी तरह आगे भी पेंशनर समाज की सेवा करते रहने का आग्रह किया। अध्यक्ष नारायण मोदी ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों से हमेशा कार्यों में व्यस्त रहने, योगासन करने एवं तनाव मुक्त जीवन व्यतीत करते हुए परोपकार करते रहने की अपील की। मौके पर रामनरेश चैधरी, राजेंद्र मिष्टकार, नरेश झा, सुभाष शर्मा, राजेंद्र सिंह, रामदेव मंडल, सिद्धेश्वर प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद, जय जय राम एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### उमराह के लिए मदीना जाने पर मुल्क की सलामती की दुआ की अपील

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत तेतरोन पंचायत स्थित अंबाडीह निवासी मुहम्मद मकबूल के उमराह करने के लिए मदीना शरीफ जाने पर पंचायत के लोगों ने उनसे अपने मुल्क हिंदुस्तान की बेहतरी की दुआ करने की अपील की। इस दौरान मुहम्मद मकबूल ने एक जूलूस की शक्ल में नाते नबी पढ़ते हुए निकलकर सभी लोगो से मिले। वहीं उप मुखिया सलीम अंसारी सहित पंचायत के लोगों ने मदीना पहुंचकर नबी की बारगाह में उनका सलाम पहुंचाने की अपील की। मौके पर मुबारक अंसारी, मनौवर हुसैन, इब्राहिम अंसारी, मुस्ताक अंसारी, अब्दुल जलील, सिराज व अन्य मौजूद थें।